
# बिहार भाजपा संगठन में एक तिहाई महिलाएं होगी

● **डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा है कि बिहार भाजपा संगठन में अब एक तिहाई महिलाएं पदाधिकारी होगी। फिलहाल जिलों में बनने वाली कमेटी से इसकी शुरुआत की जा रही है। बिहार प्रदेश कार्यालय के एक बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों की बैठक में यह फैसला हुआ। इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने कई और अहम निर्णय लिए । इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति का गठन होने वाला है। इसमें दो उपाध्यक्ष और 20 सदस्यों में इसमें दो महिला दो उपाध्यक्ष और 20 सदस्यों में इसमें दो महिला, दो एसी-एसटी अति पिछड़ा एवं पिछड़ा का कोटा तय कर दिया गया है। जिला कार्य समिति 91 सदस्यीय कमेटी बनेगी। इसमें 30 महिलाएं छह अनुसूचित जाति जनजाति के नेताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। जिला अध्यक्षों को साफ-साफ कहा गया है कि कमेटी में कम से कम 33  फीसदी महिलाएं और 10 फीसदी अनुसूची जाति - जनजाति के नेताओं को जगह दी जाए। इसमें  20 पदाधिकारी होंगे। इसमें 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री और एक कोषाध्यक्ष होंगे। पदधारकों में सात महिलाएं और दो अनुसूचित जाति - जनजाति को दायित्व दिया जाएगा। जिला अध्यक्षों को सरकार और संगठन में समन्वय बनाकर आम लोगों की समस्या को जानने और समाधान करने को कहा गया है। बूथ  स्तर पर संघटनात्मक बैठक करने मिशन 2025 का लक्ष्य पूरा करने के लिए अभी से ही जुट जाने को कहा गया है। पार्टी के 77,895 में से 52,000 से अधिक बूथ कमेटी गठित हो चुकी है। बिहार भाजपा के भाग्य विधाता इस बैठक में रहने वाले उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री मंगल पांडे, क्षेत्रीय सह संगठन महामंत्री नरेंद्र नाथ, संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, मिथिलेश तिवारी, राजेश शर्मा, ललन मंडल, शिवेश राम, अनिल शर्मा, जगन्नाथ ठाकुर मौजूद रहे। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने इन नेताओं को कहा है आप लोग चेहरा से घूंघट हटाकर पहले संगठन बनाने का तरीका सीख लें, इसके लिए पंडित दीनदयाल का पॉलीटिकल डायरी पढ़ना होगा। पंडित दीनदयाल ने बताया है कि हम किसे वोट दें। यह पुस्तक पढ़ने के बाद कार्यकर्ताओं को संगठन बनाने का तरीका सिखाएं। 2025 का चुनाव चुनौती है। अभी तक सीधे-साधे कार्यकर्ताओं को तीन ही मंत्र सिखलाया गया है, कार्यकर्ताओं से नारा लगवाना, माला पहनना, और फोटो खिंचवाना।●








# भारत में 40 फीसदी महिला डॉक्टर कर रही है तनाव का सामना

● **डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह**

मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों और डॉक्टर में आम लोगों के मुकाबले आत्महत्या का खतरा अधिक होता है। तनाव की वजह से आत्महत्या का सबसे अधिक खतरा महिला डॉक्टरों को है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में छपे एक शोध के अनुसार महिला डॉक्टर में आत्महत्या का खतरा आम लोगों के मुकाबले 24 फीसदी अधीक है। मनो चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर ओमप्रकाश ने इसी जर्नल  में प्रकाशित अपने जवाब  बताया कि भारत के अध्ययन के मुताबिक 40% महिला डॉक्टर बेहद तनाव में काम करती है। इसकी वजह मानसिक स्वास्थ्य विकारों के बढ़ते जोखिम से जुड़ी हुई है जिसमें आत्महत्या के विचार भी शामिल है इस समस्या से निपटने के लिए आवश्यक है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में लिंग संवेदनशील रणनीतियों को लागू किया जाए। डाॅ. एमबीबीएस के बाद स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनने के लिए पीजी की  परीक्षा की तैयारी करते हैं। हालांकि पढ़ाई और काम के तनाव के बीच बड़ी संख्या में डॉक्टर बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के एक आरटीआई के जवाब में बताया कि बीते 5 सालों में 1270 मेडिकल छात्रों ने पढ़ाई बीच में छोड़ दी इनमें 153 एमबीबीएस और 1117 पीजी में दाखिला लेने वाले छात्र थे जो एमबीबीएस के बाद स्पेशलिस्ट डॉ  बनने के लिए पीजी के परीक्षा की तैयारी करते हैं। हालांकि पढ़ाई और काम के तनाव के बीच भारी संख्या में डॉक्टर बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने एक आरटीआई के जवाब में बताया कि बीते 5 सालों में 1270 मेडिकल छात्रों ने पढ़ाई बीच में छोड़ दी, इनमें 153 एमबीबीएस और 1117 पीजी में दाखिला लेने वाले छात्र थे जो एमबीबीएस के बाद स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनना चाहते थे।



एक दशक में 300 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी जान दी। आम लोगों के मुकाबले महिला डॉक्टरों में आत्महत्या का खतरा एक चौथाई  अधिक है। भारत में 40 फीसदी महिला डॉक्टर भारी तनाव में काम करती है। 5 सालों में 1270 डॉक्टरों ने बीच में छोड़ी। 10 सालों में 358 डॉक्टरों ने आत्महत्या की। सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सा के दो लक्ष्मीनारायण सिंह पटेल ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा से आत्महत्या रोकी जा सकती है।●

# भाजपा सत्ता चाहती है तो अपराध और भ्रष्टाचार से दूरी बनानी होगी : ममत पटेल

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

भाजपा नेत्री एवं नगर के। पूर्व मंत्री ममता पटेल ने कहा कि आज पूरा बिहार अपराध की नगरी और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। अब तो घर के अंदर भी लोग असुरक्षित हैं। लाशों की कतारें सजती जा रही है, परंतु भाजपाई नेता या कार्यकर्ता इस पर चर्चा तक नहीं करना चाहते हैं। लेकिन सत्ता चाहिए तो सभी प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी को ऐसी रूम से निकलकर जनता के बीच जाकर जन समस्याओं का समूचित समाधान करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में लगभग 430 योजनाएं चलाई जा रही है । अधिकांश योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को भी जानकारी नहीं है। भाजपा यदि सत्ता चाहती है प्रदेश के सभी पदाधिकारी, विधायक सांसद और मंत्री सभी योजनाओं को एवं लाभार्थियों की सूची घर-घर पहुंचना होगा। योजनाओं को देख-रेख करने के लिए सर्व दलीय कमेटी बनाना चाहिए।जिस कमेटी में आधा महिला आधा पुरुषों होंगेघ। इस कमेटी प्रखंड, अंचल , नरेगा आदि का निगरानी करेगी। जेलों में आधा से ज्यादा निर्दोष व्यक्ति भरे पड़े हैं। सीआईडी विभाग से जांच करवा कर सभी को जेलों से बाहर निकालने कि जरुरत। ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करना होगा, ठेकेदारी प्रथा और ईमानदारी साथ-साथ नहीं कर सकती है। ठेकेदारी प्रथा के कारण ही बड़े बड़े निर्वाणा धीन पुल,



सड़क आदि समय से पहले ध्वस्त हो जाता है। भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर के समान है जो ने केवल शासन व्यवस्था को खोखला करता है बल्कि आम नागरिक का विश्वास भी कमजोर करता है। ऐसे में इस बैध आय के रूप में स्वीकार करना न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा बल्कि इसे सामाजिक और कानूनी मान्यता भी प्रदान करेगा। भ्रष्ट तरीके से कमाये गए धन को इसके आए में गणना कर उसे बैध कैसे बनाया जा सकता है। यदि कोई कर्मचारी भ्रष्ट तरीका से धनोपार्जन करता है तो उस पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए ना कि उसके धनघ में शामिल कर उस कर निर्धारित कर बैध बनाया जाए। आवश्यकता इस बात की है कि भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो उनकी सम्पत्ति जप्त की जाए। उन्हें सेवा से निष्कासित किया जाए। भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए सख्त नीतियों और प्रभावी निगरानी तंत्र की आवश्यकता है। न कि उसे वैध बनाकर सामाजिक व्यवस्था और भी अधिक बिगाड़ने की।

भ्रष्टाचार को बैध आय में शामिल करने का विचार उस उद्देश्य के पूरी तरह विपरीत है जिसके लिए सरकार काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए कि भ्रष्टाचार के सभी स्रोतों को समाप्त किया जाए और निष्ठावान कर्मियों को पुरस्कृत किया जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर एक विधायक एवं मंत्री को 8 हजार 500 रुपए महीना मोबाइल रिचार्ज के लिए मिलता है जबकि एक महिना में 300/400 रुपए के आसपास लगता होगा, यदि दोनों कान में लगाए रहना चाहते होंगे तो 800 रुपए महीना के आसपास लगेगा। यदि पत्नी के लिए भी चाहिए दो रिचार्ज चाहिए तो भी 1600 रुपया लगेगा। इससे ज्यादा पैसा वापस कर दें इससे भाजपा के छवि सबों से जनता के बीच अलग हो जाएगी। संगठन बनाने में सुंदर चेहरा ना देखें बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों का आकंड़ा इकठ्ठा करें कि मंडल और जिला के उम्मीदवार भ्रष्टाचार के खिलाफ कितने बार आंदोलन किया हो, आंदोलन में प्रखंड पर धरना जुलूस प्रदर्शन ,अनशन ,आमरण अनशन का इतिहास रहा हो।●

रंगों का त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
-: निवेदक :-
खुर्रम खान
वार्ड पार्षद, करमडीह पंचायत
अध्यक्ष, युवा आरजेडी, आमस ब्लॉक





# पी.के. के नेतृत्व में मनायी गयी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

● अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह

ऐतिहासिक पाटलीपुत्र की धरती पटना मिलर हाईस्कूल के मैदान में जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह का आयोजन प्रशांत किशोर के नेतृत्व में पूर्व एमएलसी डॉ० रामवली सिंह चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजन की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन द्वीप प्रज्जवलित कर प्रशांत किशोर, डा0 रामवली सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री देवेन्द्र यादव उपाध्यक्ष ललन जी ने संयुक्त रूप से कई गणमान्य लोगा ने किया। उसके वाद प्रार्थना सभा में ''इतनी शक्ति हमे देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना..''से गुंजा मिलर स्कूल का मैदान विरोधियो ने पसीने छुटे। बिहार के इतिहास में पहली वार अतिपिछड़ो के रहनुमा, हितैसी हमलोगो के बारे में राजनीतिक भागीदारी देने का काम किया है। जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वी जयंती पर जन सुराज के सुत्रधार प्रशांत किशोर ने पटना के मिलर हाई स्कूल ग्राउण्ड में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जन सुराज पार्टी अगामी विधान सभा चुनाव में अतिपिछड़ा समाज को 243 में 70 सीट लोगो को टिकट देगी। जन सुराज न सिर्फ उन्हे टिकट देगी वल्कि चुनाव लड़ने के लिए संसाधन भी मुहैया करायेगी। उन्होने एनडीए और महागठबंधन को चुनौती दी की दोनो मिलकर भी अतिपिछड़ा समाज के 70 लोगो को टिकट नहीं दे सकते। लाठी की चोट का जबाव वोट की चोट से देना होगा। जिन लोगो ने इस कड़ाके की ठंड में आपके बच्चो की लाठी से पिटवाया है उनको सता से बाहर करना है उन्होने हाल ही में ठच्ैब् छात्रो पर पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज का जिक्र करते हुए कहा कि हजारो करोड़ में सीट बेची गई। जब छात्रो ने पेपर लीक का विरोध कियाा तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया। लाठी चलाने वाली पुलिस ने किसी छात्र से उसकी जाति नहीं पूछी, पुलिस ने सभी पर वर्वरता पूर्वक लाठियाँ वरपाई। इसलिए अब समय आ गया है कि इस कड़ाके की ठंड में आपके बच्चो को लाठियो से पिटवाये वालो का सता से हटा दिया गया। इस बार लाठी की चोट का जबाव वोट की चोट से देना है। भूमिहीनो को जमीन सबको पढ़ाई और रोजगार के लिए पूजा से ही समतामूलक समाज बनेगा, लालू और नीतीश ने समतामूलक समाज के नाम पर बिहार को बर्बाद कर दिया। प्रशांत किशोर ने कर्पूरी ठाकुर के सपनो के समतामूलक समाज की बात करते हुए कहा कि नीतीश और लालू ने समतामूलक समाज के नाम पर पिछले 35 सालो में बिहार को बर्बाद कर दिया है। प्रशांत किशोर ने कर्पूरी ठाकुर के सपनो के समतामूलक समाज की बात करते हुए कहा कि नीतीश और लालू ने समतामूलक समाज के नाम पर पिछले 35 सालो में बिहार को बर्बाद कर दिया है। पिछले 35 सालो से नेताओ ने सामाजिक न्याय के नाम पर सिर्फ जनता को लूटा है। इसके साथ दी। उन्होने समतामूलक समाज बनाने के लिए जन सुराज के 5 मंत्रो की जानकारी दी और कहा कि भूमिहीनो को जमीन, सबको सम्मान, शिक्षा, रोजगार के लिए पूंजी की उपलब्धता से ही समतामूलक समाज का निर्माण हो सकते है। अभी सिर्फ 8 जातियो के पास दो तिहाई जमीन है। 100 मे से 60 फिसदी भूमिहीन है। जन सुराज सता में आने पर तीन साल में भूमि सुधार लागू करेगी और जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनो का बिहार बनेगा। पूर्व डस्ब् डा0 रामवली सिंह चन्द्रवंशी ने कहा कि 2025 मे जन सुराज पार्टी की सरकार बनेगी। कपूरी जयंती पर ऐसा जन सैलाब आज तक पटना में नहीं हुआ था। मंच संचालन अमित विक्रम ने किया। मौके पर, विधान पार्षद अफाक अहमद, वरीय अधिवक्ता वाई वी0 गिरी, कर्पूरी ठाकुर की पौत्री डॉ0 जागृति ठाकुर, महिला अध्यक्ष सुभद्रा सहनी, डा0 एजाज अली, कमलेश सैनी युवा अध्यक्ष आनन्द मिश्रा, दानिश अली छण्ज्ञ मंडल समेत कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।●



# चंद्रवंशियों का स्वर्णिम काल फिर से आएगा : डॉ. प्रेम

● अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह

बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने नवादा में चंदेल भवन के शिलान्यास के उपरांत आयोजित चंद्रवंशियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर से चंद्रवंशियों का स्वर्णिम काल आने वाला है। चंद्रवंशी एक रहे, संगठित रहे, शिक्षित बने, रोजगार करे और रोजगार के अवसर पैदा करें। सरकारी योजनाओं का लाभ लें और राजनीति में अपनी भागीदारी बढ़ाएं। समाजसेवा में प्रमुख भूमिका निभाएं। आज देश के कर्म योगी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पिछड़ों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रखे हैं। जिनका लाभ हमारे लोग जरूर लें। 68 वर्षो के इतिहास में पहली बार ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। ओबीसी में से अति पिछड़ा को चिन्हित कर अलग करने के लिए और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए रोहिणी आयोग का गठन किया गया। जिसके अनुशंसा भी केंद्र सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। जल्द ही सरकार अनुशंसा के अनुरूप अमल करेगी। बिहार में भी 2005 में बनी नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार में हमने पिछड़ों को 20 प्रतिशत आरक्षण अति पिछड़ों को दिलाया है। नौकरी हो, शिक्षा हो या त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो, हमारी सरकार ने आरक्षण का लाभ दिलाया। विभिन्न प्रकार की राज्य सरकार की योजनाएं कृषि हो, पशुपालन, मत्स्य पालन हो, सहकारिता होए हर योजना में अति पिछड़ों के प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण को लागू कराया गया। हमारी सरकार ने विद्यार्थियों मैट्रिक प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होए पर 10,000 रूपये अंतर स्नातक में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने पर 25,000 रूपये और स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को 50,000 रुपये तक की आर्थिक मदद बिहार की एनडीए दे रही है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजनाए मुख्यमंत्री लघु उद्योग योजना, मत्स्य विपणन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क परिवहन योजना हो, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना, या फिर प्रधनमंत्री विश्वकर्मा योजना इन सब योजनाओं का लाभ हमारे लोग ले रहे। हम अपने लोगों से अपील करते हैं पहली प्राथमिकता शिक्षा की हो और दूसरी राजनीति में भागीदारी जरूर निभाएं। उन्होंने आगे कहा जब भी समाज











को हमारी जरूरत हो, किसी प्रकार की कठिनाई हो, मेरा दरवाजा हमेशा खुला है। मैं आपके हर सुख: दुख में आपके साथ खड़े हैं। आप संगठित रहे, आप एक जुट रहे। आप एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार ही विकास की गति को दोगुना करेगा। विकसित बिहार के सपने को पूरा करेगा।

डॉ० भीम सिंह राज्य सभा सांसद ने कहा कि चन्द्रवंशियो का गौरवशाली अंतित रहा है। जरासंध की भुजाओं मे दस हजार हाथी का बल था। इतिहास गवाह कि चन्द्रवंशियो का मगध पर 5000 ई तक शासन रहा है। उन्होने अपना पराक्रम से भगवान कृष्ण को 17 वार हराया और रणछोड़ की उपाधी श्री कृष्ण को दी। साथ ही भारत तथा अन्य देशों के 275 राजाओ को वंदी बनाया। महाभारत चन्द्रवंशियो का इतिहास रहा है। गैर जरूरी भावनात्मक मुद्धों के बहस में मत उलझो, विकासात्मक मुद्धों को तहजीह दो। ज्ञान के लिए पढ़ो और अधिकार के लिए लड़ो। उन्होने मुख्य रूप से कहा कि लोकसभा तथा विधानसभा में अतिपिछड़ी जातियों के लिए आबादी की समानुपाती आरक्षण की मांग उठायी। दुनिया में ताकत की पूजा होती है। अपने समाज को संगठित कर चटानी एकता का परिचय दें। सांसद विवेक ठाकुर ने जिले के विकास और अति पिछड़े समाज के विकास को लेकर अपने प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह का सफल बनाने में चन्द्रवंशी युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह अधिवक्ता व महासचिव प्रमोद सिंह चन्द्रवंशी समेत मोहन सिंह, गौतम कपूर चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार अधिवक्ता, राजकुमार, सुखदेव सिंह, आनन्द कुमार अधिवक्ता, युवा नेता लवकुश कुमार, जीवनलाल चंद्रवंशी आदि बढ़-चढ़कर जुटे हैं।●



# पांचो विधानसभा में देगे कड़ी टक्कर : डॉ. के.पी. सिंह

● अमित कुमार सिंह/अनिता सिंह

जिले के पांचो विधानसभा में शोषित वंचित एवं अति पिछड़ा समाज की बड़ी संख्या में टाउन हॉल नवादा में गरीबों के ठाकुर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई गई। सभा का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० केपी सिंह, डॉक्टर रवि शंकर , चेयरमैन प्रमोद चंद्रवंशी ,सुनील प्रजापति, संध्या सिंह, रेखा कुमारी एवं कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। डॉक्टर के पी सिंह ने कहा कि अति पिछड़ा समाज के 110 जाति में 23 जाति के जिला अध्यक्षों की सक्रिय रूप से भागीदारी दी हजारो हजार की संख्या मे मूल अति पिछड़ा जाति के नवादा टाउन हॉल मे जन सैलाब लाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी नवादा लोकसभा क्षेत्र में अति पिछड़ा समाज का कोई सांसद, विधायक ,एमएलसी नहीं बना, जबकि इनसे सरकार चलती है। जबकि अति पिछड़े जाति की आबादी 40 से 45 फीसदी है ।इसके बाद भी हमारी भागीदारी नगण्य है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल अति पिछड़ों को मान सम्मान नहीं देता है तो नवादा जिले के



पांचो विधानसभा में मूल अति पिछड़ा समाज का प्रत्याशी उतार कर कड़ी चुनौती देने का काम किया जाएगा। उन्होंने जननायक के विचारों पर अति पिछड़ों कों चलने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि टाउन हॉल जिला का सिरमौर होता है ,डीएम साहब को इस पर ध्यान देना चाहिए । अत: सौंदर्यीकरण करना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए लोकनायक की कर्मभूमि से सेखों दौरा आश्रम में जेपी के नाम पर पूषा कृषि विश्वविद्यालय की तर्ज पर यहां भी कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए ।एससी-एसटी के तर्ज पर अति पिछड़ों को अत्याचार निवारण कानून प्रदान किया जाए। नवादा में खुरी नदी का सौंदर्यीकरण किया जाए। गोविंदपुर विधानसभा में तीन डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए। रोहिणी कमिशन को सार्वजनिक किया जाए। मौके पर संस्थापक सदस्य जाहिर अनवर, अनवर भट्ट, भोला सिंह, कैलाश विश्वकर्मा, अरविंद अदरखी, राजकुमार शर्मा, पारस सिंह, शमीम मंसूरी, कमलेश सैनी, कृष्ण प्रसाद, मनोज केवट, मिलन सिंह, पंकज शर्मा, उमेश पाल, वार्ड पार्षद विनोद सिंह, डॉक्टर इशरत प्रवीण, दिनेश ताती, अमित सिंह चंद्रवंशी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, मुखिया, जिला परिषद, प्रमुख एवं वार्ड पार्षद सहित हजारों-हजार की संख्या में कई गणमान्य लोग मौजूद थे।●

# प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री ने 11 योजनाओं का दिया सौगात

● प्रो० रामजीवन साह

जमुई 1991 में जिला का दर्जा प्राप्त किया है, परन्तु यह ऐतिहासिक स्थल है। यहाँ त्रेताकालीन द्वापरकालीन पद चिन्ह अभी भी मौजूद हैं। कलयुग का तो कहना ही क्या है। जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान सुविधिनाथ का जन्म सदर जमुई प्रखंड के काकन में हुआ है और 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म खैरा प्रखंड के जन्मस्थान में हुआ है। इस ऐतिहासिक जिला जमुई में बिहार के विकास पुरुष एवं बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमारजी का प्रगति यात्रा के दौरान दिनांक सात फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को जमुई आगमन हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खैरा प्रखंड के गरही हेलीपैड पर पूर्वाह्न 11 बजे उतरना था, परन्तु वे 10.45 बजे ही वहां पहुंच गये,जो उनकी तत्परता और दूर्दशिता को दर्शाता है।



मुख्य मंत्री सर्वप्रथम बिहार का दूसरा सबसे बड़ा अपर किऊल गरही जलाशय योजना,जलाशय मतस्यिकि विकास योजना अंतर्गत केज-कलचर और भगवान महावीर की जन्मस्थली को जोड़ने वाली गरही-लछुआड़ सड़क एवं पुल योजना का निरीक्षण किये।तत्पश्चात मुख्य मंत्रीजी जमुई प्रखंड के सोनपे और सिकड़िया गाँव आ गये। यहाँ उन्होने खेल मैदान, जल जीवन हरियाली द्वारा निर्मित तालाब का, मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्र, महिला थाना, महिला स्नातक महाविद्यालय का उद्घाटन किये। इसके अतिरिक्त जीविका समूह द्वारा लगाये गए स्टॉल का निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने जमुई जिला का पहला महिला जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा से कहा कि आप भी महिला हैं, जीविका दीदी पर विशेष ध्यान दें।

**✯ प्रगति यात्रा में जमुई जिला को जो 11 सौगात मिले हैं, वे अग्रवत हैं :-**

☞ अपर किऊल जलाशय योजना का विस्तारीकरण और इससे निकलने वाली नहरों का पक्कीकरण किया जाएगा।

☞ गरही डेम का इको पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा।

☞ गरही से लछुआड़ जाने वाली सड़क पर किऊल नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा।

☞ गिद्धौर स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जाएगा।

☞ पत्नेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित और सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।

☞ हरनारायणपुर चौरा से सिकेरिया गाँव तक सड़क और पुल का निर्माण किया जाएगा।

☞ बरहट प्रखंड के डाढ़ा पंचायत में नकटी नदी पर दुर्गा मंदिर से पमैया तक पुल बनाया जाएगा।

☞ बरनार जलाशय योजना की पुनः समीक्षा कर नये स्तर पर योजना बना कर, उसे पुनः निर्माण किया जाएगा।

☞ चकाई में स्नातक महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

☞ चकाई ,जमुई सदर और सोनो प्रखंड, अलीगंज, बरहट और गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा।

☞ जमुई नगर के पास एक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाएगा साथ ही शूटिंग रेंज भी बनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम के प्रत्यक्ष गवाह जमुई की जनता के अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जलसंसाधन मंत्री विजय चौधरी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह, जमुई सांसद अरुण भारती, झाझा विधायक दामोदर रावत, जमुई विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार और जमुई जिले के जनप्रिय जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा बने। ●






# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने अररिया जिले को दी करीब 305 करोड़ रुपये की सौगात

## 449 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

● अब्दुल कैय्यूम

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 22 जनवरी को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड स्थित पंचायत हांसा से करीब 305 करोड़ रुपये की 449 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 159.15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की 404 योजनाओं का उध्घाटन तथा 145.50 करोड़ रुपये की लागत से 45 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत स्थित ग्राम बलुआ में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए बलुआ पोखर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस पोखर के चारों तरफ सीढी घाट का निर्माण करा दिया है। पोखरा का सौंदर्गीकरण भी ठीक ढंग से कराया गया है। यहां लोगों को आकर काफी अच्छा लगेगा। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। हम जब सांसद और केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूहों के कामों को देखा था। हमने देखा कि बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र थी। वर्ष 2005 में जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया। इसके बाद वर्ष 2006 में विश्व बैंक के कर्ज लेकर हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करना शुरू किया। स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम हमने ही दिया, इससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इसका नाम देश भर में आजीविका दिया। जीविका दीदियां काफी अच्छे ढंग से लोगों से बेहिचक बातचीत करती हैं, उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक हो रही है। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है। हमलोगों ने अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन कराना शुरू किया है। अब तक शहरी इलाकों में 28 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिससे 3 लाख से अधिक जीविका दीदियां जुड़ी हैं। हम जहां भी जाते हैं जीविका वीदियों से जरूर मिलते हैं और उनकी बातों को सुनते हैं। जो जरूरतें होती है उसे सरकार के स्तर से पूरा किया जाता है। इस



दौरान मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत लाभुकों को 4 करोड़ 27 लाख 23 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा की चाबी, 3158 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं 37896 जीविका दीदियों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग हेतु 104 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, कृषि यंत्र बैंक की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत अनुदानित बस की चाबी एवं 6 लाख रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हांसा पंचायत स्थित प्लस 2 राजकीय कृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के प्रांगण में बने खेल मैदान का रिमोट के माध्यम से उद्घ्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए काफी अच्छा खेल मैदान बन गया है। हमलोग खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार से मदद कर रहे हैं। विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा रही है। स्कूल प्रांगण में खेल मैदान के बनने से अधिक से अधिक विद्यार्थी भी खेल के प्रति प्रोत्साहित होंगे। प्लस 2 राजकीयकृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के रोबोटिक लैब तथा नेचर क्लास रूम (प्रकृति कक्षा) का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेचर क्लास रूम का दृश्य काफी आकर्षक है, यहां वृक्षारोपण कराया गया है। यह बहुत अच्छा है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चे ठीक ढंग से यहां घूम फिर सकें, इसके लिए यहां की भूमि समतल कराकर पेवर ब्लॉक लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत में नवनिर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घटान किया। अररिया जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन एवं



शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के छतियौना पंचायत का भ्रमण कर विकास कार्यो का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छतियौना पंचायत के वार्ड नंबर-9 के रिहीटोला में जीविका भवन तथा अररिया प्रखंड के आबिदा एंड शम्स मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट, बेलवां में 100 शैय्या वाले अल्पसंख्यक बाल छात्रावास के निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्याकता/तलाकशुदा योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योनजा का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजाना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र संबल योजनान्तर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी वितरित किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत संपोषित सितारा जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदी द्वारा खोली गई दुकान का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अररिया प्रखंड अंतर्गत मैनापुर में प्रस्तावित अररिया-कुर्ताकाटा-कुआरी-सिकटी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। जिसकी कुल लंबाई 34.5 किलोमीटर है। इसकी अनुमानित लागत राशि 161 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से प्रस्तावित सैफगंज-महछावा भरगामा-सुकैला मोड़ पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा अररिया जिलान्तर्गत प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्याल के स्थल के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह, विधायक श्री जयप्रकाश यादव, विधायक श्री अचमित ऋषिदेव, विधायक श्री विद्यासागर केसरी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, जिला परिषद अध्यक्ष श्री अफताब अजीम, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री आशीष पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, सहकारिता विभाग के सचिव श्री धर्मेंद्र सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा श्री दीपक वर्णवाल, अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार, जीप अध्यक्ष आफताब अजीम, सांसद प्रदीप कुमार सिंह, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे। ●

# जोकीहाट की जनता दो भाइयों की राजनीति से ऊब चुकी है : मुर्शीद आलम

● अब्दुल कैय्यूम



अररिया जिला के पलासी प्रखंड के मियांपुर निवासी सह मुखिया संघ अध्यक्ष पलासी मोहम्मद मुर्शीद आलम आज किसी परिचय का मोहताज नही हैं। वे कई बार वे विधान सभा चुनाव जोकीहाट विधानसभा से लड़ कर अपनी पहचान बना चुके हैं । हालांकि उन्होंने जदयू की टिकट पर जोकीहाट से चुनाव लड़ कर विपक्षी पार्टी को कड़ा टक्कड़ भी दे चुका हैं। पलासी प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष मोहम्मद मुर्शीद आलम इन दिनों जोकीहाट विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी में जुट गया हैं। चुनाव को लेकर उन्होंने लगातार जोकीहाट विधानसभा का भ्रमण शुरू कर दिया हैं। जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के हर गाँव जा जा कर लोगो से मिल रहे है और आगामी चुनाव के लिये आशिर्वाद भी मांग रहे हैं। मोहम्मद मुर्शीद आलम लगातार 20 वर्षो से मुखिया का चुनाव जीत कर एक कुशल राजनीतिज्ञ का परिचय दे चुका हैं। चुनाव में उनकी अच्छी खशी पकड़ है। मोहम्मद मुर्शीद आलम ने कुछ माह पूर्व AIMIM की सदस्या ग्रहण कर एक बार AIMIM पार्टी से चुनाव लड़ने का मन बना चुका हैं। AIMIM के भावी प्रत्याशी जोकीहाट जोकीहाट विधानसभा मुर्शीद आलम द्वारा लगातार जोकीहाट के सभी गांव जाकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित करते है और आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर ग्रामीणों से विचार विमर्श किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा



चुनाव में तनमन धन से उनका साथ रहने का आश्वाशन भी दे रहे हैं।

जोकीहाट के भावी विधानसभा प्रत्याशी मोहम्मद मुर्शीद आलम ने केवल सच जिला ब्यूरो से साक्षात्कार में कहा कि जोकीहाट विधान सभा में शिक्षा व विकास को बेहतर बनाने के लिये उनका आगामी विधानसभा चुनाव जोकीहाट से लड़ना तय हैं। उन्होंने कहा पुर्व में उन्होंने जदयू से 2018 में चुनाव लड़ चुके हैं। आनेवाला विधानसभा से जोकीहाट से 2025 का चुनाव भी उनका लड़ना तय हैं। चाहे पार्टी टिकट दे या ना दे। उन्होंने कहा कि वे विगत 20 वर्षो से राजनीति में है। जनता ने उन्हें पांचवी बार मुखिया बनाकर सेवा करने का मौका दिया हैं। उन्होंने कहा कि जोकीहाट की जनता दो भाइयों की राजनीति से ऊब चुकी हैं। जनता अब दूसरा विकल्प ढूंढ रही हैं। उन्होंने कहा वे आने वाले चुनाव में पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने आम लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप लोग आने वाले चुनाव में मौका देंगे तो सभी जनप्रतिनिधियो की आवाज सदन में उठेगे। उन्होंने कहा कि जोकीहाट में शिक्षा की घोर कमी है। आने वाले समय में जोकीहाट में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव चौकाने वाला हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि मैं वर्तमान में उन्होंने AIMIM में पूरी निष्ठा के साथ हु अगर पार्टी उन्हें मौके नही देती है तो वे अन्य पार्टी से भी चुनाव लड़ने को तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि वे विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर बूथ लेवल से तैयारी शुरू कर दिया हैं। वे घूम घूम कर लोगो से चुनाव में साथ देने अपील भी कर रहे हैं। इस अवसर पर मोहम्मद महबूब आलम, अहसान फैज, निसार आलम, मंसूर आलम, अहसन रेजा, अजहर मुर्शीद, सरवर आलम, फैयाज आलम, मोहम्मद हन्नान, अफरोज आलम, फिरोज आलम, तारिक अनवर, मंजर आलम, अस्मत आलम, संजय ठाकुर, सुभाष चौधरी, परवेज आलम, सऊद आलम, मुर्तजा, मंजर आलम, शमीम अख्तर, आगाज आलम आदि मौजूद थे।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेलः- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# पकड़े गये बांग्लादेशी ने खोला राज

# सुरंग के जरिए करते हैं घुसपैठ

● धर्मेन्द्र सिंह

किशनगंज पुलिस द्वारा 02 फरवरी को शहर के खगड़ा कालू चौक के समीप से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार करने के बाद विभिन्न जांच एजेंसी उस नागरिक से पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ से घुसपैठ और तस्करी के कई राजों का पर्दाफाश हुआ है। हालांकि टीम को जब यह बात पता चला कि उसके साथ पांच अन्य बांग्लादेशी भी प्रवेश किया है, तब से जांच अधिकारी और खुफिया एजेंसियों का सिर दर्द बढ़ गया है। पुलिस का सर दर्द अब और बढ़ गया है, कि अन्य बांग्लादेशी कहां है और किस उद्देश्य से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश किया है। वहीं पूछताछ में गिरफ्तार नागरिक ने सीमा पर सख्त सुरक्षा के बीच बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने के संबंध में एजेंट की भूमिका और गोपनीय सुरंग जैसे रास्ते के बारे में भी बताया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक सैफुल इस्लाम से पूछताछ में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), बीएसएफ की खुफिया विंग, आईबी, स्पेशल ब्रांच और कई केंद्रीय जांच एजेंसी पूछताछ कर तहकीकात में जुटी हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ने मवेशी तस्करी के साथ-साथ बांग्लादेश से भारत में अवैध तौर से प्रवेश को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बांग्लादेशी ने बताया कि बांग्लादेश से भारत में उनके प्रवेश के दौरान बांग्लादेशी दलाल ने उनके साथ और पांच बांग्लादेशी को अंतरराष्ट्रीय सीमा के तारबेड़ा के नीचे सुरंग बनाकर भारत में प्रवेश करवाया था। उसने बताया कि भारत



में प्रवेश होते ही पांच बांग्लादेशी नागरिकों को दूसरे भारतीय दलाल अपने साथ लेकर चले गए। वहीं गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक को एक भारतीय दलाल ने अपने साथ लेकर कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद भारतीय मवेशी तस्कर सत्तार के हवाले कर दिया था। हालांकि उस सत्तार को भी किशनगंज पुलिस ने शहर के कैलटेक्स चौक से गिरफ्तार कर लिया है। उससे भी किशनगंज पुलिस पूछताछ में जुट गई है। उसने बांग्लादेश के एजेंट के लिए काम करने का खुलासा किया है। लेकिन भारत में अवैध रूप से प्रवेश किए पांचों बांग्लादेशी नागरिक आखिर कहां गए इसके बारे उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस खुलासे के बाद जहां केंद्रीय जांच एजेंसियों की नींद उड़ गई है तो वहीं भारत बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगा है। आखिर भारत बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में लगे तारबेड़ा के बावजूद सुरंग बनाकर भारत में घुसपैठ हो रहा है और इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्र में एजेंट सक्रिय है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारत से सटे बांग्लादेश के ठाकुरगांव में अवैध रूप से भारत में भेजने वाले दलाल घूमते रहते हैं और मोटी रकम लेकर रात के अंधेरे में नदी और चाय बागान पार करते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगे तारबेड़ा के नीचे सुरंग बनाकर बांग्लादेशी लोगों को भारत में प्रवेश करवाते हैं। उसने बताया कि बांग्लादेशी दलालों के एजेंट भारत में भी मौजूद रहते हैं और भारत में उन लोगों को रिसीव कर उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाते हैं। इसके बदले बांग्लादेश के ठाकुरगांव के दलाल मोटी रकम लेते हैं और इन दलालों का बड़े-बड़े कार्यालय भी बने हुए हैं। किशनगंज जिला मुख्यालय से बांग्लादेश सीमा की दूरी महज 25 से 30 किलोमीटर है और बंगाल के ग्वालपोखर व करणदिघी थाना क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जो बांग्लादेश की सीमा से सटा है और इन गांव के ही माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठ भारत में प्रवेश कर किशनगंज तक पहुंच जाते हैं। हालांकि इस भारत बांग्लादेश सीमा क्षेत्र का सुरक्षा का जिम्मेदारी किशनगंज बीएसएफ हेड क्वार्टर के अंतर्गत आता है और बीएसएफ के द्वारा विभिन्न सीमावर्ती इलाके में बीओपी के माध्यम से सीमा क्षेत्र का देखरेख करते हैं। लेकिन इसके बाद भी इस क्षेत्र में घुसपैठ का खेल चलता है। वहीं अब केंद्रीय जांच एजेंसी भारत में अवैध रूप से प्रवेश किये उन पांचों बांग्लादेशी घुसपैठियों के तलाश में जुट गई है। वहीं गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक को संभवत रिमांड में लेकर फिर से पुलिस और विभिन्न जांच एजेंसी फिर से दोबारा पूछताछ कर सकती है।●

# गुरुजी ने गुरु दक्षिणा में छात्रा से मांग लिया जिस्म!

● धर्मेंद्र सिंह

किशनगंज में गुरु-शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी गुरुजी ने 12वीं क्लास की छात्रा से गुरु दक्षिणा में उसका जिस्म मांग लिया। आरोपी शिक्षक ने इसके लिए छात्रा को एकलव्य का उदाहरण दिया। घटना कोचाधामन थानाक्षेत्र के सिंघारी गांव स्थित प्लस टू किसान हाईस्कूल की है। स्कूल के शिक्षक विकास कुमार पर एक 12वीं की छात्रा ने बड़े ही गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि टीचर विकास कुमार उसे अक्सर फोन करके अश्लील बातें करता है। यही नहीं वह छात्रा को गर्लफ्रेंड बनने के लिए कहता था और उसे सिलीगुड़ी घुमाने का प्रलोभन देता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शिक्षक विकास कुमार उससे गर्लफ्रेंड बनने के लिए कहता है। उसने महाभारत के पात्र एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एकलव्य ने अपने गुरु द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा में अपना अंगूठा दे दिया था। क्या तुम अपने गुरु को गुरु दक्षिणा के तौर पर गर्लफ्रैंड नहीं बन सकती हो? छात्रा ने आरोपी टीचर की बातों को रिकॉर्ड भी कर लिया और उसे सबूत के तौर पर पेश करते हुए प्रधान शिक्षक से शिकायत की है। जिसके बाद आरोपी टीचर पर साथी महिला टीचरों ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पूरा मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद शिक्षक के खिलाफ जांच का आदेश दिया गया है। डीएम विशाल राज की सख्ती के बाद डीईओ नासिर हुसैन ने कोचाधामन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को स्थलीय जांच कर पूरी रिपोर्ट तलब की है। साथ ही डीईओ ने आरोप के घेरे में आए आशिक मिजाज शिक्षक विकास कुमार से स्पष्टीकरण पूछते हुए जवाब मांगा है कि क्यों नहीं उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। गौर करे कि यहां पदस्थापित शिक्षक विकास कुमार द्वारा स्कूल की एक छात्रा




को कॉल कर गंदी एवं अश्लील बातें की गई। इस आशिक-मिजाज शिक्षक की करतूत की जानकारी छात्रा ने स्कूल को हेडमास्टर को दी। डीएम विशाल राज ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कड़ी कार्रवाई की बात कही। इसके बाद छात्रा को कॉल कर गंदी बातें करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाले शिक्षक की आशिक मिजाजी के और भी किस्से सामने आने लगे हैं। प्लस टू किसान हाईस्कूल सिंघाड़ी में पदस्थापित कई शिक्षिका भी शिक्षक विकास कुमार की काली करतूत से तंग थीं। स्कूल की एक शिक्षिका ने बताया कि आरोपी टीचर कई बार उसे भी बेवजह कॉल करके तंग करता था। शिक्षिका ने उसका फोन नंबर ब्लॉक कर अपना पिंड छुड़ाया था। बताया जा रहा है कि विकास कुमार ने एक अन्य शिक्षिका को प्रेमजाल में फंसा कर शादी रचाई थी। उससे मन भर गया तो वह छात्रा पर ही डोरे डालने लगा। छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए हेडमास्टर से शिकायत कर दी और आशिक-मिजाज शिक्षक की करतूत सबके सामने आ गई। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शिक्षक ने करीब आधा दर्जन महिला टीचर को कॉल कर परेशान कर चुका है। उसकी अश्लील हरकत से स्कूल का स्टाफ परेशान था। पहले भी अश्लील हरकत करने के आरोप में पकड़े जाने पर उससे एकरारनामा लेकर मामले को दबाया गया था। हालांकि शिक्षक विकास कुमार ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है। आशिक-मिजाजी में फंसा शिक्षक विकास कुमार पीड़ित छात्रा को फोन कर महाभारत के एकलव्य की तरह गुरु दक्षिणा में गर्लफ्रेंड बनने और उसके साथ सिलीगुड़ी जाकर मौज-मस्ती करने की मांग कर रहा था। कथित कॉल रिकॉर्डिंग में छात्रा, शिक्षक से कह रही है कि वह शादीशुदा है और अपनी पत्नी को लेकर सिलीगुड़ी क्यों नहीं चला जाता। इस पर शिक्षक उसे एकलव्य की गुरु दक्षिणा की दुहाई देकर बहकाने की कोशिश करते हुए नजर आया। पीड़ित छात्रा और ग्रामीणों ने आरोपी टीचर को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की है। किशनगंज के डीएम विशाल राज ने कहा कि कोचाधामन प्रखंड के एक विद्यालय में शिक्षक द्वारा छात्रा को कॉल कर अश्लील एवं आपत्तिजनक बातें करने के मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। पूरे मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।●

# भागलपुर में हस्तशिल्प उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

● धर्मेंद्र सिंह

5 फरवरी को हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (EPCH) एवं विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रायल, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में भागलपुर के एक होटल मैक्स इन में 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 5 फरवरी से 10 फरवरी, 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन अमित मिश्रा, एचपीओ, डीसीएच पटना एवं ईपीसीएच के प्रतिनिधि के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े 20 लोगों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश उद्यमी बन चुके हैं और कुछ अपना काम कर रहे हैं। अगले 6 दिनों में विभिन्न विषयों (डिजाइन, जीएसटी/टैक्स, इंटरप्रेन्योरशिप, मार्केटिंग, बैंकिंग अदि) पर चर्चा की जाएगी, जिसका मुख्य उद्देश्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है, ताकि इससे जुड़े लोग अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें। हेंडीक्राफ्ट के एक्सपोर्ट के लिए ईपीसीएच के पटना स्थित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है, जो कि पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना में स्थित है। मौके पर




ईपीसीएच नितेश कुमार, अमित मिश्रा, डिजाइनर प्रियंका सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।●

# शहीद जवान की बहन की शादी में पहुंचे 16 गरुड़ कमांडो



● धर्मेन्द्र सिंह


बिहार के रोहतास जिला के बिक्रमगंज के आनंद नगर में उसी समय एक साधारण शादी खास बन गई, जब उसमें शामिल होने भारतीय वायु सेना के 16 गरुड़ कमांडो पहुंच गए। कारण यह था कि 18 नवंबर 2017 को पाकिस्तानी आतंकियों से लोहा लेते जम्मू के बांदीपुर सेक्टर में शहीद हुए अशोक चक्र विजेता गरुड़ कमांडो ज्योति प्रकाश निराला की छोटी बहन की शादी में भाग लेने यह सभी जवान पहुंचे। इतना ही नहीं अपने साथी शहीद जवान की छोटी बहन की बिदागरी इन लोगों ने अपने हथेली पर बहन का पाव रखकर करवाया। यह दृश्य देखकर सभी लोग भावुक हो गए। गौर करे कि अशोक चक्र विजेता शहीद गरुड़ कमांडो ज्योति प्रकाश निराला भाइयों में अकेला था। उस पर तीन बहनों की शादी की जवाबदेही थी। ऐसे में भाई के शहीद हो जाने के बाद भाई के दोस्तों ने यह फर्ज निभाया। इससे पहले जब वर्ष 2019 में शहीद की दूसरी बहन की शादी हुई थी। उस समय भी 11 की संख्या में गरुड़ कमांडो शहीद के गांव बदला डीह पहुंचे थे और बहन को अपनी हथेलियों पर से वरमाला के स्टेज तक पहुंचाया था। इस बार भी शहीद जवान के 16 गरुड़ कमांडो दोस्त गांव पहुंचे और अपने शहीद दोस्त की बहन को अपनी हथेलियों पर से विदा किया। शहीद जवान की बहन सुनीता कुमारी बिहार पुलिस में किशनगंज महिला थाने की थानाध्यक्ष है और उसकी शादी बक्सर के धनसोई के रहने वाले सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार के साथ संपन्न हुई है। अपने शहीद दोस्त की बहन की तमाम रस्म में गरुड़ कमांडो के ग्रुप ने भाई बन कर निभाया। शादी की तमाम रस्मों में ही नहीं बल्कि हर कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसे देखकर पूरा गांव हतप्रभ था। टीम लीडर ने बताया कि एयरफोर्स एक परिवार है। तीन बहनों में ज्योति अकेले भाई थे, जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान न्योछावर कर दी। उनकी बहन हम सब एयरफोर्स जवानों की बहन हैं। उनकी शहादत के बाद हम बहनों को कैसे भूल सकते हैं। धूमधाम से हम सब जवानों ने बहन की शादी के रस्म को निभाया। पहली बहन की शादी में भी हम सब आए थे और बहन को तब भी हथेलियों पर विदा किए थे। एयरफोर्स जवानों के ऐसे बलिदानी जवान की बहन के प्रति समर्पण, प्रेम और स्नेह की चर्चा खूब हो रही है। लोगों की जुबान पर एक ही शब्द हैं, वाह! यह तो खून के रिश्ते पर भी इन जवानों का एक बलिदानी की बहन के प्रति प्रेम भारी पड़ा। शादी में आए जवानों में शौर्य चक्र प्राप्त देवेंद्र मेहता अलावा देश के विभिन्न जगहों पर तैनात गरुड़ कमांडो आरसी प्रसाद (जोरहट), प्रभाकर रंजन जोधपुर, नागेंद्र सक्सेना जम्मू, पिंटू कुमार छबुआ, मणिशंकर यादव पठानकोट, सतीश ग्वालियर, अनीस दूबे बेंगलुरू, शुभम हंसीमरा, विपिन कुमार रवि जम्मू, तुलसी यादव हंसीमरा शामिल थे। हाथों में मेहंदी लगते देखना, डोली चढ़ाकर ससुराल विदा करते वक्त एक भाई की मौजूदगी एक बहन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है, यह बिना भाई वाली बहन ही समझ सकती है, परंतु बलिदानी ज्योति प्रकाश की बहन सुनीता की इस कमी को गरुड़ कमांडो भाइयों ने खलने नहीं दी। शादी में भले ही उस बहन के पास उसका अपना भाई नहीं था, मगर जवानों ने बहन का वह हर अरमान पूरा कर दिया। वायु सेना के जवान हरपल दुल्हन बनी इस बहन का भाई बनकर खड़े रहे। रोहतास जिले के बादलाडीह के तेजनारायण सिंह व मालती देवी के पुत्र ज्योति प्रकाश 2005 में वायु सेना में भर्ती हुए थे। 18 नवंबर 2017 को सर्च ऑपरेशन के दौरान कश्मीर के चंद्रगढ़ में एनकाउंटर के दौरान गोली लगने के बावजूद दो आतंकवादियों को मौत के घाट उतार देश को सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस एनकाउंटर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कुल छह आतंकी मारे गए थे। 26 जनवरी 2018 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया था।●



# पुलिस ने तस्करी का 104 मवेशी किया बरामद

● धर्मेन्द्र सिंह

कोचाधामन थानाक्षेत्र से पुलिस के द्वारा 12 फरवरी को वाहन चेकिंग के दौरान अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रकों से कुल 104 मवेशी को बरामद किया गया है। वहीं 15 तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोचाधामन थाना अंतर्गत चरघरिया चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग कि जा रही थी, इसी क्रम में जोकिहाट अररिया की ओर से आ रही दो ट्रक, जिसका रजि० नं०-PB11-CU-0299, एवं PB11CU2638 को रोककर चेक किया जा रहा था इसी बीच एक और ट्रक जिसका रजि० नं०-BR50GA7616, को भी रोका गया एवं पूछताछ किया गया तो वाहन संख्या-PB11-CU-0299 के चालक सहित पांच व्यक्ति बैठे थे।इस दौरान जब ट्रक की जांच की गई तो उसमें से मवेशी बरामद होते ही तस्करों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के क्रम में उनलोगों द्वारा बताया गया कि इन ट्रकों में कुल-104 गाय-28 बछड़ा-17, भैस-20 एवं 39 पाड़ा लदा हुआ है, जिसे अरूणाचल प्रदेश के ईटानगर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जब कागजातों की मांग की गयी तो कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी सागर कुमार ने कहा कि इन लोगों द्वारा मवेशियों को बेरहमी से बांधकर रखा गया था, जो पशु क्रूरता एवं तस्करी को दर्शाता है। गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।●






## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# अपराध की योजना बनाते तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह



चांदी-सकड्डी रोड में धनडीहा मोड के पास अपराध की योजना बनाते तीन शातिर अपराधकर्मी एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाईल के साथ गिरफ्तार, जिनके द्वारा पूर्व के कई कांडों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है। घटना / कार्रवाई का विवरण पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के निर्देशुनसार दिनांक-15.12.24 को गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध अवस्था में किसी बडी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे 01. अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा०-पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरो 02 प्रेम कुमार पे०- संतोष राय 03. सरोज कुमार पे० गोबिंद दयाल राय दोनों सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला- भोजपुर को एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस तथा तीन एंड्रॉयड मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है तथा इस संबंध में कोईलवर थाना कांड सं0-481/24 दिनांक-15.12.24 धारा-310(4), 310(5) बी०एन०एस० तथा 25 (1-बी) ए. 26. 35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा मिथिलेश पासवान, सा०-धनडीहा की हत्या का बदला लेने की नियत से एकत्रित होने की बात बतायी गयी है. साथ ही दिनांक-05.12.24 को ग्राम सकघ्डी स्थित शर्मा जी के यहीं शादी समारोह में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नर्तकियों के साथ छेडखानी एवं नाच-गाना करने के क्रम में फायरिंग करने जिसमें लडकी के चचेरे भाई के हाथ में गोली लगने की बात स्वीकार की गई है। इसके साथ ही इनलोगों द्वारा दिनांक-24.10.24 को गांगी पुल के पास प्रोपर्टी डीलर शाहिद आलम को एवं दिनांक-13.03.24 को अहिरपुरवा में जहूर आई०टी०आई० के पास दीप नारायण सिंह को भी जान मारने की नियत से गोली मारकर जख्मी करने, सड़क दुर्घटना के विरोध में सडक जाम एवं कुल्हडिया टोल प्लाजा पर तोड़-फोड करने सहित अन्य अपराध को स्वीकार करने की बात बतायी गई है।

**✯ फलाफल की विवरणी इस प्रकार हैं-**

**✯ गिरफ्तारी :-**

☞ अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा० पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरा, जिला-भोजपुर।

☞ प्रेम कुनार पे०-संतोष राय, सा०-सकडी, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर।

☞ सरोज कुमार पे०-गोबिंद दयाल राय, सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर, जिला-भोजपुर।

**✯ बरामदगी :-**

☞ एक देशी पिस्तौल ।

☞ दो जिंदा कारतूस।

☞ तीन एंड्रॉयड मोबाईल।

**✯ सरोज कुमार पे० गोबिंद दयाल राय, सा० सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-316/20 दिनांक 09.08.20 धारा 302, 201, 34 भा०द०वि०।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-345/24 दिनांक-29.08.24 धारा-191(2), 191(3), 190, 126(2), 115(2), 132, 121(1), 121(2), 221 बी०एन०एस० ।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352, 351(2), 351(3) बी०एन०एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ राजगीर (नालंदा) थाना कांड सं0-356/24 दिनांक 17.08.24 धारा-103(1), 61(2), 112(2)(4) बी०एन० एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-237/24 दिनांक-22.05.24 धारा 147, 148, 149, 341, 342, 323, 385, 504, 506 भा०द० वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

**✯ प्रेम कुमार पे०-संतोष राय, सा०-सकड्डी, थाना-कोईलवर सभी जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-316/20 दिनांक 09.08.20 धारा 302, 201, 34 भा०द०वि० ।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-134/24 दिनांक-08.03.24 धारा-341, 342, 323, 386, 504, 506, 34 भा०द०वि० ।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-237/24 दिनांक-22.05.24 धारा-147, 148, 149, 341, 342, 323, 385, 504, 506 भा०द०वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-345/24 दिनांक-29.08.24 धारा-191(2). 191 (3). 190, 126(2),115(2), 132, 121(1), 121(2), 221 बी०एन०एस० । 05. कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352, 351(2). 351 (3) बी०एन०एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

**✯ अनुज कुमार उर्फ अर्णव पे० ओम प्रकाश गुप्ता, सा०-पीरो, वार्ड नं0-10, थाना-पीरा, जिला-भोजपुर का अपराधिक इतिहास :-**

☞ कोईलवर थाना कांड सं0-470/24 दिनांक-05.12.24 धारा-191(2), 191(3), 74, 190, 352, 351(2), 351(3) बी०एन० एस० तथा 27 आर्म्स एक्ट ।

☞ आरा नगर थाना कांड सं0-221/21 दिनांक-14.03.21 धारा-326, 307, 506, 34 भा०द०वि० तथा 27 आर्म्स एक्ट।

☞ आरा नगर थाना कांड सं0-257/21 दिनांक-27.03.21 धारा-386, 385, 387, 504, 34 भाद०वि०।●

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की संचालन समिति की बैठक आयोजित

● **गुड्डू कुमार सिंह**

विजय कुमार सिन्हा, माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार- सह -प्रभारी मंत्री, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद श्री राधा चरण शाह, माननीय विधायक बड़हरा श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, माननीय विधायक आरा श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, माननीय विधायक जगदीशपुर श्री राम विष्णु सिंह, माननीय विधायक तरारी श्री विशाल प्रशांत, माननीय विधायक अगीगांव श्री शिव प्रकाश रंजन, श्रीमती किरण देवी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक भोजपुर श्री मिस्टर राज, उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, नगर आयुक्त, नगर निगम और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सभी माननीय सदस्यों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नगर निकायों के उन पथों को राष्ट्रीय राजमार्ग या पथ निर्माण विभाग के प्रमुख सड़कों से लिंक सड़कों के रूप में जोड़ना है, जो जन उपयोगी हों और अधिक




आबादी को लाभान्वित करने वाली सड़कों को प्राथमिकता देना है। सड़कों का चयन करते समय पर्यटन स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा, सड़क जाम की समस्या का समाधान करते हुए यातायात के बढ़ते दबाव को कम करना और यातायात संचालन को सुगम बनाना भी इस योजना का उद्देश्य है। सड़कों के बीच डिवाइडर के साथ अंडरग्राउंड केबलिंग, स्ट्रीट लाइटिंग, मास्क लाइट का प्रावधान और जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। समीक्षा के दौरान संचालन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं को साझा किया। माननीय उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्राप्त योजनाओं में उपयोगिता के आधार पर प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जिला पदाधिकारी और नगर निगम से कहा कि योजनाओं के चयन के समय नालों की सफाई और शहर में व्याप्त गंदगी के निपटारे को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना में प्राथमिकता निर्धारण में छोटी योजनाओं और उनकी उपयोगिता दोनों को महत्व दिया जाए। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत योजना स्थल का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार की जाए। योजनाओं का चयन करते समय मापदंडों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का निर्धारण किया जाए। बैठक के बाद एक सप्ताह के भीतर सभी सदस्यों को प्रोसिडिंग उपलब्ध कराई जाए। ●

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ककिला क्लस्टर का किया निरीक्षण

● **गुड्डू कुमार सिंह**

भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज ने ककिला क्लस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय ककिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहरी क्षेत्र में निर्माणाधीन खेल मैदान के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कॉलेज परिसर में बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, फुटबॉल मैदान और विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट मैदान के निर्माण कार्य को भी अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं की स्थिति का आकलन किया और प्राचार्य को सभी आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया और जिला शिक्षा पदाधिकारी को तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने, रंग-रोगन एवं अन्य सुधार कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को अपने विभागों में कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी (विकास शाखा), डीआरडीए निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। ●



# जिला पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक

● गुड्डू कुमार सिंह

जिला पदाधिकारी, तनय सुलतानिया द्वारा निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस बैठक में निर्वाचक सूची को अद्यतन एवं समावेशी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में निर्देश दिया गया कि निर्वाचक सूची में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए अहर्ता प्राप्त सभी महिलाओं का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए। इसके लिए फॉर्म-6 के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को तेज करने हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही, सभी मतदान केंद्रों पर अधिकतम महिला मतदाताओं का नाम जोड़े जाने पर जोर दिया गया। लिंगानुपात में और अधिक सुधार के लिए जीविका दीदी, आंगनवाड़ी सेविका, डीलर, विकास मित्र आदि के माध्यम से भी फॉर्म-6 का संग्रह कराकर संबंधित बीएलओ या प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, 18 वर्ष की आयु पूर्ण



कर चुके सभी युवा मतदाताओं के पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया, जिससे युवा मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभा सकें। 90 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं का सत्यापन बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐप के जरिए करने का आदेश दिया गया। वहीं, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा उम्र सुधार हेतु फॉर्म-8 को बीएलओ ऐप के माध्यम से भरने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी बीएलओ के साथ नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित की जाएं, जिससे निर्वाचन से जुड़े कार्यों को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। इसके अलावा, यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा, और दोषी कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, आईसीडीएस डीपीओ, डीपीएम जीविका, सभी अवर निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी बीपीएम जीविका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। ●

# मुख्यमंत्री योजना कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक

● गुड्डू कुमार सिंह

मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसी से सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और मेंटेनेंस की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी प्रखंड में कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो उसकी जानकारी तत्काल प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को दी जाए, ताकि त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष बचे कार्यों को हर हाल में 10 फरवरी तक पूर्ण किया जाए। साथ ही, लगाए गए सोलर स्ट्रीट लाइट्स पर व्हाट्सएप नंबर एवं टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर अंकित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी आदेश दिया, जिससे आम जनता को किसी भी समस्या की सूचना देने में सुविधा हो। पंचायत सरकार भवनों के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों और अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। जिन प्रखंडों में जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां के



अंचलाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया। वहीं, जिन स्थानों पर भूमि उपलब्ध है, वहां संबंधित कागजात तैयार कर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा,भूमि उपलब्धता से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। ●

# सात वर्षीय सुधांशु हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा

● गुड्डू कुमार सिंह

रोहतास के चर्चित 7 वर्षीय सुधांशु हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुक्रवार को करगहर थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रौशन कुमार ने इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि हत्या मामले में बभनी गांव के सुनिल सिंह के बड़े बेटे विभो उर्फ अंकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।जबकि छोटे नाबालिग बेटे को भी विधि निरूद्ध कर लिया गया है। मौके घटना में प्रयुक्त किया गया खून लगा चाकू, तीन मोबाइल फोन और एक लाल रंग का कंबल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि 7 वर्षीय सुधांशु कुमार 26 जनवरी को गायब हो गया था। 29 जनवरी को उसका शव पड़ोसी सुनील सिंह के घर के भूसा वाले कमरे से बरामद किया गया था। इसके बाद पूरे परिवार से पूछताछ की। जिसमें सुनिल सिंह के छोटे बेटे ने मामले का खुलासा कर दिया। छोटे बेटे ने बताया कि उसके



बड़े भाई और उसने फिरौती के लिए सुंधाशु के अपहरण की योजना 25 जनवरी को बनाई थी।

इसके बाद दोनों ने 26 जनवरी के दोपहर में सुधांशु को गली में अकेले देख उठा लिया और उसे अपने घर में ले गए। इस क्रम में मुंह दाबने से सुधांशु बेहोश हो गया। चेहरे पर पानी मारने के बाद सुधांशु होश में आया और इन दोनों को देख चिल्लाने लगा। जिसके बाद दोनों भाई घबरा गए और सब्जी काटने वाले चाकू से सुधांशु का गला काट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद शव को कंबल में लपेट भूसा घर में छुपा दिया। एसपी ने बताया कि मामले के खुलासे के बाद एसएफएल की टीम ने घटना स्थल पर जाकर चाकू को बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि घटना के बाद परिवार शव को ठिकाना लगाने के फिराक में था। इसके लिए एक गड्ढा भी खोदा गया था, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों की सतकर्ता और निगरानी के कारण यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद सुनिल सिंह का बड़ा बेटा गांव छोड़ फरार हो गया। 29 तारीख को शव के खराब होने से बदबू आने लगा। तब इस बात का खुलासा हुआ।●

# रोहतास पुलिस ने किया पांच तस्करों को गिरफ्तार

● गुड्डू कुमार सिंह

रोहतास पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले के शिवसागर में टोल प्लाजा के पास पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक कार से 2 करोड़ 89 लाख 37 हजार तीन सौ रुपये की कीमत के एप्पल मोबाइल के साथ पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। रोहतास एसपी रौशन कुमार के इनपुट पर यह कार्रवाई हुई है। सासाराम एसडीपीओ-1 दिलीप कुमार ने बताया कि आन्ध्र प्रदेश पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक रोहतास को सूचना प्राप्त हुई कि विजयवाड़ा स्थित एक वेयरहाउस से बहुमूल्य मोबाईल फोन एवं इलेक्ट्रानिक्स गैजेट की चोरी कर चोर द्वारा एक सफेद रंग की कार से उडीसा, झारखंड, बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ भाग रहे हैं। जिसके बाद एसपी रौशन कुमार के निर्देश एसडीपीओ-1 नेतृत्व में शिवसागर थानाध्यक्ष के द्वारा दल-बल के साथ शिवसागर



टॉल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में कार से 16 पीस आईफोन 16 प्रो मैक्स, 82 पीस आईफोन 16 प्रो, 162 पीस आईफोन 16 प्लस, 6 पीस आईफोन 16, 2 पीस आईफोन 15 प्लस, 3 पीस आईफोन 13, 12 पीस आईफोन स्मार्ट वॉच, 35 पीस आईफोन ईयरबड्स बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि ये विजयवाड़ा से बिहार और उत्तर प्रदेश होते हुए चोरी का मोबाइल नेपाल ले जाने की तैयारी में थे। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के 27 वर्षीय दीपचंद्र प्रजापति, 30 वर्षीय सुनील कुमार, 28 वर्षीय माया पटेल, 26 वर्षीय ब्रिजेश कुमार एवं बिहार के फारबिसगंज जिला के 42 वर्षीय मिथिलेश रिषिदेव शामिल है। पुलिस गिरफ्तार तस्करों से विस्तृत पूछताछ कर रही है।●




# मुख्यमंत्री ने बक्सर जिले को दी 476 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

● बिन्ध्याचल सिंह

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में 15 फरवरी को बक्सर जिले को 476.02 करोड़ रुपये से अधिाक की सौगात दी। 73 विकासात्मक योजनओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 350.13 करोड़ रूपये की 41 योजनाओं का उद्घाटन तथा 125.89 करोड़ रूपये की 32 योजनाओं का शिलान्यास किया।

प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बक्सर जिला अंतर्गत सिमरी बहुग्रामी जलापूर्ति योजना, केशवपुर का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसकी लागत 202.70 करोड़ रूपये है। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस बहुग्रामी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बहुग्रामी पये जल आपूर्ति प्लांट के शुरू हो जाने से सिमरी प्रखंड के 214 वार्डों में स्थित 36760 घरों में आर्सेनिक मुक्त शुद्ध गंगा जल की आपूर्ति पेयजल के रूप में होगी। बक्सर जिलांतर्गत विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड, बिहार स्टूडेटं क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत एक लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि के बंदोबस्ती प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत 1 करोड़ 60 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत एक-एक लाख रुपये के अनुदान राशि, मुख्यमंत्री




कृषि वानिकी प्रजाति प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 1 लाख 28 हजार 700 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित 703 परिवारों को 2 करोड़ 66 लाख 24 हजार 200 रुपये तथा 12,743 जीविका स्वयं सहायता समूह को 129 करोड़ 75 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा हस्तांतरण की चाबी, जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जीविका ग्राम संगठन आदर्श, चौगाई तथा सरू ज इटाढ़ी में तालाब के जीर्णोद्धार के लिये 2 लाख 10 हजार रुपये हस्तांतरित करने की स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे बिहार में जीविका दीदियां कफी अच्छा काम कर रही हैं। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कामों को देखा था। बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी, तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ज़ 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इससे जुड़ने वाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर देश भर में आजीविका नाम से इसे शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। अब हमलोग बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी जीविका समूह का गठन करा रहे हैं। अब तक 3 लाख से ज्यादा जीविका दीदियों की संख्या शहरी क्षत्रों में हो गई है। आप लोगों को हर प्रकार से सरकार मदद पहुंचा रही है। आपकी

जो भी समस्यायें होती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के कारण ही हम सब महिलायें आत्मनिर्भर हो रही हैं। पहले हम महिलाओं को किसी की पत्नी और मां के नाम से जाना जाता था लेकिन अब हम जैसी महिलायें जीविका दीदी के नाम से जानी जाती हैं। यह सुनकर काफी खुशी होती है।

मुख्यमंत्री ने सिमरी प्रखंड के केशोपुर ग्राम में 51.72 किलोमीटर लंबाई की बक्सर-कोईलवर गंगा तटबधां का सुदृढ़ीकरण, कालीकरण तथा सुरक्षात्मक कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने साइट मैप के माधयम से मुख्यमंत्री को बताया कि इस कार्य के पूर्ण हो जाने से बक्सर, चक्की, सिमरी, ब्रह्मपुर आदि प्रखंडों की 6 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। तटबधां के किनारे के क्षेत्र का व्यवसायिक विकास होगा। साथ ही बक्सर अनुमंडल से डुमरांव अनुमंडल तक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था उपलब्धा होगी। बाढ़ से बक्सर जिला के अहीरौली, अर्जुनपुर, मझरियां, केशोपुर, जवही, नैनीजोर, धार्मगतपुर, नगपुरा, राजपुर, छोटका राजपुर, बड़का राजपुर, राजपुर कला, मियाजीपुर तथा गंगौली जैसे गांवों को सुरक्षा मिलेगी। इसकी कुल प्राक्कलित राशि 18,126.863 लाख रुपये है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें बक्सर-काइलवर तटबंधो का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण ठीक से हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इस काम के पूर्ण हो जाने से लोगों को आवगमन की बहे तर सुविधा मिलगी और तटबंध के आसपास के इलाके बाढ़ से भी सुरक्षित रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने सिमरी प्रखंड के राजपुरकलां पंचायत स्थित ग्राम परसन पाह में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन का सभाकक्ष, न्यायालय सहित अन्य भागों का मुआयना कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। राजपुरकलां पंचायत की मुखिया ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पंचायत सरकार भवन प्रांगण में मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित नक्षत्र वाटिका का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। बक्सर गोलंबर पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित होटल विश्वामित्र विहार 'बक्सर' के परिसर में बजट होटल के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। प्रस्तावित बजट होटल के निर्माण तथा होटल विश्वामित्र विहार के पुराने भवन की स्थिति के संबंधा में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तावित बजट होटल की प्राक्कलित राशि 24.56 करोड़ रूपये है। बक्सर गोलंबर से ज्योति प्रकाश चौक तक नव प्रस्तावित पथ की चौड़ीकरण एवं मजबतूीकरण 'फोरलेन' कार्य का भी मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण किया। इसकी अनुमानित लागत 4,152.985 लाख रुपये है तथा इसकी लंबाई 3 किलोमीटर है। अधिकारियों ने इस पथ की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण संबंधी कार्य की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में वीर कुवँर लसह सेतु एवं समानान्तर नये सेतु के निर्माण से पटना-आरा-बक्सर होते हुए बलिया (उत्तर प्रदेश) तथा बलिया से बक्सर होते हुए आरा एवं सासाराम की तरु जानेवाली 2500-3000 भारी व्यवसायिक वाहनों के परिचालन के कारण गोलम्बर (बक्सर) के पास प्रायः दुर्घटना एवं जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। 3 लेन ब्रिज परियोजना के एलाइनमेंट को बक्सर गोलम्बर से 4.05 कि0मी0 पहले दलसागर/चुरामनपुर/अहिरौली क्षेत्र के पास से विस्तारित करने से मुख्यतः नगर परिषद, बक्सर क्षेत्र एवं एन०एच०-922 पर जाम की समस्या का निदान होगा। वीर कुंवर लसह सेतु पर भारी व्यावसायिक वाहनों का भार भी कम होगा। इस काम के पूरा हो जाने से बक्सर शहर से होकर उत्तर प्रदेश राज्य की ओर जाने वाली वाहनों के परिचालन के साथ ही विभिन्न अवसरों पर बक्सर जिला के पूर्वी क्षेत्र से आने वाली वाहनों से उत्पन्न जाम की समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग द्वारा बक्सर के रामरेखा घाट के समीप एक्सपेरिएंस सेंटर, रेस्टोरेंट, संपर्क पथ सहित पर्यटकीय विकास कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इसकी प्राक्कलित राशि 13.24 करोड़ रुपये है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रामरेखा घाट का निरीक्षण कर घाट को विकसित करने संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के आगमन पर रामरेखा घाट के पंडों एवं पुजारियों द्वारा शंखनाद एवं डमरु बजाकर उनका अभिनंदन किया गया।




इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधान सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री तथा बक्सर जिला के प्रभारी मंत्री श्री नितिन नवीन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री नीरज कुमार सिहं, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, पूर्व मंत्री श्री अजीत चौधरी, पूर्व मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, पूर्व विधाायक श्रीमती दिलमणि देवी, बिहार राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अंजूम आरा, भाजपा के बक्सर जिला अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, जदयू के बक्सर जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह, अन्य जन प्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरवड़े, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सत्य प्रकाश, बक्सर के जिलाधिकारी श्री अंशुल अग्रवाल, बक्सर के पुलिस अधीक्षक श्री शुभम आर्य सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।●

# अपने भाग्य पर रोता नगर पंचायत ब्रह्मपुर

● बिन्ध्याचल सिंह

वर्ष-2022 में नगर पंचायत ब्रह्मम्पुर अस्तित्व में आया जो वर्तमान में बक्सर जिला में सबसे भ्रष्टाचार की श्रेणी में प्रथम स्थान रखता है जबकि भ्रष्टाचारी विभाग अंचल कार्यालय इटाढी है हांलाकि नगर परिषद् बक्सर तो सभी भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर चुका है जहॉ बिना किसी कटरा की रंगाई, पुताई के नाम पर लाखो रूपये की निकासी होती रहती है। जिसमें प्रधान सहायक की भूमिका की जानकारी मिलती रहती है। नगर परिषद् डुमरॉव के लेखापाल आदरणीय उतम जी है जो एक दैनिक कर्मचारी है उनका प्रत्येक कार्य दिवस की औसतन आय लगभग हजारो रू0 है। हांलाकि इसकी जानकारी उच्च पदाधिकारी को नही है। जानकारी के लिये बात दूॅ कि नगर परिषद् कार्यालय की सफाई कर्मचारी ललिता अपनी जिदंगी में खबर लिखे जाने तक अपने हाथ में झाडू नही पकडी है जिससे नगर परिषद् कार्यालय की सफाई किया हो। वैसे सफाई कर्मी को सफाई न करने का इतिहास अनुमडण्लीय पशु चिकित्सालय बक्सर प्रथम स्थान पर है। इसकी जानकारी नाम नही छपने के शर्त पर एक कार्यालय कर्मचारी ने दी। नगर पंचायत ब्रह्मम्पुर से ऐसी जानकारी अक्सर मिलती रहती है कि नगर पंचायत ब्रह्मम्पुर के अधिकतर कार्य कागजी घोडा ही बनकर रह जाता है। जबकि सफाई कार्य एक लूट का माध्यम मात्र है। बरसात के मौसम में पानी निकासी के नाम पर लाखो रू0 की निकासी हो जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभुक से मात्र 30000/-रू0 सेवा शुल्क के रूप में ली जा रही है जो जॉच का विषय है। जबकि अंचल कार्यालय ब्रम्मपुर में कंचन का दबदबा आज भी कायम है। जो आम जनता की नजरो में अंचल कार्यालय ब्रह्मम्पुर का एक पंजीकृत दलाल है। जिसकी सालाना अवैध आय लाखो रू0 है। वही अंचल कार्यालय इटाढी में भ्रष्टाचार का शिकार हो चुके खातिबा निवासी जवाहीर यादव ने केवल सच प्रतिनिधि को 28 जनवरी को जानकारी दी कि अंचलाधिकारी इटाढी के द्वारा सैकडो लोगो को फर्जी पर्चा निर्गत किया जा रहा है जो जॉच का विषय है उच्चपदाधिकारी के आदेश को न मानने वाले अंचलाधिकारी इटाढी अपने आप में बिहार सरकार है जो पूर्णत: शिष्टाचार विहीन पदाधिकारी है। जो किसी भी आम जनता को इज्जत नही देते है। उनके कार्यालय में केवल दलालो का दबदबा कायम है।●

# महोदय, मेरे परदादा के तेरहवीं का प्रमाण नहीं है : जवाहीर यादव

● बिन्ध्याचल सिंह

सनातन धर्म व हिन्दु रीति-रिवाज के अवधारणा के अनुसार मनुष्य के मृत्यु के पश्चात अपने वंशाजो के द्वारा तेरहवीं की जाती है जो सदियों से चलता आ रहा है। दूसरे शब्द में:-मृत्यु भोज भी कहते है। सदीयो से चले आ रहे तेरहवीं को अंचलाधिकारी इटाढी ने जवाहीर यादव ग्राम-खातिबा निवासी से बोले कि अगर तुम्हारे परदादा के तेरहवीं करने का प्रमाण अगर नही तो उक्त जमीन तुम्हारा नही है। ये बात अंचालाधिकारी इटाढी ने तब कही जब जवाहिर यादव अपनी चार-पॉच परिवारो के साथ अंचलाधिकारी इटाढी के कार्यालय में दिनांक 24 जनवरी 2025 को मिलने के लिये दस्तक दिये थे। मुद्रिका यादव ने केवल सच प्रतिनिधि को एक अपनी परिवारिक सूची दी, जिसमें स्वर्गीय अर्जुन अहीर के नाम से जमीन का खतियान है, श्री यादव ने कहा कि सीओ साहब ने बोले कि अरे बुढा, अगर तेरे पास तुम्हारे परदादा का तेरहवी करने का प्रमाण पत्र है तो जमीन तुम्हारा है। वरना जमीन तुम्हारा नही है। उक्त बात की जानकारी के लिये केवल सच बक्सर ने अंचालाधिकारी इटाढी से मिलने के लिये 28 जनवरी को कार्यालय में दस्तक दिये तो महोदय ने किसी प्रकार की बात नही कि बल्कि किसी अन्य बातो में व्यस्त थे। उसी क्रम में नगर अध्यक्ष श्री संजय पाठक की अंचलाधिकारी कार्यालय में दस्तक हुई, तबतक केवल सच प्रतिनिधि ने अंचलाधिकारी कार्यालय में 11 मिनट का समय दे चुके थें। हांलाकि सुरक्षा गार्ड की कर्तब्यनिष्ठता काबिले तारिफ थी। जवाहीर यादव ने कहा कि खातिबा मौजा में विगत कई वर्ष पूर्व से बिहार सरकार के द्वारा एक सौ छाछठ एकड भूमि सेलिगं एक्ट में कर चुकी है, उस जमीन को अंचलाधिकारी दबंगो के माध्यम से प्रतिवर्ष 12000/-रू0 प्रत्येक बिगहा प्रतिवर्ष मालगुजारी पर दिलवाते है। जो अंचलाधिकारीयो की अवैध आय होती है। और हम लोग के पास मात्र पुस्तैनी जमीन केवल 22 डिसमिल है जो अंचलाधिकारी इटाढी ने चन्द पैसा लेकर सुखारी यादव के नाम की पर्चा निर्गत कर दिये।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**




# ''कोल इंडिया रांची मैराथन 2025'' का ऐतिहासिक समापन

● गुड्डी साव

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) द्वारा आयोजित कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' का शानदार समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित मैराथन में इस वर्ष 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) और AIMS (Association of International Marathons and Distance Races) द्वारा प्रमाणित किया गया था। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में माननीय पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, झारखंड, श्री एस. एन. पाठक; अध्यक्ष, सीआईएल, श्री पीएम प्रसाद; पूर्व अध्यक्ष, सीआईएल, श्री प्रमोद अग्रवाल; सीएमडी, सीसीएल, श्री निलेंदु कुमार सिंह; सीएमडी, ईसीएल, श्री सतीश झा; पूर्व सीएमडी सीसीएल/निदेशक तकनीकी (संचालन) सीआईएल, श्री बी वीरा रेड्डी; सचिव (खेल कला एवं संस्कृति), झारखण्ड सरकार, श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, श्री विनय रंजन; निदेशक (बीडी), सीआईएल, श्री देबाशीष नंदा; सीवीओ, सीआईएल, श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी; निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल, श्री हरीश दुहन; निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र; निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा; सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार; निदेशक (कार्मिक), ईसीएल, श्री गुंजन कुमार सिन्हा वरीय सुरक्षा सलाहकार, सीआईएल, श्री आलोक कुमार पटारिया सहित बड़ी संख्या में राज्य सरकार के वरीय अधिकारी, सीसीएल कर्मी, हितधारक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गणमान्यों द्वारा फ्लैग ऑफ कर कोल इंडिया मैराथन 2025 का शुभारंभ किया गया। मैराथन सुबह 5:00 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी से शुरू होकर कांके रोड होते हुए पुनः मोराबादी में संपन्न हुई। कोल इंडिया द्वारा विजेताओं को 35.1 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित की गई।

पद्म विभूषण विजेता और महान भारतीय बॉक्सर मैरी कॉम, जो इस आयोजन के मुख्य आकर्षण थीं, उन्होंने मैराथन में भाग लेने वाले सभी धावकों को प्रेरित किया और कहा, इस आयोजन ने साबित कर दिया कि भारत में खेलों के प्रति जुनून लगातार बढ़ रहा है। मैं सीसीएल को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं और उम्मीद करती हूं कि भविष्य में यह और भी बड़ा बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि जो फिट है वही हिट है। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री पीएम प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, जनता के बीच शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा

**प्रतियोगिता के विजेता एवं पुरस्कार राशि :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **फुल मैराथन (42 किमी) : पुरुष श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | ज्ञान बाबू | (2:26:25) | 3.3 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | राज शेखर पाठक | (2:31:03) | 2 लाख रूपये |
| तृतीय स्थान | दीपा राम | (2:34:49) | 1.1 लाख रूपये |
| **फुल मैराथन (42 किमी) : महिला श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | रीनू | (2:53:31) | 3.3 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | अर्पिता सैनी | (3:03:23) | 2 लाख रूपये |
| तृतीय स्थान | भारती | (3:04:08) | 1.1 लाख रूपये |
| **हाफ मैराथन (21 किमी) : पुरुष श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | हरमनजोत सिंह | (1:05:14) | 2.2 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | लोकेश चौधरी | (1:05:57) | 1.1 लाख रूपये |
| तृतीय स्थान | अभिषेक | (1:06:20) | 55 हजार रूपये |
| **हाफ मैराथन (21 किमी) : महिला श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | भारती नैन | (1:15:32) | 2.2 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | ममता राजभर | (1:20:45) | 1.1 लाख रूपये |
| तृतीय स्थान | डिंपल सिंह | (1:21:29) | 55 हजार रूपये |
| **10 किमी दौड़ : पुरुष श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | शुभम सिंधु | (0:29:31) | 1.1 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | आनंद | (0:29:42) | 75 हजार रूपये |
| तृतीय स्थान | अजय कुमार बिंद | (0:30:01) | 55 हजार रूपये |
| **10 किमी दौड़ : महिला श्रेणी** | | | |
| प्रथम स्थान | के.एम. ज्योति | (0:34:16) | 1.1 लाख रूपये |
| द्वितीय स्थान | पूजा वर्मा | (0:34:27) | 75 हजार रूपये |
| तृतीय स्थान | के.एम. संगीता पाल | (0:35:39) | 55 हजार रूपये |

करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह मैराथन न केवल एक दौड़ है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। सीसीएल के सीएमडी, श्री निलेंदु कुमार सिंह ने धावकों की सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सीसीएल अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में, हमने तीसरी बार कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में सौहार्द्र और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। हम प्रतिबद्ध हैं कि ऐसे आयोजन हर साल और बड़े स्तर पर किए जाएंगे। निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, श्री विनय रंजन ने कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ष्यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए एक मंच है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक सशक्त माध्यम है।

☞ **सुविधाएँ और सुरक्षा प्रबंधन :-** पूरे मैराथन मार्ग पर एनर्जी स्टेशन, जल आपूर्ति केंद्र, मेडिकल सहायता टीमें, एंबुलेंस और सुरक्षा कर्मी तैनात थे। झारखंड सरकार, स्थानीय प्रशासन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से




प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय सुविधाएँ प्रदान की गई। 'तृतीय कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' ने झारखंड को देश के धावकों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। यह आयोजन हर साल और बड़े स्तर पर किया जाएगा, जिससे अधिक धावकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ज्ञात हो कि सीसीएल , सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में न केवल कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहा है वरन कला, खेल, स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में नवीन पहलों की शुरुआत कर नए आयाम को छू रहा है। यह मैराथन इसी पहल की एक कड़ी है।●

---

# कोल इंडिया को मिला प्रतिष्ठित गोल्डेन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड

● **गुड्डी साव**

07 फरवरी को कोल इंडिया लिमिटेड को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024' से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षो से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है। भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया, आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए और कोविड-19 के प्रसार को हेतु 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।●



# सीएम हेमंत सोरेन ने किया 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' का उद्घाटन

● गुड्डी साव



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 'एग्रोटेक किसान मेला-2025' के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है। झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं। वर्तमान समय में कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की बड़ी भूमिका है। राज्य में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के स्थापित हुए लगभग 45 वर्ष हो चुके हैं। यह विश्वविद्यालय राज्य में किसानों के उत्थान के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में काबिल बनाया जा रहा है। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त कर कई छात्र-छात्राओं ने देश और दुनिया में आज किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट एवं रिसर्च के क्षेत्र में समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड पठारी क्षेत्र में बसा हुआ राज्य है। वैसे तो प्रत्येक राज्य में खेती-बाड़ी के अलग-अलग पैमाने होते हैं, कहीं सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता है तो कहीं व्यवस्थाओं के बल पर सिंचाई कार्य हेतु पानी पहुंचाया जा रहा है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को अपग्रेड करने की दिशा में कई गतिविधियां की जा रही है, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए अभी और कार्य करने बाकी हैं। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी । साथ ही उन्होने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है। कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग के लोग हतोत्साहित होते जाते हैं , तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है।



☞ **पाइपलाइन के माध्यम से खेतों पर पहुंचाई जाएगी पानी :-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाओं को संचालित कर रही है। मैं खेती-कृषि परिवार से ही आता हूं। पहले हमारे गांव में गन्ने की खेती होती थी, हम लोगों ने खेतों में उगाए गए गन्ने से गुड़ बनते हुए देखा है, लेकिन अब गन्ने की खेती नहीं के बराबर हो रही है इसके कई कारण हो सकते हैं। बहुत किसान ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने खेतों पर से कृषि करना छोड़ दिया है। हमारे राज्य में खेती करने योग्य जमीन की कमी है, राज्य में खेती योग्य भूमि को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। हमारी सरकार अब कई जगहों पर पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार लिफ्ट इरीगेशन की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में सकारात्मक विकास के लिए बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार को साथ चलकर कार्य करने की जरूरत है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक बेहतर और मजबूत कार्य योजना बनाई जाएगी। किसान वर्ग के लोग अधिक से अधिक पैदावार कर सकें और उन्हें बाजार भी उपलब्ध कराया जा सके ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है, इन सभी चीजों पर विचार-विमर्श करते हुए एक बेहतर पॉलिसी बनाने को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से यहां के कृषकों को क्या लाभ मिल रहा है, आने वाले समय में और क्या लाभ दिया जा सकेगा इस निमित्त ब्लूप्रिंट बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषकों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी, समय पर किसानों के बीच बीज खाद का वितरण इन सभी चीजों पर विशेष बल दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में किसान पाठशाला स्थापित की जाएगी, जहां किसान भाई बंधु खेती की आधुनिक तकनीक, पशुपालन, मछली पालन सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण लेंगे । राज्य सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि झारखंड के किसान वर्गों के लोगों को एक लाख से अधिक कुआं

निर्माण योजना का लाभ मिलेगा। नदी तालाब तथा कुआं सिंचाई के पारंपरिक साधन है। बोरिंग कभी-कभी फेल भी हो जाता है, इसीलिए राज्य सरकार द्वारा कुआं निर्माण योजना लाई जा रही है । राज्य सरकार झारखंड में महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ढाई हजार रुपए प्रतिमाह सहयोग राशि प्रदान कर रही है। यह राशि यहां की महिलाओं को आत्मनिर्भर बन रहा है। इस राशि के जरिए राज्य में महिला किसान दीदियां पशुधन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। किसान महिलाएं गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, शूकर पालन, फूल की खेती सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से आय का स्रोत ढूंढ सकेंगी। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सोच है कि कैसे यहां के किसान खेती-कृषि के माध्यम से कृषक उद्यमी के तौर पर उभरे इस निमित्त योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। छोटे-छोटे घरेलू प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर आप व्यवसाय कर सकते हैं। किसानों का मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है बस जरूरत है उन्हें एक बेहतर मार्गदर्शन मिले।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बिरसा कृषि मार्गदर्शिका-2025 पुस्तक का विमोचन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने एग्रोटेक किसान मेला में लगे स्टॉल का परिभ्रमण कर उद्देश्यों की जानकारी ली । मुख्यमंत्री ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, कुलपति, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची डॉ० सुनील चंद्र दुबे, संग अन्य कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।●




# बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू

● **गुड्डी साव**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय 14 फरवरी की शाम रांची पहुंची राष्ट्रपति के रांची पहुंचने को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक पहुंचाने के दौरान पूरे रूट लाइन में रांची पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए उनकी सुरक्षा में 10 आईपीएस के अलावा 1000 पुलिस कर्मियों को तैनात किये गए थे। 14 फरवरी के शाम में राष्ट्रपति का विमान बेंगलुरु से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा वहां से उनका काफिला राजभवन पहुंचा। राज भवन पहुंचते ही राज्यपाल ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति राजभवन में 14 फरवरी के रात्रि विश्राम की और कुछ गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात भी की। 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शामिल हुई। उन्होंने बिआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । उन्होंने स्टूडेंट्स द्वारा परिसर में लगाए गए विज्ञान



प्रदर्शनी का उद्घाटन किया । राष्ट्रपति ने कहा कि आज का युग तकनीक का है। वर्तमान दौर में इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी काफी महत्वपूर्ण है। टेक्नोलॉजी और ह्यूमैनिटीज एक दूसरे के पूरक हैं। बीआईटी ने 70 साल के सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में नई तकनीक अहम है। बीआईटी मेसरा में 1964 में पहला स्पेस और रॉकेटरी डिपार्टमेंट स्थापित हुआ। वर्तमान समय में काफी नये इनोवेशन हुए उन्होंने एआई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि जब से राष्ट्रपति के आगमन की सूचना लोगों को मिली है तब से राज्यवासियों में हर्ष का माहौल है । बीआईटी मेसरा ने लंबा सफर तय किया है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहां के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता से पहचान बनाई है । इन संस्थान ने विद्यार्थियों की सोच को विकसित किया है। वहां कार्यक्रम में भाग लेने के बाद राष्ट्रपति लगभग 12 बजे के करीब निकली और 12 बजकर 40 मिनट पर दिल्ली के लिए रवाना हो गई।●

# सीएम हेमंत के हाथों वेब पोर्टल्स का अनावरण

● गुड्डी साव




मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 18 फरवरी को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग श्री राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड श्री संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

☞ **विभिन्न पोर्टल्स के अनावरण का मुख्य उद्देश्य :-** डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है।

☞ **वेतन निर्धारण पोर्टल :-** महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

☞ **लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :-** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

☞ **मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :-** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी ।राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन



पोर्टल विकसित किया गया है। राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा। रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र साइन्स सिटी के रूप में अपग्रेड करने हेतु 270 करोड़ की परियोजना तैयार की गई है। इसका निर्माण लगभग 25 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। इसके निर्माण से रांची में वैज्ञानिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के दर्शन हेतु वैज्ञानिक प्रदर्शन के साथ-साथ मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध होगा ।

☞ **रांची विश्वविद्यालय, रांची के प्रस्तावित नए भवन का प्रेजेंटेशन :-** रांची विश्वविद्यालय का नया भवन कुल रु० 1100 करोड़ की लागत से रांची जिला के चेड़ी में अवस्थित 87 एकड़ भूमि पर स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में रांची विश्वविद्यालय, रांची के नए परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस नए परिसर में राज्य के 30,000 छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 का उद्देश्य राज्य में छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा के उद्देश्य से झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 गठित की जा रही है। यह नीति उच्च शिक्षा में अनुसंधान के एकीकरण पर जोर देती है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह नीति स्टार्टअप के लिए सीड फंडिंग और अनुसंधान परियोजनाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों के लिए अनुदान प्रदान करती है। रु० 1,280 करोड़ के बजट के साथ यह नीति झारखंड छात्र अनुसंधान एवं नवाचार निधि के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को संस्थान अनुसंधान और इनोवेशन सेल की स्थापना के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। झारखंड को अनुसंधान-आधारित आर्थिक और तकनीकी विकास का एक प्रमुख केंद्र बनाने में यह नीति सहायक होगी।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा की पहुँच को सरल बनाने हेतु मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के उद्देश को सार्थक बनाने की ओर बढ़ाए गए इस ठोस कदम के लिए मैं विभाग के पदाधिकारियों का स्वागत करता हूँ, यहां उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं

पदाधिकारियों को मैं अपनी ओर से बहुत-बहुत आभार एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखण्ड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन महत्वपूर्ण पोर्टल्स की लॉन्चिंग आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के करकमलों से हुआ है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। अब आवेदनों की लंबी परिपाटी और धीमा वर्क कल्चर के इतिहास से निकलना है। अब पोर्टल में किसका आवेदन पड़ा है यह सबके समक्ष प्रदर्शित होता रहेगा। आवेदन करने वालों को पता होगा, उनका आवेदन किसके पास लंबित है और आवेदन प्राप्त करने वाले को भी इसकी जानकारी मिलती रहेगी। मैं स्वयं इसकी निगरानी करूँगा।●

# रांची भाजपा कार्यालय में दिखा दिल्ली की जीत का जश्न

● गुड्डी साव



प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,विधायक सीपी सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल।

☞ **महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में खूब छुटे पटाखे , बंटे लड्डू :-** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आपदा के खिलाफ दिल्ली की जनता का जबर्दस्त जनादेश, मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया, इसके लिए मैं जनता जनार्दन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा के खिलाफ प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास जताया है। श्री मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,गृह मंत्री अमित शाह एवं दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा सहित सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

☞ **मोदी के गारंटी की जीत :-** डॉ रविंद्र कुमार राय भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने दिल्ली की जनता को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दिल्ली की जनताने झूठ और फरेब को बेनकाब कर दिया है। विकास विरोधी और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों को इस जीत से सबक लेनी चाहिए। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी फरेबी



पार्टी आपदा पार्टी को दिल्ली की जनता ने सबक सिखाया है। दिल्ली की जनता ने आप पार्टी को केवल चुनाव नहीं हराया बल्कि अरविंद केजरीवाल को चित से उतार दिया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर और पटाखे छोड़कर कार्यकर्ताओं को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। झूठे वादों और झूठी राजनीति से जनता को बहुत दिनों तक नहीं बरगलाया जा सकता। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि दिल्ली के जनादेश ने राष्ट्रवाद और तीव्र विकास की राजनीति को मजबूती प्रदान की है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अब जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। मोदी की गारंटी अब जमीन पर साकार होगी। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पिछले एक दशक से दिल्ली की जनता को केवल मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाए गए। आज जनता झूठे और भ्रष्टाचारी लोगों को सबक सिखाई है। दुसरी तरफ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा आपदा के पापों से मुक्त हुई दिल्ली। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिल्ली की जनता ने अपना विश्वास जताया । श्री संजय सेठ ने कहा दिल्ली में अहंकार, झूठ, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता की जीत हुई है । यह ऐतिहासिक जीत है । दिल्ली की देवतुल्य जनता को बधाई । दिल्ली के दिल में मोदी है । अब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में दिल्ली का विकास होगा ।●

# अफीम खेती के विनष्टीकरण को लेकर चलाये गये अभियान

● गुड्डी साव





अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण हेतु सरकार एवं माननीय पुलिस महानिदेशक के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में दिनांक–05.02.2025 से 17.02.25 तक "Special drive during cultivation operation against opium" के तहत राँची प्रक्षेत्र के खूँटी, राँची, सरायकेला–खरसावाँ एवं चाईबासा जिलों में अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त 11 पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा जिलों में नेतृत्व की गई। तथा स्थानीय थाना एवं पुलिस मुख्यालय के साथ रांची प्रक्षेत्र के अन्य जिलों से 1500 अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी । इस अभियान के तहत खूँटी जिला के मुरूहु, अडकी, खूँटी, सायको एवं मारंगहादा थाना क्षेत्र में 6473 एकड़ में विनष्टीकरण एवं कुल गिरफ्तारी 55, राँची जिला के बुण्डू, तमाड़, दशमफॉल, राहे, सोनाहातू, नामकुम थाना क्षेत्र में 2484 एकड़ में विनष्टीकरण एवं कुल 19 गिरफ्तारी, चाईबासा जिला के बंदगांव, टेबो, कराईकेला, टोकलो थाना क्षेत्र में 394 एकड़ विनष्टीकरण तथा सरायकेला–खरसावाँ जिला के कुचाई, ईचागढ़, चौका, खरसावाँ थाना क्षेत्र में 520 एकड़ में विनष्टीकरण एवं कुल 12 गिरफ्तारी की गयी । इस प्रकार 13 फरवरी तक इन जिलों में 9871 एकड़ में लगे अवैध अफीम के फसल को विनष्ट करने के साथ संलिप्त कुल 86 आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी है। एक एकड़ अफीम के फसल से करीब 3 से 4 कि0ग्रा0 अफीम की पैदावार होती है। एक कि0ग्रा0 अफीम की कीमत बाजार में 4 से 5 लाख रूपये होती है। इस अभियान के तहत इतने ज्यादा अफीम को बाजार में पहुंचने से बचाया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक, द0छो0 प्रक्षेत्र, राँची के नेतृत्व में दिनांक–13.02.2025 को इस अभियान के तहत राँची जिलान्तर्गत तमाड़ थानान्तर्गत पंचायत कुण्डला के ग्राम–परासी क्षेत्र में अवैध अफीम फसल के विनष्टीकरण की कार्रवाई की गयी। अभियान में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बुण्डू तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी सम्मिलित रहें। इस दौरान आम नागरिकों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए अवैध अफीम की खेती नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची को विशेष शाखा/स्थानीय रूप से प्राप्त सूचना/आसूचना के आलोक में शेष क्षेत्रों में बचे हुए अवैध अफीम की खेती को समुचित संसाधन के उपयोग एवं प्रतिनियुक्त बलों की मदद् से विनष्ट करने का निर्देश दिया गया। इस अभियान में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं बलों को उनके द्वारा किये जा रहे इस सराहनीय कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। अवैध अफीम की खेती के संबंध में आम जनता के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई । एवं सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। आमजनों/ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती करने पर जुर्माना के साथ कठोर कारावास तथा 20 वर्षो तक के अधितक कारावास के प्रावधान होने से भी अवगत कराया गया । इस अभियान का प्रतिदिन मॉनेटरिंग पुलिस महानिरीक्षक, द0छो0 प्रक्षेत्र, राँची के द्वारा भी किया गया ।●

# सांसद संजय सेठ ने किया 1500 जनजातीय भाई-बहनों को महाकुंभ के लिए रवाना

● गुड्डी साव

महाकुंभ में पवित्र स्नान को रांची रेलवे स्टेशन से स्पेशल महाकुंभ ट्रेन से 1500 की संख्या में जनजातीय भाई–बहनें प्रयागराज के लिए रवाना किया । यह यात्रा वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा आयोजित थी। रांची रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर, सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दिया।



उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया। इतनी बड़ी संख्या में जनजातीय भाई–बहनों की महाकुंभ यात्रा भारत की समृद्ध विरासत और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रचार प्रमुख श्री सुनील सिंह, सुशील मराडी, संदीप उरांव, सोमा उरांव, मेघा उरांव, सुदान मुंडा, हिंदुआ उरांव, अंजलि लकड़ा, संगीता लकड़ा, सुलेखा कुमारी, सुजाता मुंडा, सन्नी उरांव, लाला उरांव, राजू उरांव भी मौजूद रहे।●

## रांची नगर निगम की कार्रवाई का दिखा असर




रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में दिनांक 10.02.2025 को निर्देशों का अवहेलना करने पर रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों (One stop service, POJ Furniture) को सील किया गया था। जिसके पश्चात् दिनांक 14.02.2025 को POJ Furniture के द्वारा 25,000 रुपए जुर्माना के साथ-साथ नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया। जिसके उपरांत निगम की टीम के द्वारा प्रतिष्ठान पर किए गए सील को खोला गया।

☞ **प्रशासक ने की नागरिकों से अपील :-** सभी सम्मानित नागरिक अपने भवन के घृतिकर का भुगतान ससमय करें। यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें। अगर अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना सुनिश्चित करें। ● **गुड्डी साव**

## चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन

सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम, तुपुदाना, रांची में डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, डेंटल एक्स-रे आदि चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया। सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत इन चिकित्सा उपकरणों की खरीद करने हेतु 55 लाख 86 हजार राशि की सहायता प्रदान की गयी। मौके पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक श्री कंचन सिन्हा, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक श्री जयंत चक्रवर्ती, सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) श्री आर0के0 महापात्रा, आर0के0 मिशन टी0बी0 सेनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सीएमपीडीआई की इस पहल से रामकृष्ण मिटन टी0बी0 सेनेटोरियम में निदान और उपचार क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी जिससे टी0बी0 और अन्य बीमारियों से प्रभावित रांची एवं इसके आसपास निवास करने वाले स्थानीय समुदायों एवं जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में सुधार होगा। ● **गुड्डी साव**



# स्वास्थ्य मंत्री ने किया हाई पी एंड टी स्टेशन का उद्घाटन

● **गुड्डी साव**


रिंग रोड से हटिया मार्ग के . टोनको में हाई पी एंड टी पेट्रोल पम्प स्टेशन नितिन तिर्की एवं पूजा अमृता उरांव द्वारा संचालित भारत पेट्रोलियम पम्प का उद्घाटन स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप एवं कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पम्प खुलने से पहले पेट्रोल पंप के संचालक के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक सरना गमछा एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से आस पास के ग्रामीणों एवं राहगीर को अब पेट्रोल- डीजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। आसानी से लोग इस नए पेट्रोल पंप से पेट्रोल-डीजल ले सकेंगे। उद्घाटन के मौके पर क्वींस ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजेल मेरिना तिर्की, SP स्पेशल ब्रांच मनीष टोप्पो, ADM रजनी इंदवार, शशि पन्ना, नवा विहान फाउंडर आर. अजय, एक्सक्यूटिव इंजीनियर संदीप तिर्की, डॉ. अलंकार उराँव, जिला परिषद सदस्य रिता होरो, मुखिया जिता कच्छप, कल्याण लिण्डा, माधो कच्छप, लाल मोहितनाथ शाहदेव, अजीत एक्का, शंकर गोप, आयुब अंसारी, अजीत सिंह, अरुण गोप, किशोर कांशी, आकाश तिर्की, विनोद कच्छप एवं अन्य लोग उपस्थित थे।●



# स्मार पत्र देकर बकाया राशि का भुगतान करने का किया गया आग्रह







राधाकृष्ण किशोर
मंत्री
वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य-कर तथा संसदीय कार्य विभाग
झारखण्ड सरकार

मोबाइल नं० : 9431135292
ई-मेल : jh.financeminister@gmail.com

सेवा में,
माननीय वित्त मंत्री,
भारत सरकार,
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

विषय- झारखण्ड राज्य के लिए सहायता अनुदान की राशि तथा कोयला कंपनी द्वारा बकाया राशि उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदया,

आपको विदित हो कि वर्ष 2000 में झारखण्ड राज्य के गठन के उपरांत राज्य के सामाजिक-आर्थिक दिशा में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विकास नहीं हो पाया है। निरंतर झारखण्ड के अधिकांश भाग में सूखा पड़ने के कारण राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था काफी कमजोर हो चुकी है। वर्तमान प्रदेश सरकार झारखण्ड की आधी आबादी महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्बद्ध कृषि प्रक्षेत्र तथा दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, बागवानी इत्यादि योजनाओं को सुदृढ़ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना चाहती है।

आदरणीय महोदया,

जैसा की विदित है कि झारखण्ड राज्य में अनुसूचित जनजाति/जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा सामान्य जाति के आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर लोगों की बहुलता है। राज्य सरकार, राज्य के आंतरिक आय के स्रोतों में वृद्धि कर झारखण्ड वासियों के विकास के प्रति संकल्पित है। परंतु यह केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग के बिना उस उद्देश्य को पूरा करने में समर्थ नहीं हो सकती है, जिस उद्देश्य को लेकर झारखण्ड राज्य का गठन हुआ था।

झारखण्ड खनिज संपदाओं का प्रदेश है। झारखण्ड के राजस्व की निर्भरता का मुख्य स्रोत खान खनिज है। कोल माइनिंग से लगभग 70-80% राजस्व की प्राप्ति होती है।

ज्ञातव्य है कि कोल उत्खनन प्रक्षेत्र में धुले कोयले की रॉयल्टी का बकाया रू. 2,900 करोड़, किसी भी कंपनी की पर्यावरण मंजूरी सीमा तक पहुंच में उत्खनित खनिज की कीमत पर बकाया रू. 32,000 करोड़ एवं भूमि अधिग्रहण संबंधी बकाया रू. 1,01,142 करोड़ है। कुल मिलाकर 1,36,042 करोड़ बकाया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त केंद्र सरकार के द्वारा झारखण्ड को प्राप्त होने वाली सहायता अनुदान की राशि (ग्रांट्स इन ऐड) में वर्ष वार कमी होती गयी है। वर्ष 2019-20 में 12302.67 करोड़ रू., वर्ष 2020-21 में 11993.31 करोड़ रू., वर्ष 2021-22 में 10666.85 करोड़ रू., वर्ष 2022-23 में 10893.54 करोड़ रू., वर्ष 2023-24 में 9146.26 करोड़ रू., वर्ष 2024-25 में 16961.35 करोड़ की राशि के विरूद्ध दिसंबर 2024 तक झारखण्ड को मात्र 4808.89 करोड़ रू. ही प्राप्त हुए।

विदित है कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने 23.09.2024 को पत्र के माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी से बकाया राशि के भुगतान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश देने का आग्रह किया था।

सादर अनुरोध है कि कोल कंपनी द्वारा 1,36,042 करोड़ रू. उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में झारखण्ड राज्य के लिए सहायता अनुदान अनुमानित निर्धारित लक्ष्य 16961.35 करोड़ की शेष राशि 12152.46 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की कृपा करेंगी।

6/2/25
(राधाकृष्ण किशोर)

● **गुड्डी साव**

**07** फरवरी 2025 को झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं कोयला मंत्री श्री किशन रेड्डी से मुलाकात कर झारखण्ड के कोयला उत्खन्न क्षेत्र में 1 लाख 36 लाख करोड़ बकाये राशि के लिए केन्द्र से की गई मांग को लेकर लिखित स्मार पत्र देकर बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड आय के अपने आंतरिक स्रोतों में वृद्धि कर सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए प्रयासरत है। झारखंड राज्य के समुचित विकास के लिए केंद्र द्वारा आर्थिक सहयोग आवश्यक है। दोनों केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। केंद्रीय कोयला मंत्री श्री रेड्डी ने कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्रीमती स्मिता प्रधान को बुलाकर निर्देश दिया कि यथाशीघ्र भारत सरकार के कोयला मंत्रालय तथा झारखंड सरकार के खनन मंत्रालय के अधिकारियों की टीम गठित कर सौहार्दपूर्ण बैठक कर वास्तविक बकाए की राशि की गणना करें ताकि कोयला उत्खनन के शीर्ष में झारखंड को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके।●

# पुलिस अधीक्षक सिमडेगा की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन

● **ओम प्रकाश**

**पु**लिस अधीक्षक श्री सौरव कुमार, सिमडेगा की अध्यक्षता में 14 फरवरी दिन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में, अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। इस सभा के आयोजन में सभी थानों के विगत माह में प्रतिवेदित/निष्पादित काण्डों की समीक्षा की गयी। काण्डों के निष्पादन और उद्भेदन हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सिमडेगा न्यायालय के लोक अभियोजकों एवं सहायक लोक अभियोजकों के द्वारा विगत माह, सजा और रिहा हुए काण्डों पर विचार विमर्श किया गया तथा फेल हुए काण्डों पर समीक्षा की गयी। वहीं बताया गया कि काण्ड किन वजहों एवं कमियों की वजह से फेल हुआ और किन-किन बिंदुओं पर सुधार लाने की आवश्यकता है।

बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जो निम्न प्रकार है :-




☞ अनुसंधान के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कोर्ट के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सही समय पर सम्मन/वारंट का तामिला कराना तथा गवाहों को न्यायालय में उपस्थिापित कराना।

☞ काण्ड के निष्पादन एवं उद्भेदन में सक्रियता के साथ-साथ तेजी लाना और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करना।

☞ अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से रोड फेसिंग सी0सी0टी0भी कैमरा का अधिष्ठापन।

☞ शातिर अपराधकर्मियों/अपराधियों/नक्सलियों का सत्यापन कर उसपर निगरानी रखना।

☞ जमानतदारों का सत्यापन करना।

☞ सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से वाहन चेकिंग करना एवं एम0भी0आई एक्ट के विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करना।

☞ क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यो की निरंतर निगरानी करना।

☞ अवैध शराब के विरूद्ध लगातार छापामारी करना।

☞ कम्यूनिटि पुलिसिंग से संबंधित कार्य करना।

अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा, न्यायालय से सहायक लोक अभियोजक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक(मु0), सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी, तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।●

# 26 डिसमिल जमीन विवाद में फौजी ने कर दी चाचा भतीजे की हत्या



● **ओम प्रकाश**

**रा**जधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में दो युवकों की गोली मारकर हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई । मिली जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में दो लोगों को गोली मारी गई। नगड़ी थाना क्षेत्र के कतरपा गांव मे गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया स। इस गोलीबारी में बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की मौत हो गई। रिम्स में मौजूद मनोज की बहन प्रीति ने बताया कि वह घर में खाना खा रही थी। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई, जब वे लोग दौड़ कर पहुंचे तो वहां बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप दोनों जमीन पर गिरे हुए थे। दोनों को जल्दबाजी में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। 30 वर्षीय मनोज मुंडा और 32 वर्षीय मनोज कच्छप रिश्ते में चाचा भतीजा थे। इधर स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव में शाम के समय सरस्वती माँ की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था। बुधराम मुंडा और मनोज भी विसर्जन जुलूस के काफी पीछे चल रहे थे, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। गोली बुधराम और मनोज दोनों को लगी और वे दोनों जमीन पर गिरकर तड़प रहे थे। गोली किसने मारी यह किसी ग्रामीण ने नहीं देखा। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस अफसर कतरपा गांव पहुंच कर मामले की जांच में जुटे गए। ग्रामीणों से भी घटना को लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा थे और मजदूरी किया करते थे। दोनों को गोली क्यों मारी गई पुलिस के लिए एक बड़ा सवाल था। जिसका जवाब पुलिस तलाश रही थी। फिर काफी खोजबीन और गहन जांच के बाद नगड़ी थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्या मामले मे सनसनीखेज खुलासा हुआ।

✯ **सरस्वती पूजा मुति विसर्जन के दिन हुई थी हत्या :-** बीते 4 फरवरी मंगलवार की रात करीब 9 बजे थाना नगड़ी अंतर्गत ग्राम कतरपा में सरस्वती पूजा मुति विसर्जन एवं जुलूस के दौरान ग्राम कतरपा के ही देवी मंडप से करीब 50 मिटर की दूरी पर बुधराम मुण्डा एवं मनोज कच्छप नामक व्यक्ति को दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गोली मार दिया गया, जिन्हें ग्रामीणो के सहयोग से अस्पताल ले जाया गया, वहां से बेहतर ईलाज हेतु उन्हें रिम्स अस्पताल, राँची रेफर कर दिया गया, जहाँ पर दोनो जख्मियों की मृत्यु हो गयी थी। इस संबंध में मृतक बुधराम मुण्डा की पत्नी भांति कुमारी उम्र करीब 25 वर्ष ग्राम कतरपा थाना नगड़ी जिला राँची के फर्दबयान के आधार पर नगड़ी थाना कांड सं0-20/25 दि0 05.02.25 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1)/61(2) एवं 25 (1-बी) ए/26/27/35 आम्र्स एक्ट दर्ज किया गया था।

✯ **सेना के जवान ने चुराई हुई एके-47 राइफल से की थी हत्या :-** इस सनसनीखेज मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन गिरफ्तारी के बाद जो खुलासा हुआ इससे राँची पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कम्प मच गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मनोज और बुधराम की हत्या एके-47 राइफल से की गई थी। राँची पुलिस की स्पेशल टीम ने कांड के मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के गिरफ्त में आये दोनों अपराधियों ने बड़ा खुलासा किया है।

✯ **इंडियन आर्मी कुपवाडा, जम्मु कश्मीर में जी०डी० के पद पर कार्यरत है हत्यारा जवान :-** गिरफ्तार अपराधियों में एक सेना का जवान है, जो मुख्य आरोपी है। सेना के जवान मनोहर टोपनो ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। बताते चले कि मनोहर टोपनो राष्ट्रिय राईफल 47 इंडियन आर्मी कुपवाडा, जम्मु कश्मीर में जी०डी० के पद पर कार्यरत है। मनोहर टोपनो मूल रूप से इटकी चिनारो पूरियों गांव का रहने वाला है। फिलहाल उसका परिवार नगड़ी के नारो गांव में रहता है। कुछ महीने पहले वह अपने यूनिट से एके 47 राइफल चोरी कर राँची आया था और मंगलवार को उसी राइफल से मनोहर टोपनो ने मनोज और बुधराम की गोली मार कर हत्या कर दी थी। राँची की नगड़ी पुलिस ने मनोहर टोपनो और सुनील कच्छप को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एके 47 और ऐके-47 की छ: जिंदा गोली बरामद कर लि गई है। एक अपराधी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

✯ **जमीन विवाद के कारण हुई हत्या :-** पुलिस ने बताया कि इस दोहरे हत्याकांड को जमीन विवाद के कारण अंजाम दिया गया था। सेना के जवान मनोहर टोपनो ने 2016 में मृतक बुधराम के भाई को दो लाख रुपए 26 डिसमिल जमीन खरीदने के लिए दिए थे। इसी बीच बुधराम के भाई की एक्सीडेंट में मौत हो गई। उसके बाद जब भी सेना का जवान अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए बुधराम के पास जाता तो वह आनाकानी करता। इसी बीच एक बार फिर से बुधराम ने सेना के जवान से दो लाख रुपए लिए और कहा कि इस बार वह उसकी

**टीम में शामिल सदस्य :-**

☞ श्री सुमित कुमार अग्रवाल (भा०पु० से०) पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची।
☞ श्री अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) द्वितीय, राँची।
☞ श्री महे वर प्रसाद सिंह, पु०नि० सदर अंचल पचमी, राँची।
☞ श्री रामनाराण सिंह, पु०नि० - सह - थाना प्रभारी, रातु थाना ।
☞ श्री अनिल कुमार तिवारी, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, ओरमांझी थाना ।
☞ श्री अभिषेक कमार राय, पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी, नगड़ी थाना ।
☞ पु०अ०नि० संदीप कुमार, दलादली ओ०पी०
☞ पु०अ०नि० भाभम कुमार, नगड़ी थाना ।
☞ स०अ०नि० उज्जवल कुमार, रातु थाना ।
10.क्यू०आर०टी० टीम, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।
☞थाना रिजर्व गार्ड, नगड़ी थाना एवं रातु थाना के सशस्त्र बल।

जमीन रजिस्ट्री कर देगा। लेकिन दोबारा पैसे लेने के बाद भी उसने आर्मी के जवान को जमीन की रजिस्ट्री नहीं की, इससे तंग आकर जवान ने उसकी हत्या की प्लानिंग की और अपने एक साथी जवान का AK-47 राइफल चोरी कर उसे अपने एक दोस्त के जरिए राँची मंगवाया और उसी राइफल से बुधराम की हत्या कर डाली। वहीं इस वारदात में मारे गए मनोज की हत्या आर्मी का जवान नहीं करना चाहता था, लेकिन वह बुधराम को मारने के दौरान बीच बचाव में आ गया और उसे पहचान लिया, जिसकी वजह से उसकी भी हत्या करनी पड़ी। बता दे कि आर्मी का जवान बीते माह ही छुट्टी लेकर राँची आया था। 9 फरवरी 2025 को उसे लौटना था लेकिन इसी दौरान उसने घटना को अंजाम दिया और पकड़ा गया।●

# प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ दुकान संचालक गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राजधानी राँची के सदर थाना क्षेत्र में, प्रतिबंधित और नशीली दवाई का कारोबार करने के आरोप में, तिरिल मोड़ कोकर स्थित तान्या मेडिकल हॉल (तान्या फार्मा) में छापामारी कर सदर थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति इलाके में कई साल से युवकों को प्रतिबंधित नशीली दवा बेचने का काम कर रहा था। तलाशी के क्रम में पुलिस को उसके दुकान से Onerex सिरप के 100 एमएल की 30 बोतल और Nitrosum R10 टैबलेट के दस पत्ते मिले। फिर आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से Onerex सिरप की 54 पीस बोतलें, Nitrosum R10 टैबलेट के 1400 पत्ते और Winspasmo (Tm) Forte लिखा 144 पत्ता नशीला कैप्सूल बरामद किया गया। इस सबध मे आरोपी के खिलाफ सदर थाना में काण्ड सख्या-58 /2025, दिनाक-02. 02.2025 धारा-21(c)/ 22 (c) NDPS Act, 27 (b) (ii) Drugs Cosmetic Act-18(c) Rule 1945 दर्ज किया गया।




✯ **गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई :-** बता दे कि सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि उनके थाना क्षेत्र के कोकर इलाके में एक शख्स युवाओं के बीच प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचता है। यह प्रतिबंधित कार्य वह अपने मेडिकल स्टोर से करता है। उसका मेडिकल स्टोर कोकर के तिरिल मोड़ पर है और उस शख्स का नाम शैलेश कुमार है। फिर इस सूचना को रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा तक पहुंचायी गयी। जिसके बाद रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व एवं सदर डीएसपी संजीव बेसरा और थाना प्रभारी कुलदीप कुमार की देखरेख में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने नशीली दवाई की वजह से बढ़ते अपराध और युवकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के मामले में 47 वर्षीय शैलेश कुमार की दवा दुकान तान्या मेडिकल स्टोर पर छापामारी कर उसे रंगे हाथो दबोच लिया। शैलेश दवाई दुकान की आड़ में नशीली दवाई का कारोबार किया करता था। इस दवाई की बिक्री पर प्रतिबंध है,इसके बावजूद भी वो घर और दुकान से चोरी छिपे कारोबार चलाता था।



✯ **सिटी एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी :-** मामले को लेकर राँची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि सदर थाना क्षेत्र में एक दवा कारोबारी प्रतिबंधित दवाई का कारोबार करता है और बड़े पैमाने पर इन दवाओं को लाकर बेचता है। वह एक नशीला टेबलेट व कैप्सूल 30 रुपये तथा 10 एमएल का नशीला सिरप 140 रुपये में बेचता था। उन्होंने आगे बताया कि सदर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि तान्या मेडिकल हॉल में युवाओं को नशीली दवाइयां धड़ल्ले से बेची जा रही है।

✯ **ऐसे पकड़ में आया आरोपी :-** इस सूचना पर पुलिस ने सादे लिबास में अपने एक आदमी को ग्राहक बना कर दुकान में भेजा। जब उसे नशीली दवा बेची जा रही थी, ठीक उसी समय गश्ती दल वहां पहुंचकर संचालक शैलेश कुमार को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार कर लिया। दुकान में जांच करने पर वहां से कम मात्रा में सिरप, टेबलेट तथा कैप्सूल मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि घर में भी उसने काफी मात्रा में नशीली दवा का स्टॉक रखा है। जिसके बाद पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली। पुलिस ने Onerex Syrup 100 ML-84 पीस (30 पीस दुकान से एवं 54 पीस घर से), Nirtrosum R10 लिखा हुआ टैबलेट-1430 पीस (30 पीस दुकान से एवं 1400 पीस घर से) और Winspasmo (TM) Forte लिखा नशीला कैप्सूल-144 पीस घर से बरामद किया।

✯ **प्रतिबंधित दवा का सेवन है जनलेवा :-** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने आगे बताया कि इस तरह की दवाई का सेवन करने से शारीर को कई तरह की हानि पहुंचती है। किडनी खराब हो जाती हैं। दिमाग सुन पड़ जाता है और व्यक्ति की सोचने समझने की शक्तियां समाप्त हो जाती हैं। यही नहीं ज्यादा सेवन करने से व्यक्ति की जान भी जा सकती है। वहीं सिटी एसपी ने शहर में इस तरह के प्रतिबंधित नशीली दवा का कारोबार चलाने वाले को सख्त संदेश दिया है कि अगर इस तरह की दवाइयां को अवैध तरीके से बेचने का कारोबार कर रहे हैं तो बंद कर दें, अन्यथा उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

✯ **टीम में शामिल सदस्य :-** प्रतिबंधित और नशीली दवाई का कारोबार वाले आरोपी शैलेश कुमार को रंगे हाथो दबोचने में सदर डीएसपी संजीव बेसरा, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, एसआई दीपक राणा, निर्भय कुमार, विकास कुमार, एएसआई अशोक नाथ सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सिपाही संतोष कुमार, प्रभाशु कुमार, अनिता कुमारी और सुनिल बाखला की सराहनीय भूमिका रही।●

# रैपिडो चालक को चाकू मारने वाला अपराधी हुआ गिरफ्तार

● ओम प्रकाश



राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया रोड में रैपिडो चालक को चाकू मारकर घायल कर मोबाइल लूटने के मामले में जगन्नाथपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली निवासी केशव सिंह (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक स्प्रिंग लगा चाकू, जिसका वह लूट कांड में वह उपयोग करता था, बरामद किया है। पूछताछ में उसने पुलिस को उसने बताया की लूट के बाद उक्त मोबाइल को उसने तीन हजार रुपए में कैलाश मंदिर रोड चुना भट्ठा निवासी रोहित यादव को बेच दिया था। जिस लड़की ने लूट में उसका सहयोग किया था उसे ही दो बार भगाने का उसपर केस दर्ज है।

**✯ थाना प्रभारी ने दी जानकारी :-** उक्त जानकारी जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी बुधवार को रात्रि समय करीब 10:00-10:30 बजे रेपिडो कर्मी हिनु चौक के पास था, तो उसके रैपिडो ऐप पर हटिया रेलवे स्टेशन रोड से हरमु चौक की बुकिंग का मैसेज आया। पिकअप लोकेशन पर पहुँचने पर वहाँ एक लडकी खड़ी मिली। उसने रैपिडो कर्मी से उसका मोबाईल अपने परिवार से बात करने के लिए मांगा। थोडी देर बाद वहाँ एक लडका पहुँचा और उसपर लडकी से छेडछाड करने का आरोप लगाने लगा। इसमें लडकी भी उसका साथ देने लगी। जब रैपिडो कर्मी अपना मोबाईल मांगने लगा तब वह लडका रैपिडो कमी से मारपीट करने लगा और चाकु निकाल कर उसके हाथ को जख्मी करते हुए बोला कि भाग जाओ नही तो जान मार देंगे। आरोपी ने आगे धमकी दिया कि थाना जाओगे तो जान मार देंगे। उसके बाद रैपिडो कर्मी वहाँ से भागकर नजदीक के होटल के पास पहुँचा। जहाँ स्थानीय लोगो के सहयोग से इलाज के लिए उसे रिम्स पहुंचाया गया। मामले में पंडरा फ्रेंडस कॉलोनी निवासी (मूल रूप से चतरा के टंडवा का) रैपिडो कर्मी विवेक कुमार ने जगन्नाथपुर थाना में अज्ञात लोगों विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

**✯ टीम गठित होने के बाद हुई कार्रवाई :-** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर, राजकुमार मेहता के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर 17 फरवरी दिन सोमवार को संध्या में हवाई नगर रोड नं0-9 से घटना में संलिप्त अपराधकर्मी केशव सिंह को गिरफ्तार किया गया।

**✯ पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद अपना जुर्म कबूला :-** थाना प्रभारी ने आगे बताया कि केशव सिंह ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर सोलंकी रोड नंबर-2 स्थित किराये के मकान में छिपाकर रखा गया चाकू व दो मोबाइल बरामद किया गया। उसने रैपिडो कर्मों से छीना गया मोबाइल तीन हजार रुपये में चूना भट्ठा निवासी रोहित यादव को बेच दिया था। वह मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है।

**✯ आरोपी ने किए चौंकाने वाले खुलासे :-** केशव सिंह ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को और चौकाने वाली जानकारी दी। उसने बताया कि लूट कांड में उसका सहयोग करने वाली लड़की, जिसे वह अपना पत्नी बताता है वह नाबालिग है। उस नाबालिग लड़की के पिता ने भी उसके विरुद्ध अपनी बेटी को भगाने के मामले में दो बार प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहली बार नाबालिग को भगाने के मामले में रातू थाना में केशव सिंह के विरुद्ध 21 मार्च 2024 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद केशव सिंह फिर नाबालिग को लेकर फरार हो गया था। जिसके बाद नाबालिग के पिता ने एक नवंबर 2024 को कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। रैपिडो चालक विवेक कुमार को बुक कर लूटने वाली घटना के दिन भी नाबालिग केशव सिंह के साथ थी। हालांकि पुलिस अभी उस लड़की के बारे में छानबीन कर रही है कि वह कौन थी। हालांकि घटना में शामिल युवती को तीन दिन पहले ही कोतवाली पुलिस ने बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया था। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आरोपी केशव सिंह को जेल भेज दिया है।

**✯ छापामारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी :-** इस कांड में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पु०नि० सह थाना प्रभारी, जगरनाथपुर,श्री दिग्विजय सिंह, पु०अ०नि० विनोद साह, पु०अ०नि० पंकज कुमार, हव0 / 42 सुखदेव यादव, गृह020 मो० हुसैन, और आ० / 3829 अश्वनी कुमार महराणा की सराहनीय भूमिका रही।●

# मोटरसायकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

● **ओम प्रकाश**




राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी से कुछ लोगों के द्वारा लगातार दो पहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। जिस कारण रांची पुलिस के लिए सर यह दर्द बन गया था। इसके बाद लालपुर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई, जिसमें पु0अ0नि0 सत्यप्रकाश उपाध्यक्ष, पु0अ0नि0 सुनील पासवान ( अनुसंधानकर्त्ता) एवं पु०अ०नि० पंकज कुमार शर्मा को शामिल किया गया। टीम को थाना प्रभारी रुपेश कुमार खुद लीड कर रहे थे। टिम के द्वारा अनुसंधान एवं जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति का हुलिया नजर आया। इसके बाद लालपुर पुलिस की टीम पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई । जिसके बाद उस व्यक्ति का हुलिया चिन्हित कर आस-पास के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में निगरानी किया जाने लगा। निगरानी के क्रम ने ऑक्सीजन पार्क मोराबादी के पास सी०सी०टी०वी० फुटेज से चिन्हित किये गये हुलिए वाला एक व्यक्ति हेलमेट लेकर, एक होण्डा पैशन मोटरसाईकिल के पास आया और उसे स्टार्ट करने लगा। उसी दौरान पुलिस ने उसे देख लिया। पुलिस को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी। जिसके बाद थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह और उनकी टीम ने उस व्यक्ति को दबोच लिया। उससे पूछताछ करने पर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसी बीच उक्त मोटरसाईकिल के वास्तविक मालिक भी वहाँ पहुँच गये, जिसे स्पष्ट हो गया कि पकड़ा गया युवक मोटरसाइकिल चोरी करने का प्रयास कर रहा था।





✯ **कड़ी पूछताछ में आरोपी ने किए अहम खुलासे :-** पुलिस ने जब पकड़े गए युवक से सख्ती के साथ पूछताछ की तब आरोपी ने जो बताया उसे पुलिस के होश उड़ गए। आरोपी ने बताया कि शोएब अंसारी उर्फ शोहैब अंसारी जो चान्हो का रहने वाला है। उसके साथ मिलकर चोरी किए गए मोटरसाइकिल को कबाड़ी में कटिंग कर मोटरसाईकिल के इंजन एवं चेचिस नंबर के साथ छेड़छाड़ कर, मोटरसाईकिल मिस्त्री इस्तेयाक अंसारी के सहयोग से बेचने एवं मॉडिफाई करने का काम करते हैं। जिसके बाद पुलिस ने इनके पास से एक चोरी की मोटरसाईकिल एवं इसकी निशानदेही पर मोटरसाईकिल का पार्ट-पूर्जा एवं मोटरसाईकिल को बरामद किया गया और इनके अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

✯ **थाना प्रभारी ने दी जानकारी :-** लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए अभियुक्त में काँके बाजार टांड़, टंगराटोली, निवासी विकास कुमार उर्फ विकास टोप्पो, उम्र 34, मांडर के इश्तियाक अंसारी, उम्र 30, चान्हो थाना क्षेत्र के लुंडरी निवासी तौफीक अंसारी उम्र 24 और बीजूपाड़ा निवासी शमशाद अंसारी उम्र 21 शामिल हैं।इनका पूर्व का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इन लोगों के द्वारा ही मोटरसाईकिल चोर गिरोह को संचालित किया जा रहा था। उन्होंने आगे बताया कि पूर्व में विकास को गिरफ्तार किया था।जिसने मोरहाबादी ऑक्सीजन पार्क सहित अन्य इलाको से 25 बाइक चोरी की बात कबूली थी।

✯ **छापामारी टिम में शामिल पुलिसकर्मी :-** मोटरसाइकिल चोर गिरोह के खुलासा करने में लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह के अलावा, पु0अ0नि0 सत्यप्रकाश उपाध्याय, पु0अ0नि0 सुनील पासवान (अनुसंधानकर्त्ता), पु०अ०नि० पंकज कुमार शर्मा, स०अ०नि० प्रधान हेम्ब्रम, आ0-2099 मुकेश उरॉव (अगरक्षक) और चा०आ० 3518 अजय कुमार की सराहनीय भूमिका रही।●

**पुलिस के द्वारा बरामद सामानो का विवरण :-**

☞ एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल एवं मोटरसाईकिल की कुल 04 अदद चाभी
☞ बिना इंजन का एक ज्टै स्टार सिटी मोटरसाईकिल जिसपर पंजीयन सं0- श्रभ्01ि–6282 अंकित
☞ एक हीरो आई स्मार्ट मोटरसाईकिल जिस पर पंजीयन सं0- श्रभ्01ठट-0352 अकित
☞ एक हीरो होण्डा मोटरसाईकिल जिसमें सुजुकी का इंजन लगा हुआ जिसपर पंजीयन सं०-श्रभ्01ड3602 3र्पा
☞ एक हीरो कंपनी का मोटरसाईकिल का इंजन जिसका इंजन नं0- भ्10ळज्ञभ्म्72418
☞ 25 अदद् मोटरसाईकिल का हैंडल
☞ 07 अदद् मोटरसाईकिल में प्रयुक्त होने वाला बैट्री
☞ 23 अदद् मोटरसाईकिल का शोकर रॉड एवं 11 पीस शोकर स्प्रींग
☞ 04 अदद् मोटरसाईकिल का बैक पाँवदान कैरियर
☞ 04 अदद् मोटरसाईकिल के लेग गार्ड
☞ 10 अदद् मोटरसाईकिल इंजन का कॉपर क्वाईल
☞ 07 अदद् मोटरसाईकिल का कार्बोरेटर
☞ एक लाल रंग का हीरो स्पलेंडर छग्ळ मोटरसाईकिल जिसका चेचिस नं०-डठस्भ्12म्99ळ01522
☞ मोबाईल 02 पीस
☞ मोटर साईकिल का रिंम टायर सहित दो चक्का
☞ काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाईकिल का पेट्रोल टंकी एवं अन्य पार्ट्स बरामद किया है।

# एकतरफा फैसला के चलते मुखिया को मारी गई थी गोली

● ओम प्रकाश





राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में भोरे-भोर सैर पर निकले हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अपराधियों ने गोली मार दी। घायल नन्हे कच्छप को गंभीर हालत में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायरिंग की यह वारदात 23 जनवरी की सुबह करीब 6:30 बजे चरनाबेड़ा गांव में हुई। घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए।

✭ **दाएं गाल पर लगी गोली :-** हालांकि, गोली उनकी दायीं गाल को छेदकर निकल गयी। परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गये, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। वहीं, कुछ देर बाद ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और मुखिया की साइकिल बरामद की। फोरेंसिक टीम ने खून का सैंपल जांच के लिए एकत्र किया। पुलिस के द्वारा शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में शनिचरवा का नाम सामने आया। जिसके बाद DIG सह रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने रुरल एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीम गठित की। गठित टीम ने कांड के 24 घंटे के भीतर संदेही शनिचरवा कच्छप को कस्टडी में ले लिया। वहीं, उसका भांजा निमेश कच्छप फरार पाया गया। कड़ी पूछताछ में शनिचरवा कच्छप टूट गया और पुलिस को बताया कि निमेश ने नन्हे पर गोली चलायी थी। पुलिस के अनुसार, शनिचरवा और उसके छोटे भाई दुकमा कच्छप में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसमें मुखिया नन्हे कच्छप ने दुकमा कच्छप के पक्ष में फैसला दिया था। उस जमीन पर दुकमा ने घेराबंदी के लिए गड्ढा भी खुदवा दिया था। इससे शनिचरवा नाराज था। इधर, गुरुवार सुबह छह बजे जब मुखिया नन्हे कच्छप घर से साइकिल लेकर मॉर्निंग वॉक पर निकले तब घर से करीब एक किमी दूर घात लगाये शनिचरवा व उसके भांजे निमेश ने उनपर फायरिंग कर दी और फरार हो गये। इसके बाद साइकिल छोड़कर घायल अवस्था में चीखते चिल्लाते मुखिया भागते हुए मेन रोड पर पहुंचे और अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल मुखिया को अस्पताल पहुंचाया।





✭ **थानेदार ने दी दबिश, मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर :-** नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद की दबिश की वजह से हाहाप मुखिया नन्हे कच्छप पर फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी निमेश कच्छप ने कोर्ट में जाकर सरेंडर कर दिया। जिसके बाद नामकुम पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए 24 घंटे के लिए रिमांड पर ले लिया। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि निमेष को पुलिस पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने के बाद उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसे जमीन के मामले में शोषण किया जा रहा था। गाँव के शनिचरवा कच्छप उर्फ लालु के द्वारा जमीन बटवारा से संतुष्ट नहीं होने के कारण उसे नन्हे कच्छप पर जानलेवा हमला करना पड़ा।

✭ **एक तरफा फैसला बना हमले का कारण :-** मुखिया नन्हे कच्छप द्वारा दो भाईयों शनिचरवा कच्छप एवं डुकमा कच्छप के जमीन बटवारें में सिर्फ डुकमा कच्छप को जमीन दिया गया तथा बुनियाद कटवाया गया। मुखिया नन्हे कच्छप द्वारा शनिचरवा कच्छप का 20 फीट चौड़ाई एवं 200 फीट लम्बाई का रास्ता भी जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया। इस बात को लेकर कई बार शनिचरवा कच्छप द्वारा मुखिया नन्हें कच्छप को विनती किया गया कि आप मुझे भी मेरे हिस्से का जमीन

दिलवाये एवं मेरे जमीन पर रास्ता बनाकर कब्जा न करें। परन्तु नन्हें कच्छप के द्वारा एक तरफा कार्रवाई किये जाने के कारण नन्हें कच्छप को जान से मारने के लिए एक प्लानिंग के तहत उसपर जानलेवा हमला किया जिससे वे जख्मी हो गए।थाना प्रभारी ने आगे बताया कि निमेश का पूर्व का आपराधिक इतिहास है वह पूर्व में मुर्गा व्यवसायी चटकपुर निवासी करमदेव महतो की हत्या मामले में जेल जा चुका है।

✯ **घटना से 500 मीटर दूर झाड़ी में दबा मिला हथियार :**- बता दें कि गोली चलाने के बाद मुख्य आरोपी निमेश कच्छप ने घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर एक झाड़ी के नीचे जमीन में दबाकर घटना में प्रयुक्त हथियार एवं तीन जिंदा गोली और एक खोखा छुपा दिया था। जिसके बाद उसकी निशान देही पर पुलिस ने हथियार और गोली बरामद किए। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया था। अब पुलिस यह जानने में जुट गई है कि आरोपी को हथियार कहां से मिला। इसकी जांच चल रही है। इस कांड के आरोपियों को दबोचने में मुख्यालय DSP वन अमर कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद और एसआई मिथुन कुमार की भूमिका सराहनीय रही।●

# फिर चढ़े पुलिस के हत्थे बिहार की भाभी जी के देवर

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में बिहार के सासाराम की 'भाभी जी' उर्फ रूबी देवी के और चार 'देवर' यानी चार गुर्गे दबोचे गये। इन चारों को राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मछली चौक के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 17 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन स्मार्ट फोन, एक बाइक और एक स्कूटी जब्त किया है। गिरफ्तार तस्करों में अर्जुन शर्मा उर्फ शेरा, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, रजनीश कुमार सिंह उर्फ राज सिंह उर्फ खैनी और रितेश कुमार उर्फ मिन्नी बताये गये। इन लोगों की उम्र 22 से 28 साल के बीच है। चारो सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं, इनका एक साथी 24 साल का अनिमेश कुमार सिंह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकलने में कामयाब रहा। पुलिस के अनुसार शेरा और शैलेश कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों कई बार जेल भी जा चुके हैं। मगर जेल से निकालने के बाद वे फिर से नशे के धंधे में लिप्त हो जाते थे।



पुलिस के अनुसार शैलेश कुमार पिछली बार जब जेल से बाहर आया तो उसने पुलिस को किसी भी प्रकार के नशे के धंधे से दूर रहने का वादा किया था। इसके साथ ही पुलिस वालों का भरोसा जीतने के लिए उसने पुलिस का मुखबिर बनाकर कई नशे का कारोबार करने वालो की गिरफ्तारी भी करवाई और फिर खुद ही भाभी जी के संपर्क में रहकर नशे के काले कारोबार में लिप्त हो गया। जिसके बाद पुलिस को इस पूरे गोरख धंधे की जानकारी मिली तो शैलेश और गांधी के साथ उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस के सामने कई राज उगले हैं। उन्होंने बताया कि सासाराम की भाभी जी उर्फ रुबी देवी इन सब लोगों को ब्राउन शुगर मुहैया करवाती है। ये लोग सासाराम जाकर नशे का सामान रांची लाते हैं और राजधानी के अलग-अलग इलाकों में खरीद-बिक्री करते हैं। रांची के विद्यानगर, सुखदेवनगर, करमटोली, हरमु मैदान, जगरनाथपुर, हिनू और रेलवे स्टेशन जैसे इलाकों में ये लोग ज्यादा सक्रिय हैं। सभी को NDPS एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस भाभी जी को दबोचने के लिए जाल बिछा रही है। सासाराम की भाभी जी उर्फ रुबी देवी, अर्जुन शर्मा उर्फ शेरा, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, रजनीश कुमार सिंह उर्फ राज सिंह उर्फ खैनी, रितेश कुमार उर्फ मिन्नी और अनिमेश कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आए शैलेश कुमार उर्फ गांधी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और NDPS एक्ट के कुल सात मामले पुलिस फाइल में दर्ज हैं। तीन मामले बरियातु थाना और चार मामले सुखदेवनगर थाना में दर्ज हैं। वहीं, अर्जुन शर्मा उर्फ शेरा के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। इनमें कोतवाली, धुर्वा और सुखदेवनगर थाना में एक-एक मामले दर्ज हैं। इस बात का खुलासा रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस वार्ता में किया। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, सुखदेवनगर थानेदार इंस्पेक्टर मनोज कुमार और महिला थानेदार रेणुका टुडु उपस्थित थे।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को लगातार ड्रग्स तस्करी की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद तेज तर्रार और निडर पुलिस अधिकारी कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय की देखरेख में टीम बनाई गई और नशे के कारोबार पर नकेल कसने का टास्क दिया गया। डीएसपी प्रकाश सोय की देखरेख में गठित टीम ने बीते कुछ दिनों में भी अच्छा प्रदर्शन किया और उम्दा कामयाबी हासिल की थी। इससे पहले भी बीते 13 जनवरी को भाभी जी के तीन देवर यानी गुर्गो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सिटी एसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार ड्रग तस्करों का संपर्क बिहार के सासाराम की रहने वाली कुख्यात महिला ड्रग तस्कर, रूबी उर्फ भाभी जी से है। गिरफ्तार सभी आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे सासाराम की भाभी जी से ब्राउन शुगर लाकर रांची शहर में बेचते है। उन्होंने आगे बताया कि सासाराम की महिला तस्कर रूबी के अलावे रांची के अनिमेष का नाम सामने आया है, जो ब्राउन शुगर की सप्लाई करता है। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं, इन चार तस्करों को दबोचने में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेवनगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार, महिला थानेदार रेणुका टुडु, एसआई सहाबीर उरांव, एएसआई राज कपूर, सिपाही लाली दास और अनिल भेंगरा की सराहनीय भूमिका रही।●

# पूरा कोरेक्स व गांजा पीने को लेकर अभिषेक की कर दी हत्या

● ओम प्रकाश

राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र में 22 जनवरी को हुए अभिषेक हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम आजाद अंसारी, नसीम अंसारी, राजू राय उर्फ मुश्ताक और यूनुस राय हैं। मामले की शिकायत के बाद थाना में FIR दर्ज की गई थी।जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की कड़ी पछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने हत्या में अपना जुलम कबूल कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने कांड में प्रयुक्त खून लगा चाकू, मृतक का खून लगा कपड़ा, मृतक का काला रंग का बैग और मृतक का अन्य सेट कपड़ा बरामद किया था।

✯ **क्या है पूरा मामला :-** पुरानी अदात और अकेले पूरा गांजा व कोरेक्स टान लेने का नतीजा है, अभिषेक सिंह उर्फ बजरंग सिंह का मर्डर। अभिषेक सिंह को बीते 22 जनवरी को 16-17 बार ताबड़तोड़ छुरा मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। उसकी हत्या के इल्जाम में रांची की चान्हों पुलिस ने चार संदेही गुनहगारों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम आजाद अंसारी, नसीम अंसारी, राजू राय उर्फ मुस्ताक राय और युनूस राय बताये गये। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने मर्डर में इस्तेमाल खून लगा छुरा, मारे गये अभिषेक सिंह का खून लगा कपड़ा, मृतक का काला रंग का बैग और एक सेट कपड़ा बरामद किया है। इस बात का खुलासा रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। इस दौरान खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, मांडर के सर्किल इस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी और चान्हों थानेदार चंदन कुमार गुप्ता मौजूद थे।



✯ **ग्रामीण एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, इस पूरे मामले का खुलासा :-** ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बीते 24 जनवरी को मनोरमा देवी ने चान्हों थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी कि उनके बेटे अभिषेक सिंह उर्फ बजरंग सिंह की अज्ञात अपराधकर्मियों ने छुरा मारकर हत्या कर दी है। मामला डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के कानों तक पहुंचा। जिसके बाद ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व और खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी की देखरेख में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने टेक्निकल सेल की मदद ली और टांगर का रहने वाला आजाद अंसारी को उसके ससुराल से उठा लिया। आजाद अंसारी का ससुराल सोपरोम में है। उसने पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल कर लिया। कांड में उसका साथ देने वालों के बारे में भी पुलिस को सबकुछ बता दिया। मिले इनपुट पर पुलिस ने छापेमारी कर नसीम अंसारी, राजू राय उर्फ मुस्ताक राय और युनूस राय को भी गिरफ्तार कर लिया। सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मृतक के सामान और वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल छुरा भी बरामद कर लिया।

✯ **पूरा गंजा अकेले टान लिया था, इसलिए कर दी हत्या :-** गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि आजाद अंसारी और अभिषेक दोनों ड्राइवर का काम करते थे। दोनों कोयला का कारोबार भी करते थे। कोयला का धंधा करने को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गयी थी। बावजूद इसके दोनों साथ में गांजा पीते थे। बीते 22 जनवरी को भी अभीषेक सिंह, आजाद अंसारी और उसके साथियों के साथ गांजा टान रहा था। इस दौरान वह पूरा गांजा अकेले टान गया। वहीं कोरेक्स भी अकेले पी गया। इस बात पर आजाद अंसारी भड़क गया और गांजा काटने वाले छुरा से ही ताबड़तोड़ वार कर अभिषेक सिंह को मौत के घाट उतार दिया।

✯ **छापामारी टीम के सदस्य :-** इन अपराधियों को धर दबोचने में खलारी डीएसपी रामनाराण चौधरी, मांडर के सर्किल इस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी, चान्हों थानेदार चंदन कुमार गुप्ता, एसआई संजय कुल्लू, सुरेंद्र कुमार, श्याम किशोर सिंह, एएसआई संजय कुमार सिंह और अनिल मांझी की सराहनीय भूमिका रही।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेलः- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**

# गहना चोर गिरोह सरगना के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित डिबडीह फ्लाइओवर के समीप कृष्णा ज्वेलर्स से 20 लाख के गहने और 12 हजार नकद की चोरी करने वाले गिरोह का रांची पुलिस ने खुलासा कर सफलता हासिल की है। पुलिस ने साहिबगंज जिले के एक बड़े चोर गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह दिन में घूम-घूम कर कबाड़ खरीदने और बेचने का काम करता था और रात होते ही सोने चांदी की दुकानों को अपना निशाना बनाता था। मामले में पुलिस ने सरगना तफाजुल शेख उर्फ लडडू सहित चार अपराधी और तीन रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इनमें तफज्जुल शेख के अलावा कमरूज जमाल उर्फ मिथुन, सलमान शेख, दाऊद शेख तथा चोरी का सामान खरीदने वाले गुलाब मोहम्मद उर्फ मो अली, मदन व अजय कुमार स्वर्णकार (सभी साहिबगंज के राधानगर थाना क्षेत्र निवासी) शामिल हैं। गिरफ्तार चोरों के पास से 27 पीस चांदी के ताबीज, 4 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी चांदी की बिछिया, 11 पीस चांदी के लॉकेट, 7 पीस चांदी के ब्रेसलेट, 18 पीस चांदी की चेन, 20 जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी का झुमका, 20 चांदी के सिक्के, 45 पीस चांदी की अंगूठी, दो पीस चांदी की धातु, चांदी का ग्लास, प्लेट, सोने की एक जोड़ी कान की बाली, सीसीटीवी का डीवीआर तथा चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया है। तफज्जुल शेख व सलमान शेख विद्यानगर तथा कमरूज जमाल व दाऊद शेख नामकुम थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर घूम-घूम कर कबाड़ खरीदने और बेचने का काम करते थे।

रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने ही एक जनवरी को राँची के डोरंडा स्थित कृष्णा ज्वेलर्स में लाखों के जेवर की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। यह गिरोह ज्वेलरी दुकान से सोना और चांदी चुराने के लिए मशहूर है। पुलिस ने डोरंडा में हुई चोरी के अधिकांश गहने बरामद कर लिया हैं। पुलिस की पूछताछ में सभी चोरों ने बताया है कि वह यूट्यूब देखकर दुकान का शटर तोड़ने की विधि सीखते थे और फिर उसी विधि से दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार सभी चोर राजधानी रांची में किराए का मकान लेकर रहते थे और कबाड़ी का काम किया करते थे। इसी दौरान वे लोगों के घर और दुकानों की रेकी भी किया करते थे और फिर रात में वहां जाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। डीआईजी ने आगे बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ साहेबगंज, गोड्डा तथा रांची जिला के विभिन्न थानों में केस दर्ज हैं। उन्होंने ने बताया कि दो जनवरी 2025 को गोपाल प्रसाद सोनी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिक की में बताया गया था कि 31 दिसंबर 2024 की रात दुकान में सेंधमारी कर चोर 20 लाख के गहने व 12 हजार रुपये चुरा लिये थे। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गये थे। पुलिस आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी के माध्यम से अपराधियों की पहचान करने में जुटी थी। इस बीच डोरंडा पुलिस को जानकारी मिली कि चोरी करनेवाला साहिबगंज का गैंग है। चोरी करने के बाद अपराधी आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र चले गये थे। डोरंडा पुलिस भी उनकी तलाश में उन राज्यों में गयी। वहां से लिंक मिला की सभी अपराधी अपने घर साहिबगंज के राधनगर थाना क्षेत्र में लौट आये है। जिसके बाद डोरंडा पुलिस ने छापामारी कर सभी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर चोरी के जेवर खरीदने वालों को भी गिरफ्तार कर चोरी के लगभग सारे जेवर बरामद कर लिए गए। इस कार्रवाई में डोरंडा थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, संतोष कुमार रजक, आजाद अंसारी, आनंद कुमार साह, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार, पवन कुमार यादव और नरेंद्र कुमार तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ●




# टीएसपीसी का एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची की ओरमांझी पुलिस ने TSPC संगठन के मोस्ट वांटेड उग्रवादी एरिया कमांडर विक्रांत को गिरफ्तार किया है। विकान्त का असली नाम संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ संजीत दास उर्फ विक्रान्त जी है। उसके साथ ही संगठन के लिये अन्य काम करने वाला मनी कुमार भी गिरफ्तार हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार विक्रांत के पास से एक देशी पिस्टल, चार जिंदा गोलियां, एक स्कूटी, मोबाइल विभिन्न कंपनियों के मोबाइल सिम एवं अन्य सामान जब्त किया है। वहीं, मनी कुमार के पास से एक लैपटॉप, मोबाइल और राउटर सहित कई सामान बरामद किये गये हैं। इस बात का खुलासा रांची के डीआईजी सह रांची के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। इस दौरान ग्रामीण एसपी सुमित कुमार, सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव एवं थाना प्रभारी ओरमांझी अनिल कुमार तिवारी मौजूद थे।

एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा स्थित एक क्रशर प्लांट के आसपास 3-4 उग्रवादी बाइक-स्कूटी से घूम रहे हैं। तथा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार के नेतृत्व और सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव की देखरेख में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने छापामारी कर गुंजा स्थित केशर प्लांट में घटना की अंजाम देने हेतु रेकी करने आये अपराधियों में से एक अपराधी को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी व्यक्ति टी०एस०पी०सी० का एरिया कामाण्डर विकान्त जी है, जिसका असली नाम संजीत गिरी उर्फ सजीत दास है। यह पूर्व में एन०एस०पी०एम० संगठित अपराधिक गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा है एवं पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। विक्रांत घटना को अंजाम देने से पहले ने से पहले वहां रेकी करने पहुंचा था। पुलिस को दिये अपने बयान में विक्रांत ने कई

खुलासे किये। उसने बताया कि रांची-रामगढ़ के व्यवसायी, जमीन कारोबारी, ईंट्टा भट्टा कारोबारी और क्रशर संचालकों से वाट्सएप के जरिये कई बार रंगरदारी मांग चुका है। वहीं उसका अगला टारगेट गुंजा का क्रशर प्लांट था। उसने कबूल किया कि बीते आठ जनवरी को ओरमांझी के गुंजा गांव स्थित NEPL क्रशर प्लांट में एक पोकलेन और एक हाईवा को फूंकने और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारधाड़ एवं फायरिंग करने के पीछे भी इसका ही हाथ था। उसने यह भी बताया कि संगठन के लोग रंगदारी मांगने के वास्ते राउटर, जंगी एप, वाट्सएप एवं अन्य सोशल साईट का इस्तेमाल करते हैं। गिरफ्तार संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ संजीत दास उर्फ विक्रान्त जी के बयान के आधार पर मनी कुमार को अरेस्ट किया गया। हजारबाग के विष्णुगढ़ का रहनेवाला मनी कुमार TSPC के लिए पर्चा बनाने का काम करता है। पुलिस द्वारा मनी कुमार



के पास से उग्रवादी संगठन का पर्चा बनाने में प्रयुक्त डेल कम्पनी का लेपटोप एवं एक ओपो कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार विक्रांत के खिलाफ हजारीबाग के केरेडारी थाना में दो संगीन मामले दर्ज हैं। बता दे कि इन अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी से राँची एवं रामगढ़ जिले में हुए कई कांडो का उद्‌भेदन हुआ है। इन दोनों अपराधियों को धर दबोचने में सिल्ली डीएसपी अनुज उरावं, ओरमांझी थानेदार इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, एसआई नितिश कुमार, सतीश कुमार, सिपाही रघुवंश यादव और हरि साव की सराहनीय भूमिका रही।●

# मोबाइल लूटकांड का आरोपी पुलिस के शिकंजे में

● **ओम प्रकाश**



राजधानी रांची की लालपुर थाना पुलिस ने मोबाइल छिनताई करने वाले दो बाइक सवार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपीयों में रांची के बांधगाड़ी दीपा टोली रोड नंबर 5 के रहने वाले ऋतिक कुमार उर्फ रितिक सोनी उर्फ मिक्की उम्र 24 वर्ष और रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के अशोक कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष शामिल है। पुलिस ने उनके पास से चार पीस मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें दो मोबाइल फोन लूट के हैं और और दो मोबाइल का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने घटना के समय इस्तेमाल किए गए एक काले सफेद रंग का टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। दोनों आरोपी इसी बाइक से मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देते थे और मोबाइल लूटकर रफू चक्कर हो जाते थे।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस वार्ता में बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे आरके मार्केट के पास घर लौट रहे एक युवक से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। पीड़ित द्वारा लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर, बाइक की पहचान के आधार पर मिली जानकारी पर, कार्रवाई करते हुए दो आरोपी रितिक सोनी और अशोक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल किया गया बाइक भी बरामद कर लिया। सिटी एसपी ने आगे बताया कि उनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने मोबाइल लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके द्वारा रांची के किशोरगंज, रातू रोड और मैन रोड मैं मोबाइल छिनताई की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी गई। अब पुलिस इस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है की इन लोगों ने और कहां-कहां मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। सिटी एसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से रितिक सोनी का पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड है। जरूरत पड़ने पर इन्हें रिमांड पर भी लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।●

**छापामारी दल में शामिल**

- ☞ पु०नि० सह थाना प्रभारी रूपेश कुमार सिंह
- ☞ पु०अ०नि० जितेन्द्र साहु
- ☞ पु०अ०नि० जिम्मी हांसदा
- ☞ स०अ०नि० उदय कुमार सिंह
- ☞ स0अ0नि0 चन्द्रु उराँव (च्ब्ल-25)
- ☞ आ0- 3140 सत्यनारायण रजक (च्ब्ल-25)
- ☞ चा0आ0- 726 अख्तर हुसैन (च्ब्ल-25)
- ☞ आरक्षी मुकेश कुमार (अंगरक्षक)
- ☞ चालक अजय कुमार

# नॉन स्टेट सिविल सर्विस के छः अफसरों को मिली प्रोन्नति

# रांची के डीआईजी सह एसएसपी की पत्नी बनी आईएएस

● **ओम प्रकाश**

झारखंड कैडर के छह नॉन स्टेट सिविल सर्विस के अधिकारियों के लिए इस नए साल में आई बड़ी खुशखबरी। इनको भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के तहत झारखंड कैडर में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही झारखंड को छह नए आईएएस अधिकारी मिल गए हैं। नए आईएएस अधिकारियों में तीन महिला और तीन पुरुष शामिल हैं, जिसमें कंचन सिंह, प्रीति रानी, सीता पुष्पा, राजेश प्रसाद, विजय कुमार सिन्हा और धनंजय कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को वर्ष 2023 की रिक्तियों की वजह से प्रोन्नति दी गई है।

**✰ रांची एसएसपी की पत्नी बनीं आईएएस :-** आपको बता दें कि आईएएस रैंक में प्रमोशन पाने वाले झारखंड कैडर के छह नॉन स्टेट सिविल सेवा के अधिकारियों में झारखंड पुलिस के डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने सीडीपीओ पद से सेवा की शुरुआत कर इस मुकाम को हासिल किया है। इस लिस्ट में शामिल बिजय कुमार सिन्हा इंजीनियरिंग सेवा से जुड़े रहे हैं। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद संबंधित अधिकारियों को बधाई देने का तांता लगा रहा।



**✰ पति को मिला डीआईजी में प्रमोशन तो वही पत्नी बनीं आईएएस :-** बता दें कि वर्ष 2025 पति-पत्नी दोनों के लिए सौगात लेकर आया। साल की शुरुआत के साथ आईपीएस पति चंदन कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति मिली थी, जबकि पत्नी कंचन सिंह अब आईएएस अधिकारी बन गई हैं। यूपीएससी यानी केंद्रीय लोक सेवा आयोग ने इसके लिए कुल 21 लोगों का इंटरव्यू लिया था। जिसमें से छह को ही प्रोन्नति मिल पाई है। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध झारखंड के छह अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति मिली है, जिसमें कंचन सिंह पहले स्थान पर हैं।

**✰ हर कदम पर पति का साथ मिला :-**



बाकी के दौरान कंचन सिंह ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं अपने पति की वजह से हैं, उन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने इंटरव्यू की तैयारी में भी मेरी मदद की और आज भगवान की कृपा से परिणाम सबके सामने है। कंचन सिंह को भगवान पर अटूट आस्था है। वह साल में दो बार महापर्व छठ करतीं हैं। झारखंड के आईपीएस अधिकारियों में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिंह को आदर्श पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में देखा जाता है।

**✰ पटना साइंस कॉलेज से की पढ़ाई :-** कंचन सिंह ने सरकारी स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास कर आगे की पढ़ाई पटना साइंस कॉलेज से की और बीपीएससी में चयनित हुई। कंचन सिंह 24 वर्षों से समाज कल्याण विभाग में जनकल्याण के कार्यों से जुड़ी हुई हैं। उन्हें कई कल्याणकारी योजनाओं के लिए कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि आज ऐसा लग रहा है जैसे साल 2000 में यूपीएससी में जो मेन्स परीक्षा दी थी, उसका रिजल्ट आज आया है। बता दे कि कंचन सिंह



यूपीएससी की परीक्षा में सफल नहीं हो पाई, लेकिन उन्होंने साल 2000 में बीपीएससी के तहत सीडीपीओ की परीक्षा में सफलता हासिल की।

**✰ लोहरदगा की समाज कल्याण पदाधिकारी को भी मिला प्रमोशन :-** वहीं लोहरदगा जिला की समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा भी आईएएस प्रोन्नत हुई हैं। सीता पुष्पा रांची के कांके की रहने वाली हैं। उनके पति रांची के बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में अधिकारी हैं। जबकि पुत्र रांची लॉ यूनिवर्सिटी में चौथे वर्ष का विद्यार्थी है। बताते चले कि लोहरदगा जिला की समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने एक लंबा समय लोहरदगा जिला में गुजारा है। उन्होंने वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2018 तक लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का दायित्व संभाला। इसके बाद प्रमोशन होने के उपरांत लोहरदगा में फिर से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के पद पर वर्ष 2023 में आई हैं। जिसके बाद से अभी तक यही हैं। उनके आईएएस बनने पर उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

**✰ दायित्व को बेहतर तरीके से पूर्ण करना होगा लक्ष्य :-** सीता पुष्पा ने कहा कि विभागीय दायित्वों को उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में निर्धारित समय सीमा के अंदर शत-प्रतिशत पूरा करने का वह प्रयास कर रही हैं। अभी भी वह समर्पित रूप से काम कर रही हैं। विभागीय योजनाओं को पूर्ण करने में हमेशा उनकी टीम शीर्ष पर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने काम भी किया है। आगे जो भी दायित्व सौंपा जाएगा, उसे बेहतर तरीके से समय सीमा के अंदर पूर्ण करने की ओर उनका लक्ष्य होगा।

बताते चले कि इससे पहले जुलाई 2023 में पहली बार राज्य पुलिस सेवा के 24 पुलिस पदाधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिली थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को पिन और बैज लगाकर सम्मानित किया था। इस मौके पर आयोजित समारोह के दौरान तत्कालीन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाते हुए कहा था कि आपको प्रोन्नति मिलने में थोड़ा विलंब जरूर हुआ, लेकिन यह भी समझना होगा कि 24 पुलिस पदाधिकारियों को एक साथ आईपीएस में प्रोन्नति देने वाला झारखंड देश का पहला राज्य होगा। आपको बता दें कि इसी बैच के कई आईपीएस अलग-अलग जिलों में पुलिस कप्तान की भूमिका निभा रहे हैं।यूपीएससी ने जिन छह अफसरों की लिस्ट अपनी अनुशंसा के साथ झारखंड सरकार को भेजी थी। उसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति मिलने के बाद भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अब नए सिरे से इन अफसरों की बतौर आईएएस पोस्टिंग होगी। ●



# माँ कहलाने की चाहत में कर गई बच्चा चोरी जैसा घिनौना काम

● **ओम प्रकाश**

राजधानी रांची के सदर अस्पताल से चोरी हुई महज तीन रोज की नवजात बच्ची को रांची पुलिस ने खोज निकाला है। वहीं, बच्ची चुराने के इल्जाम में एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम पुतुल उरांव है। वह नरकोपी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस ने बच्ची को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पाहन टोली से रिकवर किया और सही सलामत उसकी मां के हवाले कर दिया। बच्ची को चुराने के बाद आरोपी महिला ने उसे पाहन टोली में एक किराये के मकान में छुपाकर रखा था। इस बात का खुलासा आज डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने किया।

☞ **एसएसपी ने किया पूरे मामले का खुलासा :-** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मीडिया को बताया कि बीते 17 फरवरी को एक नवजात बच्ची के सदर अस्पताल से चोरी हो गयी थी। जिसकी शिकायत लोअर बाजार थाना में दर्ज कराई गयी। जिसके बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व और सिटी डीएसपी वेंकटेश्वर रमण एवं तेज तर्रार माने जाने वाले पुलिस इंस्पेक्टर लोअर बाजार थानेदार दयानंद कुमार की देखरेख में टीम गठित कर इस अनसुलझे मामले को सुलझाने का कार्य सौंपा गया। गठित टीम ने टेक्निकल सेल की मदद ली, फिर स्पॉट के आसपास एवं अलग-अलग रास्तों पर लगे CCTV फुटेज को खंगाला। फुटेज में एक महिला पर थाना प्रभारी दयानंद को संदेह हुआ। उक्त महिला और शख्स को बच्ची की मौसी के साथ अलग-अलग सड़कों से गुजरते देखा गया। इस दरम्यान बच्ची अपनी मौसी के गोद में थी। बता दे कि उक्त महिला एवं शख्स ने मौसी को बहला-फुसलाकर पूजा-पाठ में उलझाया और महिला बच्ची को लेकर फरार हो गयी। गठित टीम ने बेड़ो और नरकोपी इलाके को छान मारा पर बच्ची नहीं मिली। जिसके बाद एक क्लू मिलने पर टीम ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पाहन टोली में रेड मारी और बच्ची को सकुशल रिकवर कर लिया। वहीं एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया।



☞ **आरोपी महिला ने अपना गुनाह कबूल किया :-** गिरफ्तार महिला पुतुल उरांव उम्र करीब 22 साल ने अपना गुनाह स्वीकार करते हुए पुलिस को दिये अपने बयान में बताया कि उसकी गोद सूनी है। वह नि:संतान है। जमाने के ताने से तंग होकर उसने अपने प्रेग्नेंट होने की झूठी अफवाह पूरे गांव में फैलाई और खुद रांची में एक किराये के मकान में रहने लगी। जब प्रेगनेंसी का वक्त पूरा हो गया और मां बनने का समय आ गया तो वह लगातार रांची के सरकारी अस्पतालों के चक्कर लगा रही थी।

☞ **नाटकीय अंदाज में बच्चे की चोरी की :-** 13 फरवरी को आरोपी महिला रांची के सदर अस्पताल पहुंची और लेबर रूम के आस पास घूमती रही। 14 फरवरी को रांची के पिठोरिया के रहने वाली सबिता देवी ने सदर अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। फिर आरोपी महिला उसी बच्चे को चुराने के चक्कर में लग गई। सबिता देवी ने जब बच्ची को जन्म दिया तो अस्पताल में उसकी देखभाल करने के लिए अपनी बहन को बुला लिया। इसी बीच सबिता देवी किसी कारणवश मासूम बच्ची को दूध नहीं दे पा रही थी। इसी बात का फायदा आरोपी महिला ने उठाया। आरोपी महिला ने मासूम की मौसी को यह कहकर कि वह तंत्र-मंत्र से ऐसा उपाय कर देगी की बच्ची सिर्फ अपनी मां का ही दूध पी पाएगी। उक्त बातें कहकर आरोपी महिला ने बच्ची की मौसी को अपने पक्ष में कर लिया। जिसके बाद बच्ची को लेकर उसकी मौसी, आरोपी महिला के साथ रांची के पहाड़ी मंदिर पहुंच गई, जहां आरोपी महिला ने वहां कई तरह के पूजा पाठ करवाएं और फिर बच्ची की मौसी के आंखों में पट्टी बांधकर, उसे घूंघट ओढ़ कर आधे घंटे बैठने को कहा। इसी बीच आरोपी महिला मौका पाकर, दबे पांव बच्ची को लेकर फरार हो गई।

☞ **टीम में शामिल पुलिसकर्मी :-** बच्ची को रिकवर और आरोपी महिला को गिरफ्तार करने में सिटी डीएसपी वेंकटेश्वर रमण, लोअर बाजार थानेदार इंस्पेक्टर दयानंद, सब इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार, सुधीर बारा, कैलाश कुमार मंडल, एएसआई भीम सिंह, शाह फैसल, सिपाही सलीम अंसारी और विवेक कुमार की सराहनीय भूमिका रही। ●

# भूमि सर्वेक्षण क्यों है जरूरी?

## जमीन खरीदते समय क्या-क्या रखें सावधानियां?




● शिवानंद गिरि

आजकल बिहार के प्रत्येक चौक चौराहा, नुक्कड़ों या गांव में भूमि सर्वेक्षण की चर्चाएं चल रही हैं। भूमि सर्वेक्षण 20 अगस्त 2024 में बिहार सरकार ने शुरू किया है जो 31 मार्च 2025 तक चलेगा। एक तरफ बिहार में 22 मार्च 1912 को बिहार और उड़ीसा बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग हुआ था और 1925 में लैंड सर्वे का काम पूरा किया गया था जबकि दूसरी तरफ भारत में केडस्ट्रियल सर्वे 1785 में शुरू हुआ था।

**✯ क्या होता है केडेस्ट्रियल सर्वे?**

केडस्ट्रियल सर्वे जमीन की सीमाओं को तय करने और उनका रिकॉर्ड रखने का काम होता है ,यह जमीन से जुड़े कानूनी मामलों में अहम भूमिका निभाता है। केडस्ट्रियल सर्वे में जमीन की सीमाओं का भौतिक चित्रण किया जाता है साथ ही जमीन के क्षेत्रफल आयाम और कुछ अधिकारों का भी निर्धारण किया जाता है। आज के लोग भूमि सर्वेक्षण के बारे में जानने को बहुत उत्सुक रहते हैं, बिहार सरकार यह मानती है कि अधिकांश दीवानी एवं फौजदारी मुकदमो की जड़ भूमि विवाद है क्योंकि भूमि विवाद के वजह से बहुत सारे लड़ाई झगड़ा एवं हत्याएं हो रही हैंद्य बिहार में जिस गति से जमीन की कीमतें बढ़ी है उसके वजह से भूमि विवाद बढ़ता ही जा रहा है। भूमि सर्वेक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य बिहार के जमीनों का एक डिजिटल नक्शा तैयार करके खतियानों को अपडेट एवं डिजिटल करना है एवं जो व्यक्ति अवैध तरीके से किसी के जमीन पर कब्जा करके रखे हुए हैं उस कब्जे को छुड़ाना भी है। हालांकि बाजार में यह भी अफवाह फैल रही है कि बिहार सरकार भूमि सर्वेक्षण करा कर वैसे किसानों का जमीन हड़प लेना चाहती है जिसके पास जमीन का कागज नहीं है परंतु सच्चाई यह नहीं है, बल्कि सच्चाई यह है कि जो पुराने खतियान आज तक चले आ रहे हैं जिसमें वर्तमान रैयतधारी के दादा परदादा का नाम अभी तक उनके जमीन के खतियान में चला आ रहा है उसको अपडेट करके उनके वंशजों का नाम रजिस्टर वन पर चढ़ाया जा सके। हमारे देश को आजादी 15 अगस्त 1947 को मिली थी उस वक्त जो रजिस्टर वन में जिनका नाम चढ़ा था उसी के अनुसार आज तक पूर्व के रैयत धारी का नाम चला आ रहा है और जो व्यक्ति रैयतधारी के वंशज थे जिन्होंने अपने निजी कार्य के लिए जमीन किसी और के हाथ बेचा तो उस खरीददार का नाम रजिस्टर टू में चढ़ा दिया गया परंतु रजिस्टर वन में कोई सुधार नहीं किया गया और उस जमीन के पूर्व के रैयतधारी का ही नाम रजिस्टर वन पर चढ़ा चला आ रहा है।

**✯ क्या होता है रजिस्टर वन और रजिस्टर टू?**








जमीन के मूल दस्तावेज को रजिस्टर वन कहते हैं जिसमें जमीन के पूर्व के मालिकों का नाम खाता, खेसरा, रखवा मौजा एवं रैयतधारी का नाम का विवरण रहता है परंतु रजिस्टर टु भी सरकारी दस्तावेज है पर वह मूल दस्तावेज का एक कॉपी होता है जिसमें नए खरीदार का दाम पुराने मालिक के नाम को हटाकर उसके जगह पर चढ़ा दिया जाता है इसे दाखिल खारिज करते हैं। गौरतलब है कि नए खरीदार का नाम तो रजिस्टर टु पर चढ़ा दिया जाता है परंतु जमीन के रजिस्टर वन पर जमीन के पूर्व मालिक का ही नाम रहता है उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाता है पर अब भूमि सर्वेक्षण हो जाने के बाद जमीन के खतियान के अलावे रजिस्टर वन में भी सुधार हो जाएगा और पूरी तरह से अपडेट होकर यह दस्तावेज डिजिटल हो जाएगा जिसे कोई भी व्यक्ति बिहार भूमि रिकॉर्ड के वेबसाइट पर सर्च करके देख सकेगा। कुछ लोगों के मन मे यह भी डर रहता है कि वह भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया में किस प्रकार से शामिल हो सकेंगे अगर वह बिहार से बाहर रह रहे हो तो ऐसे स्थिति में आपको बता दें कि वे http://dlrs.bihar.gov.in के वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन फॉर्म भर के अपना भूमि का सर्वेक्षण करा सकते हैं। सरकार ने प्रत्येक मौजा में रैयतधारी की मदद के लिए कानूनगो एवं अमीन की बहाली भी किया है जो आपके मौजा में कैंप करेंगे और जमीन सर्वेक्षण कराने के काम में मदद करेंगे एवं आपको इस संबंध में समुचित जानकारी देंगे। अमीन आपकी जमीन का पैमाईश करके आपसे लैंड सर्वे का प्रपत्र 2 एवं प्रपत्र 3(1) को भरवा कर उसे ब्लॉक में जमा करेंगे और आपका जमीन का नक्शा ऑनलाइन एवं डिजिटल हो जाएगा।

**✰ बिहार में जमीन सर्वेक्षण के लिए कौन से दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है?**

बिहार में जमीन सर्वेक्षण के लिए आपको खतियान, मालगुजारी रसीद, आधार कार्ड, वंशावली, मोबाइल नंबर जमीन से संबंधित कागजात, वसीयतनामा के कागजात जमीन से जुड़ा कोई भी कोर्ट ऑर्डर, आवेदक या हित प्राप्त करने वाले व्यक्ति के वारिस का प्रमाण पत्र ,लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो ,अगर जमीन पूर्वजों के नाम पर थी और अब वे जीवित नहीं है तो उनके मृत्यु प्रमाण पत्र का दस्तावेज, स्व घोषणा पत्र इत्यादि।

**✰ जमीन सर्वेक्षण कराते समय किन-किन बातों का रखें ख्याल?**

जमीन सर्वेक्षण कराते समय कुछ प्रमुख बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए जैसे जमीन से जुड़ी सभी जानकारी, रैयत का नाम ,उनका अंश ,पिता का नाम, खाता नंबर, खेसरा नंबर ,रखवा नंबर ,थाना नंबर, जमीन का प्रकार और जमीन प्राप्त होने का माध्यम इत्यादि के बारे में ठीक-ठाक प्रपत्र 2 और प्रपत्र 3 (1) को भरना चाहिए। बिहार राज्य के कुल 38 जिलों में से 20 जिलों (5,657 गांव को कवर करते हुए) में भूमि सर्वेक्षण लगभग अपने अंतिम चरण में है शेष 18 जिलों (जिसमें 37,384 गांव शामिल होंगे) में सर्वेक्षण की प्रक्रिया चल रही है। 15 अगस्त 1947 में देश के आजाद होने के बाद सन् 1950 में जमींदारी उन्मूलन कानून 1950 लागू करके भारत सरकार जमींदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया था हालांकि कुछ राज्य जैसे उत्तर प्रदेश एवं बिहार इत्यादि के द्वारा अपने राज्य में 1949 में ही जमींदारी उन्मूलन बिल लागू कर दिया गया थाद्य अंग्रेज के जमाने के जो जमींदार होते थे आजादी के बाद उनके काम को अंचल अधिकारी करने लगे अर्थात पूर्व में जो जमींदार होते थे आजादी के बाद जमींदार के पद को बदलकर अंचलाधिकारी का पद सृजित किया गयाद्य बिहार के जमींदार वीर कुंवर सिंह काफी प्रसिद्ध व्यक्ति थे जिन्होंने 1857 के विद्रोह के दौरान अंग्रेजों से लड़ते हुए उनके गोली से जख्मी अपने हाथ को काट कर गंगा जी को अर्पण कर दिये थे।

**✰ कितने प्रकार की भूमि होती है और कौन सी भूमि खरीद बिक्री के योग्य होती है?**

बहुत सारे लोगों ने वैसे जमीन भी गलत तरीके से खरीद लिए हैं या किसी को बेच दिए हैं जिसकी खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है ,इसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी भी कहीं ना कहीं शामिल रहे हैं तो आईए जानते हैं भूमि कितने प्रकार की होती हैं और कौन सी जमीन की खरीद बिक्री हो सकती है एवं जमीन खरीदते वक्त आपको कौन-कौन सी प्रमुख सावधानियां बरतनी चाहिए :-

पहले भूमि जो आप सभी ने नाम सुना होगा जिसका नाम गैर मजरुवा जमीन है ,गैर मजरूवा जमीन भी दो प्रकार के होते हैं गैर मजरुवा आम जमीन एवं गैर मजरूवा खास जमीन। गैर मजरूवा आम जमीन वैसा जमीन होता है जिसे सरकार किसी विशेष कार्य के लिए छोड़े रखती है जैसे नदी, पहाड़, बंजर, पथरीला जमीन इत्यादि उस जमीन पर सरकार हाट-बाजार लगाने के लिए या सड़क निर्माण के लिए या सामुदायिक भवन निर्माण के लिए या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी विद्यालय या किसी अन्य सरकारी कार्य के लिए रखती है ,उस प्रकार के जमीन की

खरीद बिक्री नहीं की जाती है द्य कोई व्यक्ति जमीन खरीदते वक्त पहले जांच कर लिया करें कि क्या वह गैर मजरुवा जमीन तो नहीं है। गैर मजरूवा खास जमीन वैसी जमीन होते हैं जो आजादी के पहले जो एससी एसटी कास्ट के या गरीब व्यक्ति जो जमींदार के यहां सेवक हुआ करते थे जिसे जमींदार ने 1.1.1946 से पहले हुकुमनामा बनाकर उन लोगों को बसने एवं खेती करने के लिए दिया था और आजादी के बाद भी वह जमीन उनके कब्जे में रह गया तो वैसे जमीन को हुकुमनामा से प्राप्त व्यक्ति के द्वारा किसी अन्य को बेचा नहीं जा सकता है उन्हें केवल उस जमीन पर रहने या खेती-बाड़ी करने का अधिकार दिया गया है, अगर कोई व्यक्ति वैसा जमीन खरीद बिक्री करता है तो वह गलत है, सरकार जब चाहेगी उनको उस जमीन से बेदखल कर देगी उस जमीन का रजिस्ट्री नहीं होता है और ना ही उसका माल गुजारी रसीद कटता है।

एक खासमहल का जमीन होता है, यह खास महल का जमीन किस प्रकार का जमीन होता है क्या ऐसे जमीन की खरीद बिक्री की जाती है आईए जानते हैं, इसके बारे में यह आप जान लीजिए की खास महल का जमीन की खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है, कोई व्यक्ति अगर जमीन खरीद बिक्री करता है तो इस बात की जांच अवश्य करले की कहीं वह जमीन खास महल का तो नहीं है क्योंकि खास महल का जमीन पूरी तरह से एक सरकारी जमीन होता है। आजादी के पहले अंग्रेज अफसर अपने निजी कार्य के लिए कुछ जमीन रखते थे जैसे रंग महल बनाना अपने अपने रिश्तेदार परिवारों के लिए घर मकान बनाने, अपने घोड़े के लिए अस्तबल बनाने एवं अन्य किसी कार्य इत्यादि हेतु परंतु जब भारत आजाद हो गया तो अंग्रेज जमीन छोड़कर अपने देश चले गए और उस जमीन मकान या संपत्ति को ही खासमहल का जमीन कहते हैं और उस जमीन पर पूरी तरह से मालिकाना हक सरकार की होती है। एक और जमीन होता है जिसको बकास्त भूमि कहते हैं। बकास्त भूमि की खरीद बिक्री की जा सकती है क्योंकि वकास्त भूमि वह भूमि होता है जो आजादी के पहले जमींदारों की अपनी निजी संपत्ति होती थी और उसके बाद जमींदार के वंशज, उत्तराधिकारी का उस जमीन पर मालिकाना हक प्राप्त हो गया तो स्वभावत: मालिकाना हक प्राप्त व्यक्ति जिन्हें अपने पूर्वजों से जमीन प्राप्त हुआ है ऐसे बकास्त भूमि की खरीद बिक्री वे कर सकते हैं। एक मुख्य जमीन रैयती जमीन होता है जिसकी खरीद बिक्री की जा सकती है यह एक अच्छे प्रकार की जमीन होती है। रैयती जमीन उसे कहते हैं जो किसानों की भूमि है उस भूमि के वंशज अपने हिस्से का जमीन किसी को भी रजिस्ट्री कर सकते हैं तो अगर आप जमीन खरीदना चाहते हैं तो रैयती जमीन ही खरीदें इसमें कोई दिक्कत नहीं होती है एक और जमीन टोपोलैंड का भी होता है टोपोलैंड जमीन की खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है। टोपोलैंड का जमीन नदी का जमीन होता है, समय-समय पर नदी का पानी जब सुख जाता है तो नदी के किनारे या बीच में जमीन निकल आती है तो वैसे



जमीन की खरीद बिक्री नहीं की जा सकती है और उसकी रजिस्ट्री भी नहीं होती है। एक लीज का भी जमीन होता है लीज पर का जमीन को किसी को खरीदने बेचने का अधिकार नहीं है क्योंकि सरकार किसी व्यक्ति, किसी कंपनी, किसी संस्था, किसी फर्म को किसी कार्य को करने के लिए उन्हें लीज पर जमीन देती है और वह केवल उस जमीन का उपभोग कर्ता होते हैं और जमीन के उपयोग करने के एवज में वे सरकार को किराया देते हैं। लीज का एक समय सीमा होता है और समय सीमा समाप्त होने पर लीजधारी व्यक्ति को अपना कब्जा उस जमीन पर से छोड़ देना होता है, कहीं-कहीं स्थाई लीज पर भी जमीन दिया जाता है। ऐसी स्थिति में लीज ध ारी आजीवन उस जमीन पर कब्जा बनाए रखते हैं परंतु वह जमीन के मालिक नहीं हो सकते, उन्हें जमीन खरीद बिक्री का अधिकार नहीं होता है वह केवल उस जमीन का उपयोग कर सकते हैं परंतु जमीन को बेच नहीं सकते हैं। एक केवाला वाला जमीन भी होता है जिसे रजिस्ट्री जमीन कहते हैं ऐसा जमीन जो सही तरीके से रजिस्ट्री कराया गया है और जिसका दाखिल खारिज हुआ है, उस जमीन की खरीद बिक्री की जा सकती है। वैसे जमीन को खरीदने में कोई रिस्क नहीं है परंतु जमीन खरीदने के पहले एक प्रमुख बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि अगर कोई व्यक्ति किसी से जमीन खरीदने जा रहा है तो सबसे पहले उन्हें जमीन का खतियान या ,केवाला वाला जमीन हो तो रजिस्ट्री डीड, वंशावली या लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, करंट मालगुजारी रसीद इत्यादि की फोटो कॉपी मांगनी चाहिए और उसे अंचल कार्यालय से वेरीफाई करवा लेना चाहिए इसके अलावे जमीन खरीद बिक्री का एक हजार रुपए के नन जुडिशियल स्टांप पेपर पर वय बयानापत्र भी अवश्य बनवा लेना चाहिए उसके बाद एक टोकन मनी देकर सर्वप्रथम अमीन को बुलवाकर जमीन का नापी करवा के उसपर टेंपरेरी पिलर डलवा देना चाहिए और कुछ दिनों के लिए उस जमीन पर निगरानी रखना चाहिए कि कहीं उस जमीन पर दिए गए पिलर को किसी ने उखाड़ तो नहीं दिया है। सामान्यत:एक दो महीने में जमीन के खरीदार के पास जमीन की सच्चाई का पता चल जाता है क्योंकि अगर जमीन किसी और की होगी या उसे पर कोई भूमि विवाद होगा तो एक दो महीने के अंदर उसे सूचना मिल जाएगी और वह आपसे संपर्क करेगा तो ऐसी स्थिति में आप उस जमीन को ना खरीदेंद्य अंत में मैं यही कहूंगा कि सावधानी हटी दुर्घटना घटीद्य सावधान रहें सुरक्षित रहें। अपने जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई को लूटने से बचाए, जानकारी ही बचाव है।●

# सौंदर्य के मोती : बाल, त्वचा व रंग


● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होम्योपैथिक अस्पताल फतुहा में किया गया। आज का मुख्य विषय है होम्योपैथी एक संपूर्ण ब्यूटी पार्लर है। सौंदर्य के मोती बाल, त्वचा एवं रंग है। श्रृंगार उसे कहते हैं जो 16 श्रृंगारों से सुसज्जित होती है। श्रृंगार शरीर के 16 अंगों का किया जाता है जो चार चांद लगाते हैं। कुछ स्त्रियों व युवतियों के शरीर के जैसे पैर, हृदय, बाहों, चेहरे , पेट या पीट पर पुरुषों की तरह वाल निकलते हैं।



☞ ऐसा हार्मोन की वजह से भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में थुजा 200 की एक मात्र प्रतिदिन तथा ओलियम 3X दवा नियमित चार-चार गोली दिन में तीन बार लेने से बालों को निकलना बंद हो जाता है। यह दवा दवा नियमित और लंबे समय तक ली जाती है।

☞ मुंहासे के साथ-साथ मुंह से दुर्गंध आती है तो आरम मेट 200 एक बूंद एक बार रोज लें। शारीरिक सौंदर्य एवं देह दृष्टि से सुंदर स्वस्थ और सुडौल स्तन शारीरिक आकर्षण के लिए ओनोसमोडियम 1 एम प्रतिशत का 5 /6 सप्ताह तक लेना चाहिए। यह वक्ष स्थल को सुडौल तथा कठोर बनाती है, साथ ही पौष्टिक आहार भी लेनी चाहिए।



☞ स्तन में दाएं तरफ अबूर्द कोनियम मैकुलेटम 30,बायीं और अबृर्द साइलिसीया 200 ।

☞ महिलाओं को प्रसव पश्चात् पेट लटकने या लकीर हो जाने पर क्रॉक्स 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ चेचक के दाग मिटाने के लिए बेरायोलिनम सी एम । महीना में दो बार।

☞ सिहूली 6 एक बूंद तीन बार रोज। चेहरे पर झुर्रियां साइलिसीया 6 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ पुरुषों को दाढ़ी और मूंछ का नहीं उगना पुरुषों को दाढ़ी मूछ उम्र के हिसाब से स्वाभाविक प्रक्रिया है ऐसे में उन्हें टेस्टिस 3 एक्स कुछ दिनों तक सेवन करने से स्वाभाविक दाढ़ी मूछ निकलने लगती है।

☞ हिलते दांत आरम मेटालिकम 200 कुछ दिनों तक लेने से दांत बैठ जाते हैं।

☞ तोतलाने की अवस्था में काली ब्रोम तथा काली फास 3 एक्स, कास्टिकम 30, कैनाबिस इंडिका 30।

☞ बुजुर्ग को हकलाने पर स्ट्रेमोनियम 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ नाक को कुदेरना या बराबर नकटी निकालते रहना एरम ट्रिफाईलम 30 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ हथेलियां पर मस्सा नेट्रम म्युर 6 एक बूंद तीन बार रोज।

☞ अनावश्यक तिल हटाने के लिए युजेनीया 30

☞ महिलाएं का नाभी उठा रहना बेलाडोना 30

☞ **बालों का झरना :-** एसिड फास 30, सेलीनियम 30 तथा विस्वावडेन 30, एसिड फ्लोर, फास्फोरस, कैल्केरिया फास, विनका माइनर, एपीस मेल, ग्रेफाईटीस, फास्फोरिक एसिड, कालीबाई क्रोम, पेट्रोलियम।

☞ **बाल सफेद होना :-**थायराइडिनम 30/200, पीइलोकार्पस 30

कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें।●

## अभी कलम उठाइये

**आपके सामने हो रहे भ्रष्टाचार एवं अपराध की खबर की समीक्षा करें और सरकार सहित पुलिस-प्रशासन तक उसको पहुंचाने के लिए केवल सच पत्रिका के साथ जुड़े। खबर की जानकारी इस नम्बर पर दें**

**सम्पर्क करें:- 9431073769/8340360961**

**ई-मेल:- editor.kstimes@rediffmail.com पर भेजें।**


# किडनी रोग से अक्रांत हो रहे गांव के युवा

## होम्योपैथी में हैं कारगर इलाज

● डॉ० लक्ष्मीनारायण सिंह

होम्योपैथिक अस्पताल स्टेशन किया गया। जिसका अध्यक्षता मेनका पटेल, मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि किडनी का बीमारी महामारी का रूप लेते जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में क्रॉनिक किडनी रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अब तक इसे खराब खानपान से जोड़ते हुए शहरी क्षेत्र का माना जाता था। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन्हें रोग होता भी था, उसका कारण दवा या अन्य कारणो में ट्यूब्ल्स व इंट्रस्टिशियम में सूजन को भारी धातुओं युक्त पेयजल को मानते थे। आईजीआईएमएस में हुए अध्ययन में इस अवधारणा के विपरीत परिणाम सामने आए हैं। 685 रोगियों पर हुए अध्ययन में 534 रोगियों की आयु 28 से 55 वर्ष थी जिसमें इसकी आशंका कम होती है. इनमें 76.8 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के मरीज थे और 41.02% में इसका कारण हाइपरटेंशन था। वही 31.8% में इसका कारण एंटीबायोटिक एवं एंटी इन्फ्लेमेटरी दवा, पेशाब की मात्रा बढ़ाने वाली दवाओं डाइयुरेटिक्स, वायरस बैक्टीरिया संक्रमण ,आटो इम्यून रोगों, जहरीले पदार्थो या भारी धातुओं के संपर्क में आने से ट्यूबलेस एवं इंटरस्टि शियम में सूजन थी। टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित 23.2% थे। इन किडनी रोगियों में से 11.7% का हृदय रोग वह 4.3% को हाइपोथायराइडिज्म भी थी। डॉ ओम कुमार व डॉक्टर प्रीति पाल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में किडनी रोगियों की संख्या विशेष कर 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग में बढ़ने के कारण हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप को बताया है। उन्होंने कहा कि आज गांव में भी फ्रिज में रखे डिब्बा बंद पेय व खाद सामग्रियों का चलन बढ़ा है। इसके अलावा गंभीर लक्षण उभरने तक गांव में रहने वाले इस आयु वर्ग के लोग बीपी की जांच तक नहीं करवाते हैं ,हल्के-फुल्के लक्षणों के अनदेखी के बाद जब किडनी काफी क्षतिग्रस्त हो जाती है तब उन्हें इसकी जानकारी होती है। घर का बना पोषक आहार ,शुद्ध पेयजल व समय-समय पर बीपी शुगर की जांच कराकर किडनी रोग का खतरा कम किया जा सकता है।

डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा की अपने एवं बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए खाने का सामान के लिए फ्रिज का इस्तेमाल न करें। इस अवसर पर पूनम देवी,कुसुम देवी,आरती देवी, निशांत पटेल,अनिल कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, शोभा देवी,सीमा कुमारी,पूजा कुमारी, शोभा पटेल, ममता पटेल, अनामिका पटेल, अंकुश कुमार, मनीष कुमार , रश्मि पटेल मनीषा कुमारी, अनीता पाटनी, कंचन देवी आदि शामिल हुए।●



**होम्योपैथिक दवा लक्षणों के आधार पर:-**

| लक्षण | दवा |
|---|---|
| शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन सिर, पीठ में चुभन जैसे दर्द, गर्मी सहन न होना, पेट में दर्द, किडनी में सूजन प्यास कम लगना आदि। | एपिस मेलिफिका 6/12, 30 |
| प्यास न बुझना, चेहरा पर सूजन, पीला पेशाब का आना पेशाब में जलन। | आर्सेनिक एल्बम 6/12/30 |
| त्वचा का बढ़ती घटती लालिमा, गर्म, सूजन और चमकदार चेहरा मूत्राशय तक जलन चुभने जैसा ठंडा पानी पीने का इच्छा। | बेलाडोना 30 |
| चेहरा पर फफोला, पेशाब में तीखा गंध भूरे रंग का पेशाब होना यूरिक एसिड के स्तर में वृद्धि। | बेंजोइक एसिड 6/12/30 |
| दोनों किडनी में दर्द के साथ पेशाब करने की लगातार इच्छा, पेशाब करने में असहनीय दर्द, किडनी में सूजन बूंद-बूंद कर पेशाब आना, जिसमें खून भी आना। | कैन्थरिस 30 |
| गर्भावस्था के दौरान किडनी में सूजन चेहरे में रुक-रुक का दर्द होना, मूत्र मार्ग में जलन होना, खुनी पेशाब होना। | मक्यूरियस कोरोसिवस 6/12/30 |
| समूचे शरीर में सुजन ,पेशाब में जलन, खून आना , पेशाब बैगनी रंग का होना। | टेरेबिंथना ओसियम 12/30 |

नोट :- कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें।

# 26 फरवरी को होगी महाशिवरात्री का व्रत एवं पूजा

● ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा

हिन्दु पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव की पूजा करने के लिए यह दिन को सर्वोपरि माना जाता है, इस साल यह पर्व 26 फरबरी 2025, दिन बुधवार को पर रहा है, त्योहार सर्दियों के अंत का भी प्रतीक है,और माना जाता है कि यह शिव और शक्ति के अभिसरण का भी दिन है,सनातन शास्त्रों में निहित है कि महाशिवरात्रि को देवों के देव महादेव और जगत जननी माता पार्वती का विवाह हुआ था, अतः इस दिन का विशेष महत्व है। ये दिन 'गौरी-शंकर' विवाह उत्सव के रूप में मनाया जानाचाहिए। शिवरात्रि को जन्म जन्मांतर तक भ्रमित जीव मात्र को शिव आराधना-पूजा से भय एवं शोक से मुक्ति मिलती है- ***'जन्तुजन्म सहस्रेषु भ्रमन्ते नात्र संशयः'।*** बाबा को पुष्प, बिल्वपत्र, भाँग, धतूरा एवं दूध से जरूर स्नान करवाये, संभव हो तो इस दिन रुद्राभिषेक भी करवाये। इसका फल अन्य दिनों के अपेक्षा काफी ज्यादा फलदाई है! ●



# बाबा जालंधर नाथ की महिमा है अपरम्पार

● अंजु झा

मिथिला में महाकाल के नाम से प्रसिद्ध जिला के गम्हरीया पंचायत अवस्थित रामपुर गांव में तिलावे नदी के तट पर अवस्थित है बाबा जालंधर नाथ शिवलिंग। बाबा जालंधर नाथ शिवलिंग एक स्वयंभू अंकुरित शिवलिंग है जहां आसपास के हजारों भक्त नित्यप्रति पूजन को आते है।ग्रामीणों के अनुसार जहां यह शिवलिंग अवस्थित है वहां एक घना जंगल था जिसमें बैर के वृक्षों का अत्यंत ही सघन झूरमुट के बिच मिट्टी के अंदर शिवलिंग अवस्थित था, वहां आसपास बहुत सारे विषैले सर्प होने के कारण लोगों का आना-जाना नहीं के बराबर होता था, लगभग दो सो वर्ष पूर्व योग-साधना के परम गुरु, बाबा लक्ष्मीनाथ गोसाई जी के एकमात्र योग दीक्षा से पूर्ण शिष्य रघुवर गोसाई जी के वहां से गुजरने के क्रम में उन्हें वहां शिवलिंग होने का आभास हुआ, जिसके बाद ग्रामीणों को साथ कर वहां खुदाई कि गई तो शिवलिंग मिला। गांव से दूर निर्जन एवं जंगली जगह पर होने के वजह से ग्रामीणों ने शिवलिंग को खोदकर गांव लाने का प्रयास किया लेकिन ज्यों खुदाई कि गई शिवलिंग कि मोटाई बढ़ती ही गई जहां शिवलिंग का उपरी भाग काला और गोलाकार था वहीं अंदर का भाग गेहुंआ एवं अष्टभुजाकार हो गया था। लगभग पच्चीस फीट अंदर तक खुदाई करने के उपरांत शिवलिंग के अंदर से विषैले किड़े, बिच्छू, निकलने लगे तब जाकर ग्रामीणों द्वारा खुदाई बंदकर वहां पूजा आरंभ कर दी गई। अभी भी वहां आसपास बहुत सारे विषैले सर्प पाए जाते है, रात्रि के समय तो शिवलिंग के ऊपर कई सर्पो का बसेरा रहता है। हाल के विगत दो वर्ष पूर्व ग्रामीणों के द्वारा जिर्णोद्धार करने के क्रम में पुनः वहां खुदाई करवाई गई जिसमें शिवलिंग का स्वरूप महाकाल स्वरूप में उभरकर आया, साथ ही जो ग्रामीणों में कहा जा रहा था वैसा ही देखने को मिला।



शिवलिंग के चारों और जनेउ का चिन्ह खुदा हुआ है, यूं तो यहां वर्ष के प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन सावन, चतुर्दशी एवं शिवरात्रि को बहुत सारे कांवरियां मुंगेर छर्रापट्टी, अगुवानी एवं महादेवपुर से जल लेकर बाबा जालंधर नाथ का जलाभिषेक करते है। ●

# खुशी

*आकाश सा अपार,*
*अनंत उसका प्यार।*

*वो मेरी पहली खुशी।*
*मेरी हर बात उससे शुरू।*

*बाहों मैं उसको रखना मेरी जन्नत।*
*मेरी दुआ, वो मेरी मन्नत।*

*आंखों मैं उसकी मेरा रूप।*
*मेरा अस्तित्व,उसका प्रारूप।*

*लिखना जो चाहूं,उसका मेरे जीवन*
*में आने का वर्णन।*
*नहीं हैं ऐसे शब्दों का संगम।।*

**प्रांशा राज**



**मेष राशि :-** इस महीने कुछ पारिवारिक समस्याओं में उलझ सकते हैं, जिस कारण आप मानसिक रूप से परेशान दिखाई पड़ेंगे,महीने के शुरू में आप किसी प्रशासनिक कार्य में उलझ सकते हैं, आप पर कोई आरोप लगा सकता है, इसलिए सावधान रहें। सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में आपके विरोधी बढ़ेंगे,इस महीने किसी बड़ी यात्रा पर आप जा सकते हैं।



**वृषभ राशि :-** इस महीने की शुरुआत में आप अत्यधिक भागदौड़ के चलते शारीरिक थकान महसूस कर सकते हैं, कार्यक्षेत्र में भागदौड़ करना इस सप्ताह आपके महत्वपूर्ण सफलता दिला सकता है। परिवार के साथ कहीं बाहर जाने की प्लानिंग की जा सकती है, जिससे परिवार में खुशी दिखाई देगी, इस सप्ताह आप किसी बड़े विवाद से मुक्त हो सकते हैं!



**मिथुन राशि :-** यह महीना आपके लिए खुशियों भरा रहेगा,इस महीने में आपको कोई सुखद समाचार मिलने वाला है, जिससे आप और आपका परिवार प्रसन्न रहेगा, इस महीने आपके परिवार में किसी की जॉब लगने से आर्थिक स्थिति में बड़ा लाभ दिखाई पड़ेगा,यह महीना आप परिवार के साथ पूरा टाइम बिता पाएंगे, इस सप्ताह प्रॉपर्टी आदि खरीदने में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं, जिसके अच्छे परिणाम आगामी समय में आपको दिखाई पड़ेंगे।



**कर्क राशि :-** इस महीने आप काम की तलाश में कुछ परेशान दिखाई पड़ सकते हैं, आर्थिक रूप से यह महीना आपके लिए ठीक नहीं रहने वाला, कुछ पारिवारिक समस्याओं के चलते मन अशांत रह सकता है, यह महीना आपके लिए अत्यधिक परिश्रम वाला रहेगा। आप जिस कार्य के लिए सोच रहे हैं, उसे कार्य के लिए आपको कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।



**सिंह राशि :-** इस महीने आपको कोई महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे निभाने में आप अपनी पूरी शक्ति लगा देंगे, आपके अधिकारी वर्ग व आपके पार्टनर आपके काम के प्रति लगाव को देखकर आपका सम्मान करेंगे,आपको विशेष पदोन्नति मिल सकती है, जिस कारण सामाजिक क्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा, पारिवारिक दृष्टि से यह महीना कुछ परेशानियों से भरा रहेगा



**कन्या राशि :-** आप बहुत दिनों से जिस कार्य के लिए प्रयास कर रहे हैं, वह कार्य पूरा हो सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा, साथ ही इस महीने आप अपने कार्य के लिए बाहर की लंबी यात्रा कर सकते हैं,इस यात्रा में किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात आगामी समय में सफलता का मार्ग खोलेगी।



**तुला राशि :-** इस महीने कार्यक्षेत्र में आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा,आपके विरोधी आपके कई चुनौतियां पैदा कर सकते हैं, लेकिन अपनी कार्यकुशलता के चलते आप इन्हें सहजता से पार कर लेंगे, इस महीने पारिवारिक दृष्टि से परिवार में पुराने चल रहे मतभेद दूर होंगे, आपको अपनी पैतृक संपत्ति में अपना अधिकार मिल सकता है, जिस कारण आप खुश दिखाई पड़ेंगे।



**वृश्चिक राशि :-** जिस काम के लिए आप बहुत दिनों से कोशिश कर रहे हैं, उसमें आपको बड़ी सफलता मिल सकती है, परिवार वह मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा,इस महीने के पूर्वार्ध में आपको कोई विशेष पदोन्नति मिल सकती है, आपका स्वभाव और कार्यशैली को देखते हुए किसी बड़े कार्य में आपको हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है।

# आपका राशिफल

**पंडित तरुण झा**

**ज्योतिषचार्य**

**( ज्योतिष, वास्तु एवं रत्न विशेषज्ञ )**

**ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान**

**प्रताप चौक, सहरसा-852201,**

**( बिहार )**

**मो० :- 9470480168**





**धनु राशि :-** जिससे भविष्य में आपको बड़े लाभ की स्थिति निर्मित होगी, इस महीने सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में आपको विशेष पद की प्राप्ति हो सकती है। न्यायालय पक्ष में चल रहे विवाद में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार में किसी बात को लेकर बड़ा मतभेद हो सकता है, जिसके कारण परिवार में विरोधाभास की स्थिति निर्मित होगी।



**मकर राशि :-**जिस घर में परिवार में खुशी का माहौल दिखाई पड़ेगा। साथ ही आपको कोई बड़ी प्रॉपर्टी या बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है, इस महीने आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं,साथ ही आपको कोई बड़ा पद दायित्व सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में मिल सकता है, परंतु आपके विरोधियों की बढ़ोतरी होगी, आपको अपमानित करने के लिए कोई बड़ा षड्यंत्र बनाया जा सकता है।



**कुंभ राशि :-** आप किसी विशेष कार्य के सहभागी बन सकते हैं। साथ ही आपके व्यवहार के कारण सामाजिक क्षेत्र में आपका कद बढ़ेगा,वह आपको कोई राजनीतिक व्यक्ति के संपर्क में आने से कोई बड़ा पद दायित्व मिल सकता है,इस महीने परिवार को लेकर आप प्रसन्न दिखाई देंगे, पुराने सारे विवाद खत्म होंगे व परिवार के साथ एक सुखद माहौल आप महसूस करेंगे।



**मीन राशि :-** आप अपने कार्य के प्रति समर्पित दिखाई देंगे, लेकिन अत्यधिक परिश्रम करने के बाद भी आपको मनचाही सफलता मिलने में संदेह रहेगा। महीने के उत्तरार्ध में आप किसी पुराने विवाद से मुक्ति पाएंगे, जिससे परिवार में माहौल अच्छा रहेगा,इस महीने बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप कुछ परेशान नजर आएगी। अतः उनकी पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए आपको बड़ा डिसीजन ले सकते हैं, जिस कारण आपको आपका निवास स्थान बदलने पड़ सकता है।

**✯ अगर समय से क्रिमिनल केस का ट्रायल पूरा नहीं होता है तो उसके लिए क्या कानूनी प्रक्रियाएं हैं?**

अगर क्रिमिनल केस का ट्रायल समय पर पूरा नहीं होता, तो नए कानून के मुताबिक, कई तरह की समय सीमाएं तय की गई हैं:

आरोपी को सात दिन के अंदर अपील करने का अधिकार है :-

☞ न्यायाधीश को सात दिन के अंदर सुनवाई पूरी करनी होगी।

☞ ट्रायल पूरा होने और बहस पूरी होने के बाद, अदालत को 30 दिनों में फैसला सुनाना होगा।

☞ लिखित रूप से कारण दर्ज करने पर, फैसला देने की अवधि 45 दिन तक हो सकती है।

☞ सुप्रीम कोर्ट के अपील खारिज करने के 30 दिनों के अंदर दया याचिका दाखिल करनी होगी।

इसके अलावा, नए कानून के मुताबिक, केस में दस्तावेजों की प्रक्रिया को भी 30 दिनों में पूरा करने की समय सीमा दी गई है। नए कानून के तहत, अगर आरोप तय होने के 30 दिनों के अंदर आप अपना गुनाह स्वीकार कर लेंगे, तो सजा कम होगी.

**✯ जानिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 ( BNSS- 358 ) का कानून क्या कहता है ?**

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 319 (BNSS-358)के तहत, किसी अपराध की जांच या सुनवाई के दौरान, अगर किसी व्यक्ति के बारे में सबूत मिलते हैं कि उसने कोई अपराध किया है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है. इस धारा के तहत, आरोपी के साथ मिलकर मुकदमा चलाया जा सकता है।

सीआरपीसी की धारा 319 (BNSS-358) से जुड़ी कुछ खास बातें:-

☞ इस धारा के तहत, अगर किसी व्यक्ति का नाम एफआईआर में नहीं है, लेकिन उसकी संलिप्तता के पर्याप्त सबूत हैं, तो उसे आरोपी बनाया जा सकता है।

☞ इस धारा के तहत, आरोपी को तलब करने के लिए मजबूत और विश्वसनीय सबूत होने चाहिए।

☞ इस धारा के तहत, समन किए गए व्यक्ति को आरोपी के रूप में शामिल करने से पहले सुनवाई का अवसर देने की जरूरत नहीं होती।

☞ इस धारा के तहत, आरोपी को तलब करने में मशीन की तरह काम नहीं करना चाहिए।

☞ इस धारा के तहत, शक्ति का इस्तेमाल दोषसिद्धि के मामलों में सजा सुनाए जाने से पहले या दोषमुक्ति का आदेश देने से पहले किया जाना चाहिए।

**✯ क्या कोई माता-पिता अपने ही बच्चों के अपहरण का दोषी बन सकता है?**

हिन्दुओं में सुस्थापित और प्रचलित रूढ़ी के अनुसार कोई विवाहिता नाबालिग लड़की जब तक बालिग नहीं हो जाती है, तब तक यदि वह धर्मज संतान है तो अपने पिता के संरक्षण में रहेगी और यदि वह अधर्मज संतान है तो अपनी माँ की संरक्षकता में रहेगी और यदि दोनो में से कोई एक बिना किसी दूसरे के सहमति के जिनके संरक्षकता में बच्चा है। उक्त बच्चा को ले जाता है तो वह माता या पिता व्यपहरण का अपराधी माना जायेगा और यदि किसी विवाहिता लड़की की आयु 15 वर्ष पूरी हो गई हो तो उसका विधिपूर्ण संरक्षक उसका पति होता है और यदि ऐसी कम उम्र की लड़की का पिता उसके पति के सहमति के बिना उसकी संरक्षकता में से ले जाता है तो, उसे भारतीय दंड संहिता की


# शिवानंद गिरि

**( अधिवक्ता )**

**Ph.- 9308454485**
**7004408851**

**E-mail :-shivanandgiri5@gmail.com**




धारा 361 के अधिन व्यपहरण का अपराध किया माना जायेगा। भले ही उस पिता का आशय ऐसा करने में अपराधिक न रहा हो।

और यदि कोई स्त्री जुडिशियल सिप्रेशन के तहत अपने पति से अलग अपने बच्चे के साथ रह रही हो और ऐसी स्थिति में पिता उस बच्चे को बिना माता के सहमति के ले जाता है तो वह पिता भी अपहरण का दोषी होगा।

मुस्लिम विधि के अनुसार यदि पिता सात वर्ष से कम आयु के किसी पुत्र को अथवा कम उम्र के किसी पुत्री को यदि वह सुन्नी है अथवा सात वर्ष की कम आयु की है। यदि वह सिया है अथवा किसी अधर्मज संतान को उसकी माँ की अभिरक्षा में से ले जाता है तो उसके बारे में यह माना जा सकता है कि उसने अपने ही संतान का व्यपहरण किया है। क्योंकि माँ ही विधिपूर्ण संरक्षक मानी गई है। सुन्नी विधि के अनुसार माँ अपनी पुत्री की संरक्षिका तब तक रहती है, जब तक की वह पुत्री 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेती है।

**✯ कमलेश कुमार एवं पी.एल. खेतान एक व्यापार में पार्टनर थे और कमलेश एण्ड पी.एल. खेतान कंपनी के नाम से बिजनेश करते थें। कमलेश और पी.एल. खेतान के बीच यह तय हुआ कि वे कंपनी की कुछ संपत्ति पचास हजार रूपये में बेच दे और इसका दायित्व कमलेश कुमार को दिया गया। कमलेश कुमार उस संपत्ति को 60 हजार रूपये में बेचा और कंपनी को केवल पचास हजार रूपये ही दिया। तब पी.एल. खेतान ने कमलेश कुमार से दस हजार रूपये और कंपनी को देने को कहता है, तो क्या कमलेश कुमार उक्त दस हजार रूपया कंपनी को देने के लिए बाध्य है, जबकि जितना पैसे का करार हुआ था, उतना तो उसने कंपनी को दे दिया?**

कमलेश कंपनी को दस हजार रूपये देने के लिए बाध्य है, क्योंकि भागिदारी का गठन पारस्परिक विश्वास के आधार पर होता है और भागिदार फर्म के कारोबार को अधिकत्तम संयुक्त लाभ के लिए चलाने को बाध्य है। इस संबंध में भागिदारी अधिनियम की धारा 9 में प्रावधान है कि भागिदार सर्वाधिक सामान्य लाभ के लिए फर्म के कारोबार को चलाने एक-दूसरे के प्रति विश्वास परायण और वफादार रहने तथा प्रत्येक भागिदार या उसके विधिक प्रतिनिधि को सच्चा लेखा और फर्म पर प्रभाव डालने वाली सब बातों की पूरी जानकारी देने के लिए बाध्य है। इस घटना की दृष्टि से कमलेश कुमार, पी.एल. खेतान के प्रति विश्वासी और वफादार रहने तथा फर्म के संबंध में सच्चा लेख प्रस्तुत करने को बाध्य है। कमलेश कुमार फर्म की संपत्ति पचास हजार रूपये के बदले साठ हजार रूपये में बेचा। शेष दस हजार रूपये अपने पास रख लिया। जो कि विधि पूर्ण नहीं है। इसलिए वे फर्म का दस हजार रूपया कंपनी को देने के लिए बाध्य है।

# जन-जन की आवाज है केवल सच

निर्भीकता हमारी पहचान
केवल सच
हिन्दी मासिक पत्रिका

Kewalachlive.in
वेब पोर्टल न्यूज
24 घंटे आपके साथ

Kewalsach news
www.kewalsach.com
Kewalsach news
Mob.: 9431073769, 9308815605
खबर वहीं, जो केवल सच हो

केवल सच TIMES

## आत्म-निर्भर बनने वाले युवाओं को सपोर्ट करें

### आपका छोटा सहयोग, हमें मजबूती प्रदान करेगा



BHIM UPI
G Pay Paytm

www.kewalsach.com www.kewalsachlive.in

-: सम्पर्क करें :-

पूर्वी अशोक नगर, रोड नं.-14, मकान संख्या-28/14,
कंकड़बाग, पटना ( बिहार )-800020, मो०:-9431073769, 9308815605

# WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.
## (Serving nation since 1990)




WESTOCITRON
WESTOCLAV
WESTOFERON
WESTOPLEX
QNEMIC

AOJ
AZIWEST
DAULER
MUCULENT
AOJ-D
BESTARYL-M
GAS-40
MUCULENT-D













SEVIPROT
WESTOMOL
WESTO ENZYME
ZEBRIL

WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.

Dispersing Happiness

## WESTERLIN DRUGS PVT. LTD.

Industrial area, Fatuha-803201
E-mail- westerlindrugsprivatelimited@gmail.com
Phone No.:0162-3500233/2950008